हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

लौह-पुरुष सरदार पटेल का संकल्प, हमारी प्रेरणा

नमन उन जांबाज़ों को, जिन्होंने बनाए रखी हमारी अखंडता





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026

आइए एकता नगर, गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ भव्य परेड में शामिल होकर भारत को नक्सल-मुक्त बनाने में योगदान देने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों के शौर्य, साहस और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करें

परेड के मुख्य आकर्षण

- नक्सल-विरोधी अभियानों में जुटे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों की परेड
- नक्सल-विरोधी अभियान का श्वान दस्ता
- जीवंत झाँकियाँ - जन संकल्पना से सृजित
- नक्सल-मुक्त भारत पर आदिवासी कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति
- 5,000 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति
- विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन
- नशा-मुक्त भारत का संदेश देती राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली
- भव्य आतिशबाज़ी

सुबह 9.00 बजे प्रधानमंत्री जी के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की पद-पूजा और शाम 5.30 बजे से परेड का डीडी न्यूज़ पर प्रसारण

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें
rashtriyaektadiwas.com

CBC 19101/13/0029/2627

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

13 न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा स्कोर...



विचार पेज

06 संवैधानिक प्रक्रिया से परहेज...

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार गरीबी में कमी आने का सिलसिला जारी रहने का अनुमान

भारत में तेजी से घट रही गरीबी... करीब 50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

अत्यधिक गरीबी (3.00 डॉलर प्रतिदिन) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत हो गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने गरीबी में बीते एक दशक में दुनिया की सबसे तेज गिरावट में से एक दर्ज की है और देश में 2011 से 2023 के बीच करीब 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह जानकारी वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट में दी गई वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में बताया गया कि 2011 से 2023 के बीच निम्न-मध्यम आय वर्ग (4.20 डॉलर प्रति दिन, 2021 पीपीपी) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 57.7 % से घटकर 16.1 % हो गई है। अत्यधिक गरीबी (3.00 डॉलर प्रतिदिन) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 27.1 % से घटकर 2.6 % हो गई।

अच्छी खबर



एआई इमेज

रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि

हाल के समय में, 2017 से 2023 के बीच, रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि हुई। यह कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि का लगभग दोगुना है। इस बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण महिलाओं के वेतन वाले काम में आने से आया है, जिससे प्रति परिवार कमाने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है।

वेतन में असमानता अभी भी काफी

रिपोर्ट में देश में गरीबी में गिरावट की मुख्य वजह खपत में मजबूत वृद्धि, रोजगार में बढ़ोतरी (विशेषकर महिलाओं के बीच), और खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक हस्तांतरणों के विस्तार को बताया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में कमी आने का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है, हालांकि इसकी गति थोड़ी धीमी रहेगी। 4.20 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा पर के नीचे रहने वाले लोगों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 2026 में 14.2 प्रतिशत से घटकर 2028 तक 12.1 प्रतिशत पर पहुंचने की उम्मीद है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, जैसे-जैसे गरीबी कम हुई, यह उन परिवारों के बीच अधिक केंद्रित होती गई, जिनका शिक्षा का स्तर कम था, जिनके पास संपत्ति कम थी, जिन्हें स्थिर रोजगार के अवसर कम मिले थे और जिन पर आश्रितों का बोझ अधिक था। हालांकि, वेतन में असमानता अभी भी काफी अधिक है। 2023 में, सबसे अधिक कमाने वाले 10 प्रतिशत कामगारों की मीडियन कमाई, सबसे कम कमाने वाले 10 प्रतिशत कामगारों की तुलना में लगभग 13 गुना थी।

खबर संक्षेप

वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आज से



नई दिल्ली। वाराणसी और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शनिवार से आम यात्रियों के लिए शुरू होगी। यह उत्तर प्रदेश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है। ट्रेन रात करीब 9 बजे वाराणसी से रवाना होकर सुबह 6 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ और गाजियाबाद में इसका ठहराव होगा। ट्रेन में आरामदायक बर्थ, चार्जिंग पॉइंट सहित सीसीटीवी निगरानी जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

अनंत सिंह की जमानत रद्द कल तक सरेंडर का आदेश



नई दिल्ली। बिहार के चर्चित दुलारचंद यादव हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने मोकामा विधायक अनंत सिंह की जमानत रद्द कर दी है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें एक दिसंबर तक सरेंडर करने का आदेश दिया। पटना हाईकोर्ट ने इस मामले में अनंत सिंह को जमानत दी थी, जिसे दुलारचंद यादव के पोते नीरज कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। दुलारचंद यादव की 30 अक्टूबर 2025 को हत्या हुई थी।

यूएई-सिंगापुर में अब यूपीआई से भुगतान



नई दिल्ली। यूएई और सिंगापुर जाने वाले भारतीय पर्यटक अब यूपीआई के जरिए बुर्ज खलीफा और रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा में ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे। एनपीसीआई ने इसके लिए दोनों देशों में रणनीतिक साझेदारी की है। यूएई में नियोपे और एमार एंटरटेनमेंट के सहयोग से बुर्ज खलीफा में यह सुविधा शुरू हुई है। वहीं, सिंगापुर में फोमो पे के साथ मिलकर रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा में यूपीआई पेमेंट की सुविधा दी है।

राहुल ने कहा- लोगों को रोका जा रहा, ज्ञानेश पर 'जन महाभियोग' आज दोपहर

मिंटो रोड से शुरू होगा इंडिया ब्लॉक का 1 नवंबर का 'चलो दिल्ली' मार्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया ब्लॉक का 1 नवंबर को चलो दिल्ली मार्च दोपहर 12 बजे मिंटो रोड-कनॉट प्लेस जंक्शन से शुरू होकर रामलीला मैदान पहुंचेगा। मार्च वोट चोरी, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर होगा। वहीं, ज्ञानेश कुमार के जन महाभियोग (पब्लिक इम्पीचमेंट) कार्यक्रम को बारिश के कारण शनिवार सुबह तक टाल दिया गया है। अब शनिवार को इसका समय दोपहर 2:30 बजे तय किया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी' सत्र के दौरान यह जानकारी दी। विपक्षी गठबंधन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी कर रहा है। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची में अनियमितताएं हुई हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के पद से हटने की उल्टी गिनती तेज हो रही है। उन्होंने उन पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के निर्देश पर भारत के संविधान को कमजोर करने और नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने छात्र संगठनों से भी अपील की थी कि वे अपनी राजनीतिक एफीलिएशन की परवाह किए बिना इस मार्च में शामिल हों। सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने भी केंद्र सरकार पर राजधानी में 'मार्शल लॉ जैसी स्थिति' पैदा करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने भी केंद्र सरकार पर राजधानी में 'मार्शल लॉ जैसी स्थिति' पैदा करने का आरोप लगाया

राहुल ने छात्र संगठनों से कहा-देश के लिए वे भी आएं



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते राहुल सहित विपक्षी सांसद

- *शुक्रवार का जन महाभियोग बारिश के कारण टाला*
- *कांग्रेस का दावा-करीब 10 लाख लोग रैली में आएंगे*

रैली रोकने की साजिश : कांग्रेस

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाली रैली को रोकने के लिए कई राज्यों में कोशिशें की जा रही हैं। रैली में शामिल होने के लिए दिल्ली आने वाले लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है। पवन खेड़ा ने खासतौर ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

क्या है 'जन महाभियोग' कार्यक्रम?

यह कार्यक्रम चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष के विरोध का हिस्सा है। 'जन महाभियोग' एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिनगर में जुटेंगे सिख समाज के हजारों लोग

कांग्रेस की रैली के विरोध में भाजपा निकालेगी मार्च

कांग्रेस की प्रस्तावित रैली के विरोध में दिल्ली भाजपा एक नवंबर को पश्चिमी दिल्ली के सिख बहुल क्षेत्र हरिनगर में विरोध मार्च निकालेगी। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मार्च का नेतृत्व करेंगे। इसमें सिख समाज के हजारों लोगों के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। दिल्ली भाजपा ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीआईएमएसएमई ने गृह मंत्री शाह को सौंपा ज्ञापन

दिल्ली के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों में विरोध प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए चेंबर ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (सीआईएमएसएमई) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि कनॉट प्लेस, रामलीला मैदान और आसपास के प्रमुख ▶▶ शेष पेज 4 पर

- दिल्ली का कारोबार होगा प्रभावित

राहुल के बाद अब सोनिया गांधी को लिखा पत्र

एक नवंबर को प्रस्तावित विपक्ष की रैली को लेकर चेंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने राहुल गांधी के बाद अब सोनिया गांधी को पत्र लिखा है। सीटीआई ने आशंका जताई है कि 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को रैली के चलते दिल्ली में कारोबार ठप हो सकता है। इससे राजधानी के करीब 20 लाख ▶▶ शेष पेज 4 पर

- 10 के बाद रैली करने का आग्रह

खरगे पर पीएम मोदी का पलटवार

मैं अपनी अंतिम सांस तक सेवा में जुटा रहूंगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बाप वाली टिप्पणी पर प्रधानमंत्री ने जवाब दिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के मोदी का बाप भी जाएगा वाले विवादित बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलटवार किया है। पीएम मोदी ने कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक भारत के लोगों की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी गुजरात के बनासकांठा जिले के भिलडी में 'भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर' का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए आई है।

वे मोदी को बदनाम करना चाहते थे

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें देश के मुश्किल दौर से गुजरने पर खुशी मिलती है। ईरान युद्ध के समय उन्होंने (विपक्ष) अफवाहें फैलाईं कि किसानों को खाद नहीं मिलेगी और लोगों को एलपीजी नहीं मिलेगी, क्योंकि वे मोदी को बदनाम करना चाहते थे। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा किसानों के कल्याण को प्राथमिकता दी है और उन्हें सशक्त बनाया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच खाद की कीमतों में भारी उछाल आया, लेकिन हमारी सरकार ने इसका बोझ किसानों पर नहीं पड़ने दिया। ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

9.34 करोड़ किसानों के खाते में पहुंचे 2-2 हजार रुपए

दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों किसानों को बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 2-2 हजार रुपये की राशि भेजी गई। सरकार ने इस किस्त के लिए कुल 18,680 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए हैं।

सीधी में बस-कार की भिड़ंत

तीन की मौत, पांच साल की बच्ची गंभीर घायल



कार के परखच्चे उड़ गए, बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

जिले में शुक्रवार दोपहर अमरपुर के बेहड़ा मोड़ के पास यात्री बस और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार एक महिला और दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चुरहट पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान मैहर जिले के देवरा निवासी अनिल तिवारी (35), मनोरमा तिवारी (30) और सुधीर तिवारी के रूप में हुई है। घायल बच्ची रानी तिवारी (5) है। प्रत्यक्षदर्शी विनय मिश्रा ▶▶ शेष पेज 4 पर

सांस लेने में परेशानी के बाद बिगड़ी तबीयत

आदि कैलाश यात्रा में इंदौर के 26 वर्षीय युवक की मौत



ऑक्सीजन की कमी और हार्ट अटैक की आशंका

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

आदि कैलाश यात्रा के दौरान शुक्रवार को इंदौर निवासी 26 वर्षीय तिलक शर्मा की मौत हो गई। यात्रा के दौरान सांस लेने में परेशानी होने पर उन्हें गुंजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। इस सीजन में अब तक तीन यात्रियों की जान जा चुकी है। एसडीएम आशीष जोशी ने बताया कि तिलक गुरुवार को अपने दोस्तों के साथ आदि ▶▶ शेष पेज 4 पर

नाकाम रिश्तों को आपराधिक मामलों में बदलने के बढ़ते चलन पर सुको ने जताई चिंता

रिश्ता टूटने पर सहमति से बने संबंध 'रेप' नहीं

ब्रेकअप के बाद पछतावा सहमति को अपराध में नहीं बदल सकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आपसी सहमति से बने रिश्ते में शारीरिक संबंधों को केवल इस आधार पर दुष्कर्म नहीं माना जा सकता कि बाद में दोनों के बीच संबंध खराब हो गए या रिश्ता टूट गया। अदालत ने नाकाम रिश्तों को रेप और धोखाधड़ी जैसे आपराधिक मामलों में बदलने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने केरल के एक व्यक्ति को दुष्कर्म और धोखाधड़ी के आरोपों से मुक्त ▶▶ शेष पेज 4 पर



प्रशांत भूषण ने खींची लकीर

कोर्ट की क्लिप के लिए तय हो एक आधिकारिक स्रोत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के वीडियो और ऑडियो क्लिप के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि अदालत की पूरी कार्यवाही का वीडियो सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाए। हर ▶▶ शेष पेज 4 पर

- बिना अनुमति ऑडियो-वीडियो क्लिप अपलोड करने वालों पर होगी कार्रवाई

शनिवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं एयरचीफ मार्शल एपी सिंह

आज देश के नए वायुसेना प्रमुख के रूप में एयर मार्शल दीक्षित संभालेंगे कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के 29वें वायुसेनाप्रमुख के रूप में एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित शनिवार को अपना पदभार ग्रहण करेंगे। यह जिम्मेदारी उन्हें बल के मौजूदा प्रमुख और 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे एयरचीफ मार्शल एपी सिंह की जगह पर मिली है। वहीं, केंद्र ने इस घटनाक्रम के बीच शुक्रवार को एयर मार्शल दीक्षित के स्थान पर अगले उप-वायुसेना प्रमुख के रूप में एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया की नियुक्ति का ऐलान कर दिया है। जो 1 नवंबर को अपना दायित्व संभालेंगे। वायुसेना ने एक बयान में बताया कि एयर ▶▶ शेष पेज 4 पर

वालिया की उप-वायु सेना प्रमुख के रूप में नियुक्ति, 1 नवंबर को पदभार ग्रहण करेंगे



आशुतोष दीक्षित



इंदरपाल वालिया

इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से हुए सम्मानित

नए उप-वायुसेनाप्रमुख ने भारत के बाहर विदेशों से भी अपनी अकादमिक डिग्रियां हासिल की हैं। जिनमें ब्रिटेन से एडवांस कमांड एंड स्टाफ कोर्स करना और बांग्लादेश से एनडीसी करना मुख्य रूप से शामिल है। वह वायुसेना के एयर स्टाफ इंस्पेक्शन निदेशालय (डीएएसआई) के प्रमुख के रूप ▶▶ शेष पेज 4 पर

चमोली में खराब मौसम के कारण ज्योतिर्मठ क्षेत्र में हेलिकॉप्टर हादसा

माणा घूमकर लौट रहे थे यात्री, इधर उधर बिखरे शव

बद्रीनाथ धाम से लौट रहा हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित 6 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ चमोली

उत्तराखंड में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। खराब मौसम के बीच बदरीनाथ धाम से सहस्त्रधारा हेलिपोर्ट के लिए रवाना हुआ ट्रांस भारत एविएशन का हेलिकॉप्टर ज्योतिर्मठ क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी 6 लोगों की मौत हो गई। एक बजकर 20 मिनट फिर एक हेलिकॉप्टर ने बदरीनाथ से उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर हाथी पहाड़ के ऊपर चांई गांव और लामबगड़ के बीच जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। हादसे की सूचना मिलते



खाई में गिरा हेलिकॉप्टर का मलबा

ही सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। मृतकों के शवों को दुर्गम जंगल से सड़क तक लाने की कार्रवाई की जा रही है। ज्योतिर्मठ के एसडीएम चंद्रशेखर वशिष्ठ ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही संबंधित बचाव एजेंसियों को सक्रिय कर दिया गया था। हेलिकॉप्टर में सवार तीर्थयात्री देश के प्रथम गांव माणा घूमने भी गए थे। इसके बाद सभी हेलिकॉप्टर से सहस्त्रधारा लौट रहे थे। इसी दौरान ज्योतिर्मठ क्षेत्र में यह दर्दनाक हादसा हो गया। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पर एक वजह खराब मौसम भी बताई जा रही है। मृतकों ▶▶ शेष पेज 4 पर



रेस्क्यू टीम मौके पर

पहले भी इस कंपनी के हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए

ट्रांस भारत एविएशन के हेलिकॉप्टर से जुड़ी यह पहली दुर्घटना नहीं है। इससे पहले भी कंपनी के हेलिकॉप्टरों की केदारनाथ मंदिर के पास और सेरसी हेलिपैड के निकट सड़क पर क्रैश लैंडिंग हो चुकी है। वहीं, कुछ दिन पहले इसी कंपनी के एक हेलिकॉप्टर की टिहरी जिले के चंबा के पास आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी थी।

भोपाल
शनिवार, 31 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-6
वर्ष : 13, अंक : 211
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 19

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सोयाबीन और मक्का की खरीदी हो सकेगी
मप्र में अवकाश के दिनों में भी खुली रहेंगी सरकारी मंडियां



भोपाल। मप्र के सरकारी मंडियों में अवकाश के दिन भी सोयाबीन और मक्का की खरीदी हो सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सोया और मक्का उत्पादन किसानों की सुविधा के लिए अवकाश के दिनों में भी खरीदी के लिए मंडियां खुली रखने का निर्णय लिया गया है। किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। आदेश जारी कर दिया गया है।



मप्र के करीब साढ़े आठ लाख शासकीय सेवकों व पेंशनर्स को दीपावली से पहले
मोहन सरकार का तोहफा

- 9 महीने का एरियर तीन किस्तों में मिलेगा
- अक्टूबर के वेतन से मिलेगा बढ़ा हुआ भत्ता
- पेंशनर्स के डीआर में भी 2 फीसदी की बढ़ोतरी

शासकीय सेवकों के डीए में दो फीसदी की बढ़ोतरी, अब बढ़कर '60 प्रतिशत' हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र के करीब साढ़े आठ लाख शासकीय सेवकों व पेंशनर्स को मोहन सरकार ने दीपावली पर मंहगाई भत्ता (डीए) व मंहगाई राहत (डीआर) में बढ़ोतरी का तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसकी घोषणा सोशल मीडिया एक्स पर की है। इस अनुसार शासकीय सेवकों के अक्टूबर महीने के बढ़ी हुई दर से वेतन मिल सकेगा। अभी तक शासकीय सेवकों को 58 फीसदी डीए मिलता था, अब यह



बढ़कर 60 फीसदी हो जाएगा। एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार मप्र में कुल करीब साढ़े पांच लाख शासकीय सेवक हैं। जबकि पेंशनर्स की संख्या करीब तीन लाख है। राज्य शासन ने इस निर्णय के बाद प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। बढ़ी हुई दर जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। इससे कर्मचारियों को बढ़े हुए भत्ते का लाभ मिलने के साथ पिछले नौ महीनों का एरियर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों और अधिकारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि करने जा रही है। यह जनवरी से देय होगी। सरकार शासकीय सेवकों और पेंशनर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके साथ खड़ी है। राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मंहगाई राहत (डीआर) में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। पेंशनर्स की महंगाई राहत (डीआर) में जुलाई 2026 से 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की ▶▶ शेष पेज 4 पर

अक्टूबर के वेतन का भुगतान नवंबर में किया जाएगा

राज्य शासन के अनुसार जनवरी से सितंबर 2026 तक के नौ महीने के एरियर का भुगतान तीन समान मासिक किस्तों में किया जाएगा। इससे कर्मचारियों को एक साथ पूरी बकाया राशि मिलने के बजाए तीन किस्तों में भुगतान किया जाएगा। जबकि अक्टूबर के वेतन का भुगतान नवंबर में किया जाएगा। इस वेतन में कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद लाभ मिलेगा। इस तरह नवंबर में मिलने वाले वेतन से डीए की बढ़ी हुई दर का लाभ शुरू हो जाएगा

बढ़ी हुई दर को इस तरह से समझें

डीए में 2 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद शासकीय सेवकों को मिलने वाली अतिरिक्त राशि उनके मूल वेतन पर निर्भर करेगी। यदि किसी शासकीय सेवक का मूल वेतन 30 हजार रुपए है, तो 2 फीसदी की बढ़ोतरी से उसे प्रतिमाह करीब 600 रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। इसी तरह 40 हजार रुपए मूल वेतन वाले कर्मचारी को 800 रुपए और 50 हजार रुपए मूल वेतन वाले कर्मचारी को 1,000 रुपए प्रतिमाह का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

भाजपा के पूर्व सांसद आरके सिन्हा का निधन



नई दिल्ली। भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल पूर्व राज्यसभा सांसद और उद्योगपति आरके सिन्हा का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने नोएडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना ले जाया जाएगा। सिन्हा सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज (एसआईएस) ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन थे। उन्होंने 1974 में पटना से कंपनी की शुरुआत की थी। उनके नेतृत्व में एसआईएस ने सुरक्षा और मानव संसाधन सेवाओं के क्षेत्र में देश-विदेश में कारोबार का विस्तार किया।

इंदौर में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा, महारैली में बोले मांडविया

भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन से दिया कांग्रेस को कड़ा संदेश
विपक्ष देश में अशांति, भ्रम और अराजकता फैला रहा

जनता समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूर्णतः संविधान के अनुसार चल रहा है



पदयात्रा में दिग्गज

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर की सड़कों पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपनी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा और महारैली के जरिए जबर्दस्त सियासी शक्ति प्रदर्शन किया। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष द्वारा खड़े किए जा रहे सवालों के जवाब में आयोजित इस रैली में जनसैलाब उमड़ पड़ा। परदेशीपुरा स्थित सुभाष नगर चौराहे से शुरू होकर पाटनीपुरा चौराहे तक निकली इस पदयात्रा में केंद्रीय खेल एवं श्रम मंत्री मनसुख मांडविया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्य प्रदेश भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत कई दिग्गज नेता मुख्य रूप से शामिल हुए। रैली के मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने विपक्ष पर देश में अशांति और अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी चुनाव आयोग या लोकतांत्रिक संस्थाएं मतदाता सूचियों को पारदर्शी और शुद्ध बनाने के लिए काम करती हैं, विपक्ष भ्रम फैलाना शुरू कर देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देख देश में भय व भ्रम का माहौल बनाना चाहते हैं। लेकिन जनता समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ▶▶ शेष पेज 4 पर



इस कदर जुटी भीड़

▶▶ *अराजकता पैदा करने वालों को जनता नकार चुकी है*

▶▶ लोकतंत्र की रक्षा के लिए आम नागरिक सड़क पर उतरकर सरकार के साथ खड़ा

जनता ने विपक्ष के पाखंड को पहचान लिया है: बिप्लब

प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा का यह अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जब चुनाव जीतता है तो सब ठीक रहता है, लेकिन जब हारता है तो ईवीएम और मतदाता सूचियों पर सवाल उठाकर संस्थाओं की विश्वसनीयता पर हमला बोलता है। जनता विपक्ष के इस दोहरे चरित्र को भली-भांति जानती है। मध्य प्रदेश का हर नागरिक मोदी सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ मजबूती से खड़ा है।

सुभाष नगर से पाटनीपुरा तक भगवा रंग में रंगा इंदौर

सुबह 10 बजे सुभाष नगर चौराहे से शुरू हुई पदयात्रा का पूरा मार्ग भगवा ध्वजों, बैनरों और कटआउट्स से पटा नजर आया। रथ पर सवार शीर्ष नेताओं का जगह-जगह सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों, साधु-संतों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान हजारों कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर विपक्ष विरोधी और राष्ट्रहित के नारे लगाते हुए चल रहे थे। पाटनीपुरा चौराहे पर यात्रा के समापन के बाद एक विशाल जनसभा आयोजित की गई, जहां नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर तीखे राजनीतिक प्रहार किए। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

झूठ की राजनीति बंद करें राहुल और कांग्रेस: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विपक्ष के नैरेटिव पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास जताकर देश के लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि हार से बौखलाई कांग्रेस लगातार झूठ और अफवाहों का सहारा ले रही है। राहुल गांधी और उनके सहयोगी जब भी जनता के बीच जाते हैं, नकारात्मकता फैलाते हैं। मध्य प्रदेश शांति, विकास और सुशासन की धरती है, यहां अराजकता फैलाने की हर कोशिश को नाकाम किया जाएगा। मतदाता सूची का शुद्धिकरण निष्पक्ष चुनाव की बुनियाद है, और भाजपा जनता के हर वोट की शुचिता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

चीता गोलीकांड में वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई
मुरैना-श्योपुर के छह वनकर्मी निलंबित, उठे थे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कूनो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में नर चीता शावक केएनजी 22 की गोली लगने से हुई मौत के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने मुरैना और श्योपुर वन मंडल के छह वनकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए कर्मचारियों में दोनों वन मंडलों के रेंजर, डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड शामिल हैं। दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। चीता शावक की मौत के बाद वन विभाग की निगरानी, ट्रैकिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। अब विभागीय कार्रवाई के जरिए मैदानी अमले की जवाबदेही तय करने की कोशिश की गई है।

जानकारी के मुताबिक, चीता शावक केएनजी 22 की गोली लगने से मौत के मामले में मुरैना और श्योपुर वन मंडल के मैदानी कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। मुरैना वन मंडल के तीन कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। इनमें पहाड़गंज रेंज के रेंजर आकाश तोमर ▶▶ शेष पेज 4 पर

- इनमें दोनों मंडलों के रेंजर, डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड शामिल
- 19 माह के नर चीता शावक केएनजी 22 की गोली लगने से हुई थी मौत

मैदानी अमले की जिम्मेदारी तय करने की कोशिश

चीता शावक की गोली लगने से मौत ने वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े किए थे। चीता संरक्षण परियोजना के तहत कूनो और आसपास के क्षेत्रों में चीतों की निगरानी के लिए ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। इसके ▶▶ शेष पेज 4 पर



10 से 24 जनवरी तक लोग खुद दर्ज कर सकेंगे अपनी जानकारी
25 जनवरी से शुरू होगी जनगणना 2027 28 फरवरी तक चलेगी आबादी की गिनती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में जनगणना 2027 की शुरुआत 25 जनवरी से होगी। ज्यादातर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 फरवरी 2027 तक आबादी की गिनती की जाएगी। हालांकि, विधानसभा चुनाव वाले राज्यों और बर्फबारी प्रभावित कुछ क्षेत्रों में निर्धारित अवधि के दौरान जनगणना नहीं होगी। भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है।

अधिसूचना के मुताबिक, जनगणना के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की रात 12 बजे निर्धारित की गई है। यानी इसी तारीख को आधार



पहले चरण में मकानों की सूची तैयार करने और आवास से जुड़ी जानकारी जुटाई जाएगी

मानकर आबादी के आंकड़े तैयार किए जाएंगे। मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और लद्दाख में फिलहाल जनगणना की प्रक्रिया स्थगित रखी गई है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के बर्फबारी प्रभावित इलाकों में भी इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

दो चरणों में पूरी होगी प्रक्रिया

आजादी के बाद यह देश की आठवीं जनगणना होगी। पूरी प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में मकानों की सूची तैयार करने और आवास से जुड़ी जानकारी जुटाई जाएगी, जबकि दूसरे चरण में आबादी की गणना होगी। हर 10 साल में होने वाली जनगणना वर्ष 2021 में प्रस्तावित थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

शिवराज सिंह की मां काशीबाई का निधन
7 दिन से भोपाल एम्स में थीं भर्ती सांस संबंधी बीमारी से थीं पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशीबाई का शुक्रवार सुबह भोपाल एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे करीब 76 वर्ष की थीं। सांस



■ केंद्रीय मंत्री ने रद्द किए सभी कार्यक्रम

संबंधी बीमारी के चलते उन्हें एक सप्ताह पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। परिजनों के अनुसार काशीबाई का अंतिम संस्कार शुक्रवार दोपहर तीन बजे उनके पैतृक गांव जैत, जिला सीहोर में किया गया। उनके निधन की जानकारी शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने लिखा कि मां का जाना जीवन में ऐसी रिक्तता छोड़ जाता है, जिसे कोई भर नहीं सकता। उनकी स्मृतियां मन को भावुक कर रही हैं। मां के निधन के बाद शिवराज ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

आरोप लगाने वाली रश्मि भाटिया का यू-टर्न
तनाव में बनाया था वीडियो, मंत्री और उनके परिवार से अच्छे संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट मंत्री और अलीराजपुर विधायक नागर सिंह चौहान पर गंभीर आरोप लगाने वाली रश्मि भाटिया ने अपने बयान से यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने सोशल



■ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दी सफाई

मीडिया पर नया वीडियो जारी कर सफाई दी कि पहले वायरल हुआ वीडियो और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखा पत्र उन्होंने ही तैयार किया था, लेकिन उस समय वह मानसिक तनाव और फ्रस्ट्रेशन में थीं। रश्मि ने कहा कि उनका नागर सिंह चौहान और उनके परिवार को बदनाम करने का कोई इरादा नहीं था। मंत्री के साथ उनके सामान्य और अच्छे संबंध हैं। उनकी पत्नी अनीता चौहान से भी अच्छे रिश्ते हैं और दोनों परिवारों के बीच पुराना परिचय है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उनके नए बयान को स्वीकार किया जाए। ▶▶ शेष पेज 4 पर

एसआईआर पर बहस मतदाता के अधिकार और सूची की विश्वसनीयता पर होनी चाहिए

लोकतंत्र की चाबी जनता के हाथ में, लोकतंत्र जनादेश से चलेगा, अराजकता के दबाव से नहीं

सीएम का ब्लॉग



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र

लोकतंत्र में सत्ता की चाबी जनता के हाथ में होती है। मतदान केंद्र पर खड़ा सामान्य नागरिक अपने एक मत से सरकार बनाता है, उसके काम का मूल्यांकन करता है और भविष्य की दिशा तय करता है। उसकी यह शक्ति किसी राजनीतिक दल की देन नहीं है। यह हमारे संविधान की व्यवस्था है, जिसकी रक्षा करना हम सबका दायित्व है। इसीलिए लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाले प्रत्येक राजनीतिक दल से जनता को यह अपेक्षा करने का अधिकार है कि वह अपने व्यवहार में भी लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करे। लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की परीक्षा सत्ता में रहते हुए भी होती है और विपक्ष में बैठकर भी। जनादेश का सम्मान सुविधा के अनुसार नहीं हो सकता।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का उत्साह और हार का आत्म-मंथन, दोनों आवश्यक हैं। जनता के निर्णय से असहमति हो सकती है, लेकिन उसके विवेक का अनादर लोकतांत्रिक राजनीति को कमजोर करता है। राजनीतिक दलों को जनता का विश्वास अपने कार्य, विचार और आचरण से अर्जित करना चाहिए। विरोध की राजनीति में जनता का हित नहीं होता। एक सशक्त विपक्ष लोकतंत्र की आवश्यकता है। सरकार से कठिन प्रश्न पूछना, नीतियों की कमियां उजागर करना और बेहतर विकल्प प्रस्तुत करना उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वह प्रश्नों का उत्तर दे और उचित सुझावों को स्वीकार करे। लेकिन जब राजनीतिक विमर्श का केंद्र समाधान के स्थान पर निरंतर भय, अविश्वास और टकराव बनने लगे, तब उसका मूल्यांकन भी होना चाहिए।

आज विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर भी राजनीतिक बहस हो रही है। इस बहस का केंद्र प्रत्येक पात्र नागरिक का अधिकार और मतदाता सूची की विश्वसनीयता होना चाहिए। एक सही मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। उसमें नए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़ें, गलत विवरण सुधरें और मृत अथवा दोहरी प्रविष्टियों का निराकरण निर्धारित प्रक्रिया से हो। साथ ही, किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने पर उसे सुधार का प्रभावी अवसर मिले। जनता के नाम पर राजनीति करने वालों को जनता की सुविधा और सुरक्षा के प्रति भी जवाबदेह होना होगा। हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट होना चाहिए, शांतिपूर्ण विरोध को सम्मान मिले और हिंसा पर निष्पक्ष, विधिसम्मत कार्रवाई हो। मतदाता सूची पर बहस हो, लेकिन मतदाता के मन में भ्रम नहीं फैलाया जाना चाहिए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में जिस प्रकार से विपक्ष के लोगों ने देश में अराजकता फैलाने का काम किया है, वह राष्ट्रहित में नहीं है। हमारे संविधान में मतदाता को जो अधिकार दिए गए हैं, उसी से हमारे लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। भारत के कुछ अंचलों में बाहरी लोगों का मतदाता बन जाना कहा का कानून है। यदि एसआईआर में मतदाता सूची का शुद्धीकरण हो रहा है तो विपक्ष को भी साथ देना चाहिए, न कि उसका विरोध करना चाहिए। मुझे इस बात पर भी आश्चर्य होता है कि विपक्ष ईवीएम का भी विरोध कर रहा है। हाल ही में चार बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार कर्नाटका में एमएलसी के चुनाव में वेलेट पेपर से मतदान हुआ। इन राज्यों के चुनाव परिणामों में कांग्रेस को कितनी सीटे मिली यह सब जानते हैं। इसके बावजूद भी विपक्ष अपनी फितरत से बाज नहीं आता। समाज निरंतर बदलता है। लोग आजीविका के लिए स्थान बदलते हैं, युवा मतदान की आयु पूरी करते हैं और परिवारों की परिस्थितियां बदलती हैं। इन परिवर्तनों के अनुरूप मतदाता सूची का अद्यतन आवश्यक है। किसी प्रक्रिया में कठिनाई सामने आए तो उसे दूर करना चाहिए। किसी त्रुटि का प्रमाण मिले तो उसका सुधार होना चाहिए। मतदाता की सहायता किए बिना केवल उसकी आशंका को राजनीतिक अभियान का ईंधन बनाना सार्वजनिक जिम्मेदारी से बचना है। लोकतंत्र की चिंता व्यवहार में दिखनी चाहिए। किसी मतदाता की समस्या हल कराने में लगाया गया श्रम, उसके भय को बढ़ाने वाले भाषणों से अधिक उपयोगी है।

मुख्यमंत्री के रूप में मेरा विश्वास है कि प्रदेश की ऊर्जा, विकास और निर्माण में लगनी चाहिए। किसान को बेहतर अवसर चाहिए, युवा को रोजगार और कौशल चाहिए, महिलाओं को सुरक्षा चाहिए और प्रत्येक परिवार को संवेदनशील शासन चाहिए। इन अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए शांति, कानून-व्यवस्था और सामाजिक विश्वास आवश्यक हैं। हम राजनीतिक बहस को जनता के वास्तविक प्रश्नों से जोड़ें। सरकार अपने काम का हिसाब दे। विपक्ष बेहतर विकल्प रखे। नागरिक निर्भय होकर अपनी बात कहें। निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए सबको मिलकर सहयोग करना होगा।

लोकतंत्र की ताकत उस नागरिक के विश्वास में है, जो कह सके कि सरकार किसी भी दल की हो, उसके अधिकार और सम्मान की रक्षा होगी। "लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ" केवल एक नारा या विचार नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य भी है। हर राजनैतिक दल का यह दायित्व होना चाहिए कि जनादेश का सम्मान हो, विरोध में मर्यादा हो, शासन में जवाबदेही हो और कानून के सामने सब समान हों। भारत की दिशा जनता अपने मत से तय करेगी। राजनीतिक सफलता का रास्ता उसी जनता के विश्वास अर्जित करने से होकर जाएगा। यही लोकतंत्र की सच्ची भावना है।

खबर संक्षेप

चंद्रिका द्विवेदी बने कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष



भोपाल। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस और सहकारी नेता चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी को कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पटवारी ने अपेक्षा की है कि नवनियुक्त अध्यक्ष द्विवेदी कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार अपने दायित्व का निर्वाह करेंगे। द्विवेदी लंबे समय से सहकारिता आंदोलन से जुड़े रहे हैं। वे विभिन्न सहकारी संस्थाओं में संचालक और अध्यक्ष पद पर रहकर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

एमवीएम के पूर्व विद्यार्थियों का दिवाली मिलन 14 नवंबर को

भोपाल। शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) के पूर्व विद्यार्थियों का दिवाली मिलन समारोह शनिवार, 14 नवंबर को होगा। एमवीएम एलुमिनी के अध्यक्ष सतीश रायजादा और महासचिव सुभाष व्यास के अनुसार दिवाली मिलन समारोह में कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। समारोह महाविद्यालय के सभागार में सुबह 10 बजे से होगा। दिवाली मिलन के इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राएं मिलकर कॉलेज के पुराने दिनों को याद करेंगे और दीपावली की बधाई देने के साथ ही धमाल मचाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन गोटेगांव में श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ में हुए शामिल

सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित : सीएम

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

- धर्म, अध्यात्म, सामाजिक संस्कार और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई
- 19 धार्मिक नगरों में शराबबंदी, वर्ष 2029 तक नशामुक्ति का संकल्प और नगरीय निकायों में बनेंगे गीता भवन



गोटेगांव में श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति, भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। श्रीमद्भागवत पुराण चारों वेदों, अठारह पुराणों और उपनिषदों के सार को समाहित करने वाला पवित्र ग्रंथ है। भागवत कथा मनुष्य को जीवन, मृत्यु, कर्म और सदाचार का वास्तविक अर्थ समझाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को गोटेगांव में पूज्य गोपीठाधीश्वर महंत बिपिन बिहारी दास महाराज की उपस्थिति में यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य को परमात्मा ने जो जीवन और सांसें प्रदान की हैं, उनका सदुपयोग अच्छे कर्मों और श्रेष्ठ संस्कारों के लिए करना चाहिए। जन्म और मृत्यु परमात्मा की व्यवस्था का हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने परमपूज्य महाराजश्री के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रदेश में धूमधाम से मनाई जा रही गीता जयंती, बनेंगे भवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के 18 अध्याय मनुष्य को कर्म, कर्तव्य और जीवन को श्रेष्ठ मार्ग पर ले जाने की प्रेरणा देते हैं। इसी भाव से प्रदेश में गीता जयंती को व्यापक स्तर पर मनाने की पहल की गई है। गांवों के साथ नगरीय निकायों में भी गीता भवनों के निर्माण का संकल्प लिया गया है, ताकि धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध हो सके।

धार्मिक नगरों में शराबबंदी का निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने और धार्मिक वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश की 19 धार्मिक नगरों में शराबबंदी का निर्णय लिया है। सरकार का प्रयास है कि समाज को व्यसन और अन्य बुराइयों से मुक्त बनाने के लिए हरसंभव पहल की जाए। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध सफलता के बाद अब वर्ष 2029 तक ड्रग्स और नशे के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया है।

सीएम आज तेंदूपत्ता संग्राहकों को 30 करोड़ की बोनस राशि का करेंगे अंतरण

बैतूल में आयोजित होगा कार्यक्रम

भोपाल। सीएम डॉ. मोहन यादव शनिवार शनिवा 31 अक्टूबर को बैतूल में 3.69 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को 30 करोड़ रुपए से अधिक की बोनस राशि का अंतरण करेंगे। इससे दक्षिण बैतूल, पश्चिम बैतूल, उत्तर बैतूल, पांढुर्णा (दक्षिण छिंदवाड़ा), पूर्व छिंदवाड़ा, पश्चिम छिंदवाड़ा एवं नर्मदापुरम वन मंडल के तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम वन समितियों को 13 करोड़ से अधिक काष्ठ लाभांश का भी अंतरण करेंगे। तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस वितरण का मुख्य कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड, बैतूल में आयोजित किया जाएगा।

भूमिपूजन भी होगा

मुख्यमंत्री जिले को 443 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की ओर से विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे।

इंदौर में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' संकल्प को लेकर हुई पदयात्रा

एसआईआर से मतदाता सूची हो रही शुद्ध कांग्रेस इसका विरोध कर रहीः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



संबोधित करते हुए हेमंत खंडेलवाल।

भाजपा द्वारा इंदौर में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' संकल्प को लेकर पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में उमड़े जनसैलाब को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि देश में लोकतंत्र बचाने और अराजकता हटाने के संकल्प के साथ एक बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो रहा है। समाज के सभी वर्गों के लोग इस अभियान में शामिल हुए हैं। मैं आप सभी का अभिनंदन और वंदन करता हूं। कांग्रेस चाहती है कि विदेशी नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़े रहें, मृत व्यक्तियों के नाम नहीं हटाए जाएं और एक ही व्यक्ति के चार-चार नाम मतदाता सूची में बने रहें, ताकि कांग्रेस इसका राजनीतिक लाभ उठा सके। एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची को शुद्ध करने का काम किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। पहले कांग्रेस ईवीएम पर सवाल उठाती थी, अब एसआईआर पर सवाल खड़े कर रही है।

पोस्टर दिखाया, तो मंत्री विजयवर्गीय ने हटवाया

इंदौर में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक समाजसेवी को देखकर भड़क गए। समाजसेवी प्रहलाद पांडे पोस्टर लेकर पहुंचे थे। पोस्टर पर लिखा था- '30 हजार का बल्ब और 33 हजार लीटर फिनाइल।' विजयवर्गीय ने इसके बाद समाजसेवी को वहां से हटवा दिया।

इंदौर का जनसैलाब लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीकः खण्डेलवाल ने कहा कि आज इंदौर में समाज के सभी वर्गों के लोग लोकतंत्र की रक्षा और अराजकता के विरोध में एकजुट होकर इस विशाल पदयात्रा में शामिल हुए। इंदौर की सड़कों पर उमड़ा यह जनसैलाब जनता के उत्साह, जागरूकता और लोकतंत्र के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कर्मचारियों को 2% डीए की सौगात, 12 लाख को होगा लाभ

कर्मचारी मंच ने माना मुख्यमंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रदेश के कर्मचारियों को दो प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ एक जनवरी 2026 से एवं पेंशनरों को एक जुलाई 2026 से महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत का लाभ देने पर मप्र कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा के माध्यम से धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को दीपावली का त्योहार हर्षो उल्लास से मनाने के लिए दीपावली से पूर्व महंगाई भत्ते की सौगात दी है।

कर्मचारी हितैषी मुख्यमंत्री हैं डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कर्मचारी हितैषी है। मुख्यमंत्री ने नौ साल से बंद पदोन्नति को फिर शुरू कर कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया है। अब एक बार फिर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कर्मचारियों को दीपावली से पहले महंगाई भत्ता देकर सौगात दी है।

डॉ. आईके चुघ, पूर्व अधीक्षक, जेपी

सीएम कल विकास प्रदर्शनियों का करेंगे शुभारंभ

मप्र के 71 वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय राज्योत्सव कल से 3 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर लाल परेड ग्राउंड में 1 से 3 नवम्बर तक तीन दिवसीय 'राज्योत्सव' का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे लाल परेड ग्राउंड में आधुनिक कृषि प्रदर्शनी, विकास दीर्घा, महिला उद्यमिता मंडप और देशज व्यंजन मेले का उद्घाटन कर अवलोकन करेंगे। इसके बाद शाम 6.30 बजे से मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में मुख्य सांस्कृतिक संध्या और समारोह का गरिमामय शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री राज्योत्सव के माध्यम से प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए जनकल्याण और विकास के नए संकल्पों की रूपरेखा साझा करेंगे। शिक्षा और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की दिशा में मुख्यमंत्री प्रदेश के 102 मेधावी विद्यार्थियों को 'भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति' और प्रशस्ति-पत्र प्रदान करेंगे। संस्कृति विभाग के तहत श्रीकृष्ण पाथेय न्यास से संचालित इस योजना में प्रत्येक चयनित मेधावी विद्यार्थी को एक लाख रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। जिलावार चयन में खंडवा जिले से सर्वाधिक 6 विद्यार्थी चयनित हुए हैं।

55 ट्रैक्टर, बाइक और ई-स्कूटर का होगा वितरण

कृषि ज्ञान और शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित 'किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज' के 165 विजेताओं को मुख्यमंत्री पुरस्कृत करेंगे। प्रत्येक जिले के तीन विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 55 ट्रैक्टर, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 55 बुलेट मोटरसाइकिल और तृतीय पुरस्कार के रूप में 55 ई-स्कूटर प्रदान किए जा रहे हैं। भोपाल जिले के विजेताओं को मुख्यमंत्री स्वयं सम्मानित करेंगे।

मूल अवधारणा पर आधारित होगा आयोजन

इस वर्ष स्थापना दिवस समारोह की केंद्रीय थीम 'विरासत से विकास के पथ की ओर अग्रसर प्रदेश' रखी गई है। यह अवधारणा मप्र की समृद्ध आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और जनजातीय जड़ों को संरक्षित रखते हुए अधोसंरचना, कृषि, औद्योगिक निवेश, पर्यटन, तकनीकी नवाचार और रोजगार सृजन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते आत्मनिर्भर प्रदेश के संकल्प को रेखांकित करती है। खेतों में अन्न उपजाते किसानों का परिश्रम, युवाओं के नवप्रयास, महिलाओं की भागीदारी और लोकपरंपराएं मिलकर विकसित मध्यप्रदेश की नींव रख रही हैं।

160 वाटर कलर चित्रों की प्रदर्शनी

लाल परेड ग्राउंड में आयोजित बहुआयामी प्रदर्शनियों में महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ की ओर से आयोजित कार्यशाला में वरिष्ठ चित्रकारों के तैयार 'राजा भोज का भोपाल' विषयक 160 वॉटर कलर चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है, जो भोपाल परिक्षेत्र की प्राचीन विरासत को दर्शाएगी। इसके साथ ही कृषि प्रदर्शनी में उन्नत बीज, जैविक इनपुट्स, स्मार्ट सिंचाई और एग्री-स्टार्टअप्स के नवाचार प्रदर्शित होंगे।

एप्स्टीन प्रकरण से जुड़े व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने पर पटवारी ने उठाए सवाल

भाजपा ने दलित सदस्य से इस्तीफा लेकर हरदीप पुरी को बनाया राज्यसभा प्रत्याशी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते जीतू पटवारी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया है कि प्रदेश के एक दलित राज्यसभा सदस्य से इस्तीफा दिलवाकर सीट खाली कराई गई और भाजपा ने जेफरी एप्स्टीन प्रकरण से जुड़े केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा का प्रत्याशी घोषित कर दिया। इससे भाजपा की राजनीतिक मंशा और नैतिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। क्योंकि पुरी का नाम जेफरी एप्स्टीन प्रकरण से जुड़े दस्तावेजों, ईमेल और मुलाकातों के संदर्भ में सामने आया है। वर्ष 2014 से 2017 के बीच हरदीप सिंह पुरी और जेफरी एप्स्टीन के बीच हुई मुलाकातों तथा ईमेल संवाद का उल्लेख किया जा रहा है।

फैसले के विरोध में करेगी कांग्रेस प्रदर्शन

पटवारी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस इस फैसले के विरोध में प्रदेश के प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगी तथा भाजपा के इस राजनीतिक निर्णय के खिलाफ पुतला दहन किया जाएगा। कांग्रेस इस मुद्दे को प्रदेश की जनता के बीच लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि हरदीप पुरी के नामांकन दाखिल करने के दौरान काले झंडे भी दिखाए जाएंगे।

समारोह में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सकों का हुआ सम्मान

आयुर्वेद के संरक्षण में भाई उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास का योगदान सराहनीयः देवड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



समारोह में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सकों को सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा।

राजधानी के पंडित खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय के रजत जयंती सभागार में शुक्रवार को भाई उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास की ओर से धन्वंतरि पूजन, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सकों के सम्मान और निबंध प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण का समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि आयुर्वेद के संरक्षण में भाई उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास का योगदान सराहनी है। न्यास द्वारा पिछले 28 वर्षों से लगातार किए इस सेवा कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान करना एक प्रेरणादायक पहल है। विशिष्ट अतिथि एनसीआईएसएम नई दिल्ली की अध्यक्ष डॉ. मनीषा उपेंद्र कोठेकर ने आयुर्वेद को समाज में प्रतिष्ठित करने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. यादव व प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने जताया शोक

केंद्रीय मंत्री चौहान की माता का निधन, पैतृक गांव में हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशी बाई का शुक्रवार को भोपाल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे विगत दिनों से अस्वस्थ थीं और एम्स, भोपाल में उनका इलाज चल रहा था।

शुक्रवार अपरान्ह उनके पैतृक गांव जैत (जिला सीहोर) में विधि-विधान व वैदिक परंपराओं के साथ उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। पार्थिव देह को मुखाग्नि दिए जाने और अंत्येष्टि की समस्त प्रक्रिया पूरी होने के बाद, पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने अपनी माता की पावन स्मृति में जैत में भावुक मन से पौधारोपण किया और माता के प्रति अपनी विनम्र भावांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देशभर के विभिन्न नेताओं ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

अंतिम विदाई के बाद केंद्रीय मंत्री ने माताजी की स्मृति में जैत में किया पौधरोपण





केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता का पैतृक गांव में अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान सीएम डॉ. यादव भी मौजूद रहे।

शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया

जैत में आयोजित अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई मंत्री, सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण व गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्रियों, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पक्ष एवं विपक्ष के देशभर के तमाम शीर्ष नेताओं ने भी शोक संदेशों के जरिए गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने भेजा पत्र शोक संवेदनाएं व्यक्त की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र भेजकर उनकी पूज्य माताजी श्रीमती काशी बाई जी के निधन पर अत्यंत भावपूर्ण शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा कि इस दुःखद सूचना से मन को बहुत पीड़ा पहुँची है और इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं पूरे परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा, मां का स्नेह जीवन की सबसे बड़ी शक्ति और उनका आशीर्वाद सबसे अनमोल धरोहर होती है। मां की ममता, उनका स्नेह और उनके आशीर्वाद की छांव जीवन के हर पड़ाव पर हमारा संबल बनी रहती है।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

10 स्वदेशी अपनाकर ही 2047 तक होगा ...



11 हनुमान चालीसा के भावों को किया भरतनाट्यम...



3

तीन दिन चलने वाली मिठाई तापमान मेंटेन कर दस दिन तक बेची जा रही

दिवाली के लिए दस दिन पहले से मिठाइयों का स्टॉक, ग्राहकों को मिलेंगी बासी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तीन साल पहले भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने खुली और बिना पैकेजिंग वाली मिठाइयों पर बेस्ट बिफोर टैग लगाने का अनिवार्य आदेश वापस लिया है। जिसके बाद से मिठाइयों की निर्माण तारीख के बारे में ग्राहकों को पता नहीं चल रहा है। दुकानदार अधिकतर मिठाइयों को आज-कल का बताकर बेच देते हैं। इधर राजधानी के मिठाई दुकानदारों ने दस दिन पहले से मिठाइयों का निर्माण शुरु कर दिया है, जिन्हें निर्धारित तापमान पर रखकर नो दिन बाद दिवाली पर बेचा जाएगा।

जागो प्रशासन

एफएसएसएआई ने एक अक्टूबर 2020 को खुली मिठाइयों की ट्रे पर बेस्ट बिफोर या यूज बाय डेट लिखना अनिवार्य किया था। जिसके तीन साल बाद 7 नवंबर 2023 को खुली मिठाइयों पर 'बेस्ट बिफोर' तिथि लिखने का अनिवार्य आदेश वापस ले लिया गया, जिससे तारीख लिखना स्वैच्छिक या वैकल्पिक हो गया है।

बेस्ट बिफोर नियम लागू नहीं होने से दुकानदार कर रहे मनमानी | **ग्राहक को पता नहीं चलती मिठाई बनाने की तारीख, सेहत को खतरा**

राजधानी में एक दिन में बिकेगी 50 करोड़ रुपए की मिठाई



दुकानों में ट्रे में रखी मिठाइयां।

दिवाली के मौके पर मिठाइयों की सबसे ज्यादा खपत होती है। जिसको लेकर शहर के बड़े मिठाई कारोबारी एक महीने पहले से तैयारी शुरु कर देते हैं। ऐसे में दिवाली के एक दिन पहले भारी तादाद में मिठाईयां बनाना संभव नहीं हो सकता। जिसको देखते हुए एक हफ्ते पहले से मिठाइयों को बनाकर उन्हें निर्धारित तापमान में रखकर सुरक्षित रखा जाता है। जबकि दिवाली पर खरीदी जाने वाली मिठाई की निर्माण तिथि भी पता नहीं चलती। ऐसे में दुकानदार बासी मिठाइयां बेचकर मुनाफा कमाते हैं।

मिलावटी निकला रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया 7 क्विंटल पनीर

दो दिन पहले भोपाल रेलवे स्टेशन से जब्त किया गया 7 क्विंटल पांच किलो पनीर के पांच सैंपल फेल हो गए हैं। जांच रिपोर्ट के तहत इसमें मिलावट सामने आई है, जिससे यह अनसेफ केटेगरी में रखा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मुरैना के खाद्य अमले ने मुरैना में छापामार कार्रवाई शुरु कर दी है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि दो दिन पहले भोपाल रेलवे स्टेशन से मुरैना से आया 7 क्विंटल 5 किलो पनीर जब्त किया था। राज्य पनीर के सैंपल रिपोर्ट मिल गई है, जिसमें सैंपल अनसेफ केटेगरी में आए हैं।

मिठाइयों की तय शेल्फ लाइफ

- दूध और खोया/मावा की मिठाइयां (पेड़ा, बर्फी, कलाकंद, रस मलाई): 1 से 2 दिन
- छेना आधारित मिठाइयां (रसगुल्ला, चमचम): 1 से 2 दिन
- घी और ड्राई फ्रूट्स की मिठाइयां (बेसन लड्डू, काजू कतली, सोन पापड़ी): 7 से 15 दिन
- चाशनी वाली मिठाइयां (जलेबी, इमरती, गुलाब जामुन): 2 से 3 दिन

बासी मिठाई को खाने पर स्वाद में आएगा फर्क

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि दिवाली को देखते हुए मिठाई दुकानों से सैंपलिंग की जा रही है। ज्यादा दिन पुरानी मिठाई होने पर उसके टेस्ट में फर्क आ जाता है। सैंपलिंग की जांच रिपोर्ट से मिठाई के खराब होने के बारे में पता चलता है। बेस्ट बिफोर नियम लागू नहीं होने के बाद भी दुकानदारों को ताजी मिठाइयां बेचने की नसीहत दी जाती है। दुकानदारों से कहा गया है कि वह अधिक कारीगर लगाकर दिवासी पर ताजी मिठाईयां तैयार करें।

हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने ली सुध

जीजी फ्लाईओवर की सड़क पर डामरीकरण गड्ढों से वाहन चालकों को मिला छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खबर का असर



ब्रिज की सड़क का दोबारा डामरीकरण किया गया।

जीजी फ्लाईओवर की बदहाल सड़क को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर हुआ है। खबर सामने आने के बाद जिम्मेदारों ने गड्ढों वाले हिस्से की सुध ली और ब्रिज की सड़क का दोबारा डामरीकरण किया गया। इससे सड़क की स्थिति में सुधार हुआ है और वाहन चालकों को राहत मिलने मिली है। दरअसल, जीजी फ्लाईओवर पर करीब 100 मीटर हिस्से में डामर की सड़क खराब थी साथ ही सीमेंट की सड़क वाले हिस्से में कई जगह गड्ढे थे। इससे वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। फ्लाईओवर जैसे व्यस्त रास्ते पर सड़क की बदहाली दुर्घटना का जोखिम भी बढ़ा रही थी।

गड्ढों के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका रहती थी

हरिभूमि ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए जिम्मेदारों का ध्यान सड़क की खामियों की ओर खींचा था। इसके बाद संबंधित हिस्से पर डामरीकरण कराया गया। बता दें कि जीजी फ्लाईओवर ब्रिज के गड्ढों के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका रहती थी। जिसकी संभावना खत्म हो गई है।

मरम्मत के बाद गुणवत्ता पर नजर

डामरीकरण से फिलहाल सड़क की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन मरम्मत कितनी टिकाऊ रहती है, यह देखना बाकी है संबंधित विभाग को सड़क की नियमित निगरानी जरुरत है ताकि दोबारा गड्ढे बनने पर समय रहते सुधार किया जा सके। हरिभूमि शहर की सड़कों और फ्लाईओवर से जुड़ी समस्याओं को लगातार सामने लाता रहा है। डीबी फ्लाईओवर पर मरम्मत की यह कार्रवाई इसी क्रम में एक सकारात्मक कदम है।

नसबंदी के बाद 81 श्वानों को उसी इलाके में छोड़ा, कॉलोनियों और बाजारों में चला अभियान

72 आवारा कुत्ते पकड़े, तीन केंद्रों में नसबंदी के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम ने नसबंदी अभियान चलाया। शुक्रवार को निगम के डॉग स्क्वाड ने अलग-अलग इलाकों से 72 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केंद्रों में भेजा।



इनमें एकांतपार्क, पॉश कॉलोनियों और बाजारों के आसपास घूमने वाले श्वान शामिल हैं। वहीं, नसबंदी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 81 श्वानों को वापस उन्हीं इलाकों में छोड़ दिया गया, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर डॉग स्क्वाड की टीमों ने कार्रवाई की। पकड़े गए 72 श्वानों को तीन केंद्रों में भेजा गया। इनमें 24 श्वानों को कजलीखेड़ा, 22 को आदमपुर और 26 को अरवलिया स्थित एबीसी सेंटर पहुंचाया गया। यहां श्वानों की नसबंदी के साथ एंटी रेबीज टीकाकरण भी किया जाएगा।

राज्यसभा प्रत्याशी हरदीप सिंह पुरी आज करेंगे नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय मंत्री व भाजपा के मप्र से राज्यसभा प्रत्याशी हरदीप सिंह पुरी आज 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे प्रदेश कार्यालय से नामांकन दाखिल करने के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति में विधानसभा पहुंचकर नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले पार्टी के राज्यसभा प्रत्याशी हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के साथ सुबह 10:30 बजे महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन करेंगे।



बोर्ड ऑफिस स्टेशन पर दो बार नहीं निकला टिकट, मदद के लिए कर्मचारी भी नहीं मिला

30 सेकंड में टिकट देने वाली मशीन पहले दिन ही हुई खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेट्रो में टिकट लेने के लिए यात्रियों को अब काउंटर की लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। गुरुवार से भोपाल के मेट्रो स्टेशनों पर टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा शुरू हुई।

दावा था कि यात्री मशीन से महज 30 सेकंड में टिकट प्राप्त कर सकेंगे, लेकिन भोपाल में सुविधा शुरू होने के पहले ही दिन व्यवस्था की पोल खुल गई। बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन पर मशीन से दो बार टिकट नहीं निकला। मशीन में खराबी आने के बाद उसे ठीक करना पड़ा। इस दौरान यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बोर्ड ऑफिस स्टेशन पर यात्री जब नई मशीन से टिकट लेने पहुंचे तो दो बार टिकट जनरेट नहीं हुआ। इसके बाद मशीन का मेंटेनेंस किया गया, तब टिकट निकला। हैरानी की बात यह रही कि मशीन के पास यात्रियों की मदद के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। यात्रियों ने मदद मांगी तो कर्मचारी ने भी मशीन की जानकारी नहीं होने की बात कही।





जैकेट का शेष

मिंटो रोड से...

महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पहले कहा था कि इस रैली में कम से कम 10 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

रैली रोकने की...

पर तेलंगाना का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि वहां ट्रेनें रद्द की गई हैं और लोगों को दिल्ली आने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस और केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है, दिल्ली की सीमाओं को लगभग सील कर दिया गया है, बस ऑपरेटरों पर दबाव बनाया जा रहा है और ट्रेन सेवाएं रद्द की जा रही हैं।

क्या है 'जन...

प्रतीकात्मक राजनीतिक कार्यक्रम है। यह संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की संवैधानिक प्रक्रिया नहीं है। विपक्ष का कहना है कि इस कार्यक्रम के जरिए वह चुनाव आयोग के खिलाफ अपने आरोपों को जनता के सामने रखेगा और लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही का मुद्दा उठाएगा।

कांग्रेस की रैली ...

अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों का दर्द सिख परिवार आज भी नहीं भूले हैं। 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक का समय उनके लिए बेहद पीड़ादायक रहा है। इस दौरान हजारों निर्दोष सिखों की हत्या की गई और उनके घरों व दुकानों को लूटा तथा आग के हवाले कर दिया गया।

सीआईएमएसएमई ने ...

व्यावसायिक क्षेत्रों में बार-बार होने वाले धरना-प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होता है। त्योहारों के दौरान यह समस्या और गंभीर हो जाती है, क्योंकि इस समय व्यापारिक गतिविधियां चरम पर रहती हैं। चेंबर ने मांग की है कि त्योहारों के दौरान किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के आसपास धरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाए, ताकि व्यापारियों और ग्राहकों को आवागमन में परेशानी न हो।

राहुल के बाद...

व्यापारियों में चिंता का माहौल है। सीटीआई ने पत्र में 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर हुई सभा का उदाहरण देते हुए कहा कि उस दिन महज 5 से 7 हजार लोगों के पहुंचने के बावजूद मध्य दिल्ली में आठ घंटे तक जाम लगा रहा था। ऐसे में प्रस्तावित रैली में 10 लाख लोगों के आने की संभावना के बीच यातायात व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है।सीटीआई ने आग्रह किया है कि रैली को दिवाली के बाद 10 या 11 नवंबर को आयोजित किया जाए, ताकि धनतेरस और दीपावली के दौरान कारोबार प्रभावित न हो।

तीन की मौत...

ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद तीन लोगों के शव सड़क पर पड़े थे, जबकि कार के अंदर खून से लथपथ बच्ची रो रही थी। कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। चुरहट अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अनूप सिंह के अनुसार तीनों मृतकों के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मौत हुई। बच्ची की हालत भी गंभीर बनी हुई है।

आदि कैलाश...

कैलाश यात्रा पर आए थे। शुक्रवार को यात्रा के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। दोस्त प्रतीक शर्मा के मुताबिक सात लोगों का दल दर्शन कर लौट रहा था। इसी दौरान शाम को तिलक को ऑक्सीजन की कमी महसूस हुई। दोस्तों ने अपने साथ रखी ऑक्सीजन किट से उन्हें ऑक्सीजन दी, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें गुंजी अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक का शव धारचूला उप जिला अस्पताल में रखा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। तिलक अपने पिता के साथ उज्जैन के महाकाल मंदिर में चांदी की श्रृंगार सामग्री बेचने का काम करते थे। वह परिवार के इकलौते बेटे थे और अगले साल उनकी शादी होने वाली थी।

रिश्ता टूटने पर...

करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में यह देखना जरूरी है कि क्या शुरुआत से ही धोखे या गलत जानकारी देकर यौन संबंध बनाने के लिए सहमति हासिल की गई थी या फिर रिश्ता टूटने के बाद व्यक्ति को पहले बने सहमति वाले संबंधों पर पछतावा हो रहा है। अदालत ने सवाल उठाया कि क्या किसी पुरुष को सहमति से बने रिश्ते से बाहर निकलने का अधिकार नहीं है? केवल रिश्ता खत्म करने के फैसले को धोखा या फ्रॉड नहीं कहा जा सकता। किसी व्यक्ति को इस आशंका से रिश्ते में बने रहने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता कि अलग होने पर उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज हो सकता है। पीठ ने कहा कि बीते समय को लेकर होने वाला पछतावा अपने आप में सहमति से बने शारीरिक संबंधों को अपराध में नहीं बदल देता।

कोर्ट की क्लिप...

क्लिप डिजिटल वाटरमार्क और क्रिप्टोग्राफिक सिग्नेचर से प्रमाणित हो, ताकि उसका मूल स्रोत पहचाना जा सके और छेड़छाड़ या गलत प्रस्तुति की गुंजाइश न रहे। यानी अदालत की कार्यवाही के वीडियो के इस्तेमाल के लिए एक आधिकारिक लकीर खींच दी जाए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ शुक्रवार को लाइव स्ट्रीमिंग और अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस बागची ने बताया कि कुछ हाई कोर्ट के यूट्यूब चैनलों से वीडियो के हिस्से डाउनलोड कर अलग से इस्तेमाल करने पर रोक लगाने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि इस संबंध में मिले सुझाव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भेज दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से प्रस्तावित नीति में ऐसा प्रावधान शामिल करने को कहा है, जिससे बिना अनुमति अदालत की कार्यवाही के ऑडियो-वीडियो क्लिप इंटरनेट पर अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

आज देश के नए ...

मार्शल वालिया वर्तमान में वायुसेना की पूर्वी कमांड के प्रमुख (एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ) के रूप में कार्यरत हैं। वायुसेना के मुताबिक, एयर मार्शल वालिया राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र रहे हैं। वह 11 जून 1988 को देश के हवाई रक्षा बल की लड़ाकू शाखा में कमीशन हुए थे। अपने करीब चार दशक लंबे करियर में उन्होंने वायुसेना के विभिन्न प्रकार लड़ाकू विमानों को उड़ाने का व्यापक अनुभव हासिल किया है। जिनमें मिग-21, मिग-23, मिग-27, जगुआर और सुखोई-30-एमकेआई जैसे कई विमान शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने कमांड से लेकर स्टाफ नियुक्तियों में भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाह किया है। वायुसेना के एक अग्रिम पंक्ति के एयरबेस में तैनात लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन को भी वह कमांड कर चुके हैं। जबकि टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बेट डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट (टीएसडीई) और एयरफोर्स स्टेशन बरेली को एयर मार्शल वालिया ने अपनी कमांड के जरिए नेतृत्व प्रदान किया है।

इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों ...

में भी कार्य कर चुके हैं। साथ ही जापान तथा दक्षिण कोरिया में भारतीय दूतावासों में एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया रक्षा अताशे की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। अकादमिक डिग्रियों की बात करें तो उनके पास रक्षा-सामरिक विषयों से जुड़ी परास्नातक की तीन डिग्रियां हैं। दूसरी ओर वायुसेना में अपने शानदार करियर के दौरान उन्हें कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें 2008 में वायुसेना मेडल, 2018 में अति विशिष्ट सेवा मेडल से उन्हें नवाजा जा चुका है।

बद्रीनाथ धाम से लौट रहा ...

में पायलट कैप्टन हिमांशु सभरवाल (48 वर्ष), निवासी दिल्ली,यात्री प्रतापा (41 वर्ष), निवासी कर्नाटक, अरुण सालुंके (44 वर्ष), निवासी कर्नाटक, वीबी शंकर गौड़ा (39 वर्ष), निवासी कर्नाटक, सुधीर के. (50 वर्ष), निवासी कर्नाटक, एचएस नटराजा (51 वर्ष), निवासी कर्नाटक शामिल हैं। सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं।

पेज एक का शेष

शासकीय सेवकों के...

जाएगी। इससे प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी बढ़ती महंगाई के बीच आर्थिक राहत मिलेगी। महंगाई राहत की वास्तविक राशि पेंशन की गणना राशि और संबंधित नियमों के आधार पर निर्धारित होगी।

विपक्ष देश में ...

पूर्णतः संविधान के अनुसार चल रहा है। अराजकता पैदा करने वालों को जनता नकार चुकी है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आम नागरिक सड़क पर उतरकर सरकार के साथ खड़ा है। पाटनीपुरा सभा में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी और महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित स्थानीय नेतृत्व ने भी विचार रखे। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि पार्टी इस अभियान को प्रदेश के अन्य संभागों में भी ले जाएगी ताकि जनता को भ्रमित करने वालों को करारा जवाब दिया जा सके।

मुरैना-श्योपुर के ...

पहाड़गंज सबरेंज के डिप्टी रेंजर कीर्ति कुमार शांडिल्य और बीट गार्ड दिनेश गरैया शामिल हैं। इसी तरह श्योपुर वन मंडल के विजयपुर क्षेत्र में पदस्थ तीन वनकर्मियों पर भी निलंबन की कार्रवाई हुई है। इनमें विजयपुर रेंज के रेंजर जाहर सिंह गौड़, डिप्टी रेंजर गब्बर सिंह बजोरिया और बीट गार्ड कुलदीप सिंह गुर्जर शामिल हैं।

मैदानी अमले ...

बावजूद चीता शावक को गोली लगने की घटना सामने आने के बाद विभागीय स्तर पर जवाबदेही का सवाल उठा। छह वनकर्मियों के निलंबन को इसी दिशा में बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। हालांकि, इस कार्रवाई के बाद अब यह सवाल भी महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या घटना के लिए केवल मैदानी अमला जिम्मेदार था या निगरानी व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होगी।

वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर भी सवालः चीता संरक्षण जैसी महत्वपूर्ण परियोजना में सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी केवल मैदानी कर्मचारियों तक सीमित नहीं है। इसमें अधिकारियों से लेकर ट्रैकिंग टीम और स्थानीय वन अमले तक की भूमिका होती है। ऐसे में छह कर्मचारियों के निलंबन के बाद जांच का दायरा कितना व्यापक होगा, इस पर भी नजर रहेगी। फिलहाल वन विभाग की कार्रवाई ने चीता संरक्षण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज कर दी है।

25 जनवरी से ...

अवधि में जनगणना नहीं होगी। मणिपुर में अगले आदेश तक प्रक्रिया टाल दी गई है। जनगणना से पहले लोगों को स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कराने का विकल्प मिलेगा। यह सुविधा 10 से 24 जनवरी 2027 तक उपलब्ध रहेगी। इसके बाद 25 जनवरी से घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना की जाएगी। एक से 5 मार्च 2027 तक आंकड़ों के पुनरीक्षण का काम होगा।

दो चरणों में पूरी ...

टालना पड़ा। केंद्र सरकार ने इस बार की जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया है।

2011 में 121 करोड़ थी देश की आबादीः देश में पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। उस समय भारत की कुल आबादी 121 करोड़ दर्ज की गई थी। इनमें 62.32 करोड़ पुरुष और 58.75 करोड़ महिलाएं थीं। देश में कुल 24.95 करोड़ परिवार थे। करीब 16 साल बाद होने वाली जनगणना से देश की मौजूदा आबादी और जनसांख्यिकीय स्थिति की जानकारी मिलेगी। इन आंकड़ों का उपयोग सरकारी योजनाओं के निर्माण, विकास कार्यों और संसाधनों के वितरण से जुड़े फैसलों में किया जाएगा।

7 दिन से भोपाल...

अपने सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं। शिवराज सोशल मीडिया पर भावुक संदेश लिखा कि मां का जाना जीवन में ऐसी रिक्तता छोड़ जाता है, जिसे कोई भर नहीं सकता। उनकी स्मृतियां मन को भावुक कर रही हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने जैत पहुंचकर शिवराज की मां को श्रद्धांजलि अर्पित की।

तनाव में बनाया था...

पहले वायरल वीडियो में महिला ने अपना नाम रश्मि नागर सिंह चौहान बताया था। उन्होंने दावा किया था कि मंत्री के साथ उनके करीब 20 साल से संबंध हैं। साथ ही मंत्री की पत्नी और रतलाम-झाबुआ से भाजपा सांसद अनीता चौहान पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। हालांकि, नागर सिंह चौहान ने इन आरोपों को झूठा बताया था।

न्यायालय तहसीलदार, नजूल वृत्त एम.पी. नगर भोपाल
(7 नंबर बस स्टॉप शिवाजी नगर भोपाल)
प्रकरण क्रमांक 1902/अ-6/25-26
// इश्तहार //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती चिंता पत्नी स्व. श्री मुद्रिका प्रसाद निवासी झुग्गी नं. 79 बी सेक्टर चांदमारी पिपलानी तहसील हुजूर जिला भोपाल द्वारा ग्राम ..... तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 141.1690 के अंश भाग रकबा 35x60=2100 वर्गफिट भूमि का नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 07 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 23/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार
नजूल एम.पी. नगर वृत्त भोपाल

जाहिर सूचना
(एक किता प्लाट क्रमांक ए-1, अवधपुरी कॉलोनी फेज-II, ग्राम खजुरी कला, भोपाल)
मै अपने पक्षकार LIC Housing Finance Ltd, कार्यालय 6A /6B, सूरी आर्केड, रायसेन रोड, भोपाल के अधिकृत अधिकारी के द्वारा प्रदान निर्देशानुसार व अधिकृत किये जाने से सर्व सावधारण को सूचित करता हूँ की (1) श्रीमती सरमन बाई पत्नी श्री महिपाल कटारे एवं (2) श्री महिपाल कटारे पुत्र श्री बन्नू लाल कटारे के द्वारा अपनी स्वामित्व व आधिपत्य का प्लाट क्रमांक ए–1 (A-1) जिसका क्षेत्र फल 23 गुणित 60 यानि 1380 वर्गफीट जो की अवधपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल के द्वारा ग्राम खजुरी कलां भोपाल में विकसित अवधपुरी कॉलोनी फेज–II में स्थित, जिसे उनके द्वारा अवधपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04.11.2004 के द्वारा क्रय किया गया था, जिसका इंद्राज उप पंजीयक कार्यालय, भोपाल में ग्रन्थ क्र. 21357 सरल क्रमांक 2067 (घ) में अंकित है को मेरे पक्षकार के कार्यालय में सम्यक बंधक कर गृह ऋण प्राप्त किया गया था एवं उक्त गृह ऋण का पूर्ण रूप से शोधन (यानि ऋण का पूर्ण भुगतान) (1) श्रीमती सरमन बाई पत्नी श्री महिपाल कटारे एवं (2) श्री महिपाल कटारे पुत्र श्री बन्नू लाल कटारे के द्वारा मेरे पक्षकार के कार्यालय में कर दिया गया है किन्तु उक्त संपत्ति/ भूखंड की उपरोक्त मूल विक्रय पत्र दिनांक 04.11.2004 मेरे पक्षकार के कार्यालय (स्टॉक होल्डिंग) से कही मिस प्लेस/गुम हो गई है। अत इस सूचना पत्र द्वारा सर्वसाधरण एवं आम लोगो को सूचित करता हूँ की उपरोक्त भूखंड सम्पूर्ण या उसके किसी भाग पर मेरे पक्षकार का कोई अधिकार या हित शेष नहीं रहा है यानि उपरोक्त संपत्ति पूर्णता भारमुक्त है।
संदीप गांगुली (अधिवक्ता)
तुषार गांगुली (अधिवक्ता)
कार्या. : ए-86, कमला नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल ब्रांच आफिस-प्लाट नं. 93-94, फर्स्ट फ्लोर, आर.के. टावर, हकीम रेस्टरेंट के पीछे, एम.पी. नगर भोपाल
मो. नं.- 9826089328

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
(विद्युत शाखा)
अटल भवन नवीन मुख्यालय तुलसी नगर
:: निविदा आमंत्रण सूचना ::
क्रमांक 197/वि.शा./2026 दिनांक-29.10.2026
निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज / आयटमरेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाईन टेण्डर नं.	कार्य स्थल का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर.	निविदा की अवधि	कार्य की अवधि
1	2026_UAD_546505_1	Street light arrangement from Vishram Ghat to Barkheda pathani in ward no. 56 Zone no. 14 Bhopal	1202330/-	9100/-	2000/-	Registered Electrical contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license	MPUADD Electrical SOR 2021, MPPWD SOR 2024 and NON SOR	1 माह	3 माह

नियम व शर्तें :- निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे। समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह website पर प्रदर्शित होगा। वह पृथक से सामाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा।
नि.क्र.-962/026/027
कार्यपालन यंत्री (वि.)
नगर निगम, भोपाल

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है, खरीदना है, बेचना है, व्यापार, विकित्सा, ज्योतिष, डिफ्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


This festive season just got special.
Raymond
SINCE 1925
Auth. Stockist
DESIGNER SUIT | INDO WESTERN | KURTA PAJAMA
Guide Collection
80-B, Malviya Nagar, Roshanpura Chouraha, Bhopal
Contact : 0755-4009286
Style Comfort Elegance
Premium Fabrics
Latest Designs
Perfect Fit
Warm Regards - Tailors Guide Brothers, New Market, Bhopal


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 इंच लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। ब्रेस्ट टोनर क्रिम लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

शब्द पहेली - 6394



बाएँ से दाएँ
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

ऊपर से नीचे
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

शब्द पहेली -6393 का हल

	भ	स्मा	रु	र		दा	न	वी	र	
नौ			ब	स		न	ग			म
ज	प		ह	म	ला	व	र		म	ल
वा	र				न				न	म
न	व	जा	त		त		अ	न	मो	ल
	र		ह	रा	म	खो	र		ह	
अ	दि	क्षी	त		ला		ज	मा	न	त
स	ग				म				सिं	ह
मा	र		क	म	त	र	ता		ह	ल
न			मा	ही		ज	ड़			का
	म	स	ल	न		क	ल	ग	त	

सूडोकु नवताल - 6404

कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6403 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

राशिफल

मेष मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

खबर संक्षेप

केनस्टार ने लांच किया नया वाटर हीटर कैंपेन

नई दिल्ली। घरेलू उपकरण ब्रांड केनस्टार ने बॉलीवुड जोड़ी राजकुमार राव और पत्रलेखा के साथ अपना नया वाटर हीटर कैंपेन 'हीट्स फास्ट, मेक इट लास्ट' लांच किया है। कैंपेन में तेज हीटिंग, टिकाऊ प्रदर्शन और बेहतर ग्राहक अनुभव पर जोर दिया गया है। टीवी विज्ञापन में राजकुमार राव और पत्रलेखा की हल्की-फुल्की नोकझोंक के जरिए वाटर हीटर की खूबियों को दिखाया गया है।

नमदेव में अमित वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त

जयपुर। वित्तीय सेवाएं देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी नमदेव फिनवेस्ट लिमिटेड ने अमित सैनी को जोखिम प्रबंधन विभाग का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति का उद्देश्य कंपनी की जोखिम प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करना और जिम्मेदार ऋण वितरण को बढ़ावा देना है। सैनी को खुदरा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) वित्त के क्षेत्र में जोखिम प्रबंधन का लंबा अनुभव है।

ट्रूकॉलर ने लांच किया 10 एमबी का हल्का एप

मुंबई। ट्रूकॉलर ने भारत में 'ट्रूकॉलर लाइट' एप लांच किया है, जो कम स्टोरेज और मेमोरी वाले एंड्रॉइड मोबाइल फोन पर भी कॉलर की पहचान और स्पैम कॉल ब्लॉक करने की सुविधा देगा। लगभग 10 एमबी आकार वाला यह ऐप 4 जीबी तक रैम वाले फोन पर भी काम करता है। ट्रूकॉलर के मुताबिक, इसकी तकनीक ने वर्ष 2025 में 68 अरब स्पैम और धोखाधड़ी वाली कॉल की पहचान की थी।

सोनाटा ने पेश किया नया कलेक्शन

मुंबई। घड़ी ब्रांड सोनाटा ने धनतेरस के अवसर पर अपने सोनाटा गोल्ड कलेक्शन को नए डिजाइन और रंगों के साथ पेश किया है। इस कलेक्शन में 22 कैरेट सोने के सिक्के वाली घड़ियां शामिल हैं, जो परंपरा और आधुनिकता का मेल प्रस्तुत करती हैं। नया कलेक्शन नीले और हरे रंग में उपलब्ध है। इसमें गोल्ड-टोन बेजल, आकर्षक डायल और बारीक कारीगरी को शामिल किया गया है।

वनप्लस के स्मार्टफोन टैबलेट पर भारी छूट

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में वनप्लस ने अपने स्मार्टफोन, टैबलेट और ऑडियो प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। वनप्लस 15आर की प्रभावी कीमत 59,999 रुपए, वनप्लस 13एस की 61,999 रुपए और वनप्लस नॉर्ड 6 की 42,999 रुपए रखी गई है। वहीं बजट सेगमेंट में एन6एक्स 17,499 रुपए और एन6 लाइट 14,249 रुपए में उपलब्ध है। वनप्लस पैड 4 बैंक ऑफर के बाद 58,999 रुपए में मिल रहा है।

बीपीसीएल ने कराई 300 बच्चों की निःशुल्क सर्जरी

ग्वालियर। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी और स्माइल ट्रेन इंडिया ने लगातार तीसरे वर्ष साझेदारी करते हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत मध्य प्रदेश के सागर, ग्वालियर, उज्जैन और भोपाल संभाग के 23 जिलों में कटे होंठ और तालू की समस्या से पीड़ित 300 बच्चों की निःशुल्क सर्जरी कराई जाएगी। अभियान के माध्यम से परिवारों को बीमारी की पहचान और उपचार के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

विशेषज्ञों ने बताया बालों की सेहत का राज

इंदौर। विशेषज्ञों के अनुसार, स्वस्थ और मजबूत बालों के लिए शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनाए रखना जरूरी है। हालांकि, केवल अधिक पानी पीने से बालों की ग्रोथ या चमक बढ़ने की गारंटी नहीं है। यूरेका फोर्ब्स के एक्वागार्ड नैनोपोर फिल्टर पानी में निर्धारित दूषित तत्वों को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि, सुरक्षित पानी और पर्याप्त जलयोजन जरूरी हैं, लेकिन इन्हें बाल उगाने का उपचार नहीं माना जाना चाहिए।

एआई रोबोट और 'वॉल ऑफ थाउजेंड्स ड्रीम्स' रहे आकर्षण का केंद्र, विकसित भारत की प्रस्तुतियों ने जगाया राष्ट्र निर्माण का उत्साह

पीपुल्स यूनिवर्सिटी में 'दीक्षारंभ-2026' का भव्य आयोजन, नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीपुल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल में शुक्रवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 'दीक्षारंभ-2026' का भव्य आयोजन किया गया। आधुनिक तकनीक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, रचनात्मक गतिविधियों और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान से सजे इस कार्यक्रम ने नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं नवाचारपूर्ण गतिविधियों से परिचित कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'वेलकम पीपुलाइट्स' संदेश के साथ आकर्षक ड्रोन शो से हुई। इसके बाद 'वॉल ऑफ थाउजेंड्स ड्रीम्स' गतिविधि में विद्यार्थियों ने अपने भविष्य के सपनों और लक्ष्यों को कार्ड पर लिखकर प्रदर्शित किया। वहीं, 'ब्रेकिंग पैराडाइम ऑफ थिंकिंग' विषय पर क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन मतदान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत रोबोट द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। सरस्वती वंदना के साथ औपचारिक सत्र का शुभारंभ हुआ।



'वेलकम पीपुलाइट्स संदेश के साथ आकर्षक ड्रोन शो आयोजित

उपलब्धियों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया

इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एआई रोबोट से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका रोबोट ने संतोषजनक जवाब दिया। कुलगुरु प्रो. (डॉ.) हरीश राव ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक सुविधाओं और सर्वांगीण विकास के अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से कैंपस जीवन और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। वहीं, विकसित भारत विषय पर आधारित नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति ने राष्ट्र निर्माण के प्रति विद्यार्थियों में उत्साह जगाया। समारोह में अंतरराष्ट्रीय युवा महोत्सव में मॉरीशस और नेपाल में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों, गणतंत्र दिवस परेड-2026 में नई दिल्ली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा आईआईटी मुंबई के तकनीकी महोत्सव में रोबोटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कुलगुरु प्रो. (डॉ.) हरीश राव एवं कुलसचिव डॉ. नीरजा मलिक ने सम्मानित किया। 'दीक्षारंभ-2026' ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नई शैक्षणिक यात्रा के लिए प्रेरित करने के साथ नवाचार, रचनात्मकता और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया।

सातवें राष्ट्रीय एडैक्स अवॉर्ड्स में विश्वविद्यालय को मिली पहचान

वीआईटी को मिला 'मप्र का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान-2026' का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 'मध्य प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान-2026' का सम्मान प्राप्त किया है। पुणे में आयोजित सातवें राष्ट्रीय एडैक्स अवॉर्ड्स-2026 में विश्वविद्यालय को शैक्षणिक पुरस्कार श्रेणी के अंतर्गत यह सम्मान प्रदान किया गया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था, शैक्षणिक लचीलेपन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान है।

इंडियन एंटरप्रेन्योर मैगजीन द्वारा आयोजित इस समारोह में 'द फ्यूचर यूनिवर्सिटी 2035 : भविष्य के विश्वविद्यालयों का स्वरूप' विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की गई। इसमें वीआईटी भोपाल के कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने उच्च शिक्षा के बदलते स्वरूप और विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में विश्वविद्यालयों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों को सराहना



सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान-2026 का सम्मान प्राप्त करते हुए

संगठनात्मक कौशल विकसित कर सकते हैं

प्रो. मोढ़ ने बताया कि विश्वविद्यालय में 100 से अधिक तकनीकी और सांस्कृतिक क्लब संचालित हैं। उन्होंने समावेशी शिक्षा की दिशा में संचालित 'स्टार्स' कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों के सरकारी स्कूलों से प्रत्येक जिले के 110 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, जिनमें एक छात्र और एक छात्रा शामिल हैं, को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।

सुनील भारती मित्तल 'लीजन ऑनर' से नवाजे गए

नई दिल्ली। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नेशनल ऑर्डर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' के शेवेलिए की उपाधि से सम्मानित किया गया है। फ्रांस सरकार ने मित्तल को यह सम्मान भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने तथा दूरसंचार, डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया है। समारोह को संबोधित करते हुए फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथू ने कहा कि मित्तल ने दोनों देशों के व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सुनील भारती मित्तल ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। फ्रांस के साथ उनका व्यावसायिक जुड़ाव वर्ष 1992 में एयरटेल की स्थापना के समय शुरू हुआ था।

जियो की हिस्सेदारी करीब 86 फीसदी

जियो ने सितंबर में एयरटेल से 10 गुना ज्यादा मोबाइल ग्राहक जोड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस जियो ने मोबाइल ग्राहक जोड़ने के मामले में सितंबर में एयरटेल को काफी पीछे छोड़ दिया। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की सितंबर की रिपोर्ट पर आधारित डीएएम कैपिटल और आईआईएफएल कैपिटल के विश्लेषण के मुताबिक, मशीन से मशीन (एम2एम) कनेक्शन हटाने के बाद जियो ने 19 लाख नए मुख्य मोबाइल ग्राहक जोड़े, जबकि एयरटेल के ग्राहकों में केवल 2 लाख की बढ़ोतरी हुई।

इस तरह जियो ने एयरटेल के मुकाबले करीब 10 गुना ज्यादा ग्राहक जोड़े। देश में सितंबर के दौरान मुख्य मोबाइल ग्राहकों की कुल संख्या में 22 लाख का इजाफा हुआ। इसमें अकेले जियो की हिस्सेदारी करीब 86 फीसदी रही। मुख्य मोबाइल ग्राहकों की गणना में मशीनों और उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले एम2एम कनेक्शन शामिल नहीं किए जाते। सक्रिय मोबाइल उपभोक्ताओं के मामले में भी जियो का प्रदर्शन बेहतर रहा। डीएएम कैपिटल की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में जियो के सक्रिय उपभोक्ताओं की संख्या 13 लाख बढ़ी। ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर के अंत तक जियो के कुल मोबाइल ग्राहकों की संख्या 51.11 करोड़ पहुंच गई। वहीं, एयरटेल के पास 49.43 करोड़, वोडाफोन आइडिया के पास 20.01 करोड़ और सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के पास 9.43 करोड़ ग्राहक थे।

मानसरोवर डेंटल कॉलेज में 'प्रवेशम-2026' का आयोजन, छात्रों ने ली शपथ

व्हाइट कोट समारोह में भावी दंत चिकित्सकों ने लिया सेवा और नैतिक मूल्यों का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानसरोवर डेंटल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में बीडीएस प्रथम वर्ष के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'प्रवेशम-2026' आयोजित किया गया। इस अवसर पर व्हाइट कोट समारोह में विद्यार्थियों ने चिकित्सा क्षेत्र के नैतिक मूल्यों, सेवा भावना और मरीजों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. चंद्रेश शुक्ला, कजलीखेड़ा थाना के उपनिरीक्षक संतोष कुमार, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय और डेंटल कॉलेज के डीन डॉ. गुरुदत्त नायक ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। डॉ. चंद्रेश शुक्ला ने एंटी रैगिंग पर प्रस्तुति देते हुए शिक्षण संस्थानों में सुरक्षित और अनुशासित वातावरण के महत्व को बताया। प्राचार्य डॉ. गुरुदत्त नायक ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को दंत चिकित्सा शिक्षा, नैतिक मूल्यों और कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित कराना है। डॉ. मयंक शर्मा ने मार्गदर्शन सत्र लिया, जबकि उपप्राचार्य डॉ. तृप्ति रहांगडाले ने विद्यार्थियों को चरक शपथ दिलाई। मानसरोवर समूह की सीएमडी श्रीमती मंजुला तिवारी और सीईडी इंजीनियर गौरव तिवारी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। डॉ. अमिता गुप्ता ने आभार व्यक्त किया तथा डॉ. ऋचा अग्रवाल ने मंच संचालन किया।



संस्थानों में सुरक्षित और अनुशासित वातावरण के महत्व को बताते हुए

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान
DR. SYAMA PRASAD MOOKERJEE NATIONAL INSTITUTE OF WATER AND SANITATION
(An autonomous Institution under Dept. of Drinking Water & Sanitation, Ministry of Jal Shakti, GoI)
Email: spm.niwas@gov.in | Website: www.spmniwas.in

VACANCY NOTIFICATION
(A-12013/1/2024-SPM-NIWAS-DDWS)

Dr. Syama Prasad Mookerjee National Institute of Water and Sanitation (SPM-NIWAS), Kolkata, an autonomous institution under the Dept. of Drinking Water & Sanitation, Ministry of Jal Shakti, GoI invites applications for the following positions on contractual basis:

1. Senior Consultant (Sanitation & SBM)-1 (one) post
2. Senior Consultant (SBCC & Community Engagement)-1 (one) post

Details of eligibility conditions are available in www.spmniwas.in website.

Last date of receipt of application: 30 days from the date of publication.

CBC 45128/11/0008/2627 Scan for Details

बिजनेस न्यूज

एलएनसीटी में इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड 2026 का आयोजन, 50 क्रिएटर्स सम्मानित

भोपाल। डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली क्रिएटर्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एलएनसीटी कॉलेज में इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड 2026 का भव्य आयोजन किया गया। सीईएम कंपनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 500 से अधिक इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स ने नामांकन कराया, जिनमें बड़ी संख्या भोपाल के युवाओं की रही। कार्यक्रम में बिग बॉस फेम अभिनेत्री चाहत पांडे विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे के साथ चयनित क्रिएटर्स को सम्मानित किया। चयन प्रक्रिया के तहत प्रतिभागियों की प्रतिभा, योग्यता और उनके कार्यों का मूल्यांकन कर करीब 50 उत्कृष्ट क्रिएटर्स को सम्मान दिया गया।



खाद्य एवं औषधि प्रशासन का ईट राइट इंडिया अभियान, तैयार होगा बहु-क्षेत्रीय रोडमैप

भोपाल। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने ईट राइट इंडिया अभियान के तहत भोपाल में राज्य स्तरीय परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया। 'नरिशिंग माइंड्स, शेपिंग फ्यूचर्स' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में सरकारी विभागों, नियामक संस्थाओं और उद्योग जगत के 40 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने और पोषण सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए साझा रणनीति तैयार करना रहा। कार्यक्रम में एफडीए की संयुक्त नियंत्रक टीना यादव, अभिहित अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक संचालक मंजुला शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पोषण संबंधी चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार रखे। चर्चा में खाद्य पदार्थों के फोर्टिफिकेशन, खाद्य गुणवत्ता, प्रभावी निगरानी और जन-जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। टीना यादव ने कहा कि छिपी भूख (हिडन हंगर) की समस्या से निपटने के लिए साक्ष्य आधारित रणनीतियों और विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता है। मंजुला शर्मा ने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से बच्चों की नियमित मासिक स्वास्थ्य जांच कर हेल्थ कार्ड तैयार किए जा रहे हैं।

जीएसटी में 1 नवंबर से होंगे बड़े बदलाव होटल-कैटरिंग को कर क्रेडिट में राहत

भोपाल। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में 1 नवंबर 2026 से कई महत्वपूर्ण बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इनका सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग, ऑनलाइन व्यापार, माल परिवहन और कबाड़ के पुनर्चक्रण से जुड़े कारोबारियों पर पड़ेगा। नई व्यवस्था में प्रयुक्त खाद्य तेल, प्लास्टिक कचरा, पुराने टायर और इलेक्ट्रॉनिक कचरे की खरीद पर निर्धारित शर्तों के तहत पंजीकृत खरीदार को स्वयं जीएसटी जमा करना होगा। वहीं, होटल और कैटरिंग कारोबार को कर क्रेडिट के मामले में राहत मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत अपंजीकृत विक्रेताओं से प्रयुक्त खाद्य तेल, प्लास्टिक कचरा, पुराने टायर और इलेक्ट्रॉनिक कचरा खरीदने वाले पंजीकृत कारोबारियों को निर्धारित शर्तों के अनुसार रिवर्स चार्ज व्यवस्था के तहत जीएसटी चुकाना होगा। वित्त मंत्रालय की 27 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना संख्या 04/2026 के माध्यम से वर्ष 2017 की मूल अधिसूचना में इन वस्तुओं से संबंधित चार नई प्रविष्टियां जोड़ी गई हैं। यह व्यवस्था 1 नवंबर से लागू होगी। रिवर्स चार्ज में कर जमा करने की जिम्मेदारी विक्रेता के बजाय खरीदार की होती है। इससे कबाड़ी, छोटे संग्रहकर्ताओं और पुनर्चक्रण कारोबार से जुड़े पंजीकृत व्यापारियों को खरीद का हिसाब रखने और समय पर कर जमा करने की व्यवस्था मजबूत करनी होगी। जीएसटी बदलावों के तहत होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसायों में पात्र इनपुट सेवाओं पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का प्रावधान किया गया है। होटल और बाहर से भोजन उपलब्ध कराने वाली कैटरिंग सेवाओं में यह क्रेडिट अधिकतम 5 प्रतिशत कर की सीमा के अधीन रहेगा। एडवोकेट पुष्पेश पालीवाल, उपाध्यक्ष, जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन, मध्य प्रदेश के अनुसार, कारोबारियों को नई व्यवस्था के अनुरूप बिलिंग, लेखांकन और कर अनुपालन की तैयारी समय रहते कर लेनी चाहिए।



मप्र भी दिखाएगा भारत नवकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन के उद्घाटन पर ताकत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 नवंबर 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत नवकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से आयोजित यह चार दिवसीय आयोजन 2 से 5 नवंबर तक चलेगा। इसमें 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। 'इन्वेस्ट. इनोवेट. इंस्पायर' थीम पर आधारित इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेता, निवेशक, उद्योगपति, नीति निर्माता और ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य पर चर्चा करेंगे। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ भागीदार के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन में मध्य प्रदेश सहित 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी नवकरणीय ऊर्जा क्षमता, निवेश संभावनाओं और विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। मध्य प्रदेश के साथ गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा, बिहार, असम, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, दिल्ली और पश्चिम बंगाल भी भागीदारी करेंगे। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव संतोष सारंगी ने बताया कि भारत में गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा की स्थापित क्षमता 308 गीगावाट हो गई है। देश का लक्ष्य वर्ष 2030 तक इसे 500 गीगावाट तक पहुंचाना है।

नाबार्ड ने सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2606 करोड़ मंजूर किए

भोपाल। मध्यप्रदेश के किसानों के लिए बड़ी राहत की खबर है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने प्रदेश की दो बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2606.04 करोड़ रुपए की ऋण सहायता मंजूर की है। इन परियोजनाओं से चार जिलों के 392 गांवों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा और करीब 1.70 लाख किसानों को लाभ मिलेगा। दोनों योजनाओं के जरिए कुल 1,25,977 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। नाबार्ड ने ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि के तहत यह मंजूरी दी है। इसमें सबसे बड़ी परियोजना धार जिले की कुक्षी माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना है। इसके लिए 1500 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। परियोजना से कुक्षी, मनावर, गंधवानी और दही तहसीलों के 247 गांवों में 75 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इससे लगभग 1.40 लाख किसान लाभान्वित होंगे।

डेला समूह का 2,250 करोड़ रुपए का प्रस्ताव अहम पड़ाव : मीक

भोपाल। राजधानी भोपाल की प्राकृतिक सुंदरता, पर्यटन संभावनाओं और विशिष्ट पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में डेला समूह की निवेश पहल को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर एवं क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने डेला समूह के प्रस्तावित 2,250 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भोपाल की खूबियों को निवेश, रोजगार और आर्थिक समृद्धि में बदलने के नए अवसर मिलेंगे। डेला समूह की पहल इसी दिशा में सकारात्मक उम्मीद जगाती है। उल्लेखनीय है कि डेला समूह के जिमी मिस्त्री ने मध्यप्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रस्तावित 'डेला रेसकोर्स भोपाल' का कुल विकास मूल्य 2,250 करोड़ रुपए बताया गया है। 220 एकड़ में विकसित होने वाली इस परियोजना में 930 विला, 128 ब्रांडेड आवास, 300 से अधिक कमरों वाला पांच सितारा वन्यजीव पर्यटन रिसॉर्ट, घुड़सवारी और पोलो जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं। मीक के अनुसार, ऐसी परियोजनाओं से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और परिवहन, खानपान, हस्तशिल्प व छोटे कारोबारों के अवसर बढ़ेंगे।



सात्विक ग्रीन ने लांच किया नया हाई-एफिशिएंसी सोलर मॉड्यूल

नई दिल्ली। सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित आरईआई एक्सपो 2026 में क्वाड-कट टॉपकॉन 3.0 ड्यूल ग्लास बाइफेशियल सोलर मॉड्यूल लॉन्च किया। इसका उद्घाटन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी के महानिदेशक मोहम्मद रिहान ने किया। कंपनी के अनुसार, नया मॉड्यूल 670 वॉट-पीक तक का पावर आउटपुट और 24.8 प्रतिशत तक दक्षता प्रदान करता है।

कार्यालय संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल
भदभदा रोड़ भोपाल-462003
E-mail: fdvanvnp.bpl@mp.gov.in Phone & Fax 0755-2674278
क्रमांक / भंडार / 3581 :: ई-निविदा सूचना :: भोपाल, दिनांक - 24/10/26

गिद्ध संबर्धन केन्द्र केरवा में रखे गये गिद्धों के भोजन हेतु वर्ष 2026-27 में बकरा मांस के प्रदाय हेतु अधिकृत विक्रेताओ से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज/प्रपत्र वेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रु 1000/- (एक हजार रुपये) ऑनलाइन पोर्टल पर Credit card/ Debit card/ Internet banking भुगतान कर वेवसाइट https://mptenders.gov.in क्रय किये जा सकेगे।

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि 31.10.2026 Time 02:00 PM
2. Bid Submission start date 31.10.2026 Time 02:00 PM
3. Pre-Bid Meeting date 10.11.2026 Time 11:00 AM
4. Bid Submission end date 20.11.2026 Time 02:00 PM
5. Bid Opening date 23.11.2026 Time 02:00 PM

संचालक
G-20788/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल

कार्यालय वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, झाबुआ (म.प्र.)
राणापुर रोड मोजीपाडा नर्सरी कैम्पस झाबुआ म.प्र.
E-Mail :- ccfre.jhb@mp.gov.in
// निविदा सूचना //

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1625 झाबुआ दिनांक 27/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामाजिक वानिकी वृत्त झाबुआ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में वन विज्ञान केन्द्र की स्थापना हेतु इलेक्ट्रानिक एवं फर्नीचर सामग्री क्रय के लिए www.mptenders.gov.in के माध्यम से आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ई निविदा क्रमांक- 2026_MPFD_545835_1 के माध्यम से देखी जा सकती है।

निविदा शर्तें :- 1. सामाजिक वानिकी वृत्त, झाबुआ अन्तर्गत समस्त इकाईयों के वन विस्तार अधिकारी द्वारा किये गये आदेश अनुसार आदेशित स्थल पर सामग्री प्रदाय करना होगी ।
2. निविदा दरे कार्य स्थल तक परिवहन लोडिंग/अनलोडिंग, व्यय एवं समस्त देय करों सहित प्रस्तावित करना होगा
3. भुगतान राशि से नियमानुसार समस्त देय करों की कटोत्री की जाएगी ।
4. फर्म के वर्तमान पंजीयन की छायाप्रति ।
5. जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति ।
6. निविदाकार के द्वारा निविदा की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर निविदा निरस्त की जाकर सत्यकार की राशि शासन के पक्ष में अधिग्रहित की जाएगी ।
7. निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 1000/- तथा ईएमडी की राशि रु 39000/- (रु. उनचालीस हजार रुपए मात्र) है, निविदाएँ आनलाईन ही क्रय की जा सकेगी एवं आनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी ।

निविदा समय सारणी

विवरण	दिनांक	समय
Tender Publishing Date and Time	Date 28/10/2026 Time 12.00 PM	निविदा से आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दर्षित है।
Tender Sale Start Date and Time	Date 28/10/2026 Time 12.00 PM	
Pre Bid Meeting Date	-	
Bid Submission Start Date and Time	Date 28/10/2026 Time 12.00 PM	
Bid Submission Close Date and Time	Date 17/11/2026 Time 12.00 PM	
Bid Opening Date and Time	Date 18/11/2026 Time 12.00 PM	

वनमण्डलाधिकारी
G-20795/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " सामाजिक वानिकी वृत्त झाबुआ

चिंतन

डिजिटल करंसी की बड़ी कमजोरी उजागर



एसआईआर

ओ. पी. चौधरी

डिजिटल अर्थव्यवस्था के दौर में क्रिप्टोकरेंसी को भविष्य की मुद्रा और वित्तीय लेन-देन की नई क्रांति के रूप में पेश किया जाता रहा है। दावा किया जाता है कि ब्लॉकचेन तकनीक पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था से अधिक पारदर्शी, तेज और सुरक्षित है। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस से महज 20 मिनट में 6.3 अरब डॉलर यानी करीब 60 हजार करोड़ रुपए की क्रिप्टो संपत्ति चोरी होना डिजिटल करेंसी की गंभीर खामियों को उजागर करता है। यदि इतनी बड़ी डिजिटल व्यवस्था में सेंध लग सकती है तो छोटे निवेशकों की पूंजी की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? यह घटना केवल एक कंपनी की सुरक्षा में चूक का मामला नहीं, बल्कि तेजी से फैलते क्रिप्टो बाजार की संरचनात्मक कमजोरियों का संकेत है। खबरों के मुताबिक, साइबर हमलावरों ने बाइनेंस के ट्रांजेक्शन वॉयलेट्स को निशाना बनाया। कंपनी ने एहतियातन निकासी पर रोक लगाई और ग्राहकों को संभावित नुकसान की भरपाई का भरोसा दिया है। सुरक्षा जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस और साइबर विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है। ब्लॉकचेन रिसर्च फर्म टीआरएम लैब्स ने इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों की भूमिका का दावा किया है। बाइनेंस ने करीब तीन अरब डॉलर यानी लगभग 29 हजार करोड़ रुपये की डिजिटल संपत्तियां फ्रीज करने की जानकारी दी है। यह कार्रवाई बताती है कि डिजिटल दुनिया में चोरी की गई संपत्ति को रोकना संभव है, लेकिन उसे वापस हासिल करना आसान नहीं। वर्ष 2025 में बायबिट एक्सचेंज से 1.5 अरब डॉलर और 2022 में रोनिन नेटवर्क से 62.5 करोड़ डॉलर की चोरी हुई थी। इसके अलावा वजीरएक्स में भी करोड़ों की चोरी हो चुकी है। बाइनेंस से कथित 6.3 अरब डॉलर की चोरी इन दोनों घटनाओं से कहीं बड़ी है। यदि यह आंकड़ा जांच में पुष्ट होता है तो इसे क्रिप्टो बाजार की सबसे बड़ी सेंधमारी में गिना जाएगा। इस घटना के बाद बिटकॉइन सहित कुछ क्रिप्टोकरेंसी में पांच प्रतिशत से अधिक गिरावट भी दर्ज होने की खबर है। बाइनेंस के 100 से अधिक देशों में 30 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इनमें अनुमानित दो से ढाई करोड़ भारतीय भी शामिल हैं। कंपनी का आश्वासन अहम है, लेकिन निवेशक का भरोसा केवल बयान से नहीं, पारदर्शी जांच और नुकसान की वास्तविक भरपाई से कायम होगा। निवेशकों को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि डिजिटल संपत्ति होने के कारण उनका पैसा सुरक्षित हो जाता है। क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट, नियमित खुलासा, पर्याप्त रिजर्व, मजबूत साइबर सुरक्षा और आपात स्थिति में ग्राहकों के हितों की रक्षा के स्पष्ट नियम जरूरी हैं। एक्सचेंजों को अपनी संपत्तियों और ग्राहकों की देनदारियों का नियमित सत्यापन कराना चाहिए। तकनीक अपने आप में न सुरक्षित होती है, न असुरक्षित; उसकी विश्वसनीयता उसे संचालित करने वाली व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और जवाबदेही से तय होती है। क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में विकेंद्रीकरण और स्वतंत्रता के बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन संकट के समय निवेशक उसी एक्सचेंज और उसकी व्यवस्था पर निर्भर हो जाता है। बाइनेंस प्रकरण का सबसे बड़ा सबक यही है कि डिजिटल मुद्रा का भविष्य केवल तकनीकी नवाचार से नहीं, बल्कि मजबूत सुरक्षा, पारदर्शिता और निवेशक संरक्षण से तय होगा। सरकारों और नियामक संस्थाओं को भी इसे केवल निवेश का नया विकल्प मानने के बजाय वित्तीय सुरक्षा से जुड़ी चुनौती के रूप में देखना होगा। भरोसा टूटने पर दोबारा बनाने में वर्षों लगते हैं।

संवैधानिक प्रक्रिया से परहेज क्यों

> लोकतंत्र में जनता के आदेश को ही सर्वोपरि माना जाता है, लेकिन मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस चुनाव आयोग और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाकर एक गलत परिपाटी की शुरुआत कर रही है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। संविधान के अनुच्छेद 324 में मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण आयोग को सौंपा गया है। अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारत का नागरिक, जो 18 वर्ष का हो और अयोग्य न हो, मतदाता सूची में दर्ज होने का हकदार है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) आयोग को विशेष पुनरीक्षण का अधिकार देती है, और धारा 16 गैर-नागरिकों को सूची से बाहर रखती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर को अनुच्छेद 324 और धारा 21 (3) के तहत वैध ठहराया।

पीठ ने कहा कि यह प्रक्रिया संवैधानिक अधिदेश को जीवंत करती है। बाद में अदालत ने एसआईआर की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए कहा कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाती है। जब देश की सर्वोच्च अदालत ने प्रक्रिया को वैध माना है, तब उसे 'लोकतंत्र पर हमला' बताना जनता को भ्रमित करने की कोशिश भर है। मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भारतीय चुनावी व्यवस्था का पुराना हिस्सा है। आज़ादी के बाद 1952 से अब तक देश में ऐसे 8 बार मतदाता सूची पुनरीक्षण हो चुके हैं। इनमें से अधिकांश उस दौर में हुए जब केंद्र में कांग्रेस की सरकारें थीं। तब न इन्हें असंवैधानिक कहा गया, न 'वोट चोरी' का नाम दिया गया। पिछला गहन पुनरीक्षण 2002-04 में हुआ था। दो दशक से अधिक समय में तेज शहरीकरण, बड़े पैमाने पर पलायन, मृत मतदाताओं के नाम न हटने और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों जैसी समस्याएं बढ़ीं।

ऐसे में सूची की शुद्धता के लिए नया पुनरीक्षण स्वाभाविक कदम था। सवाल यह है कि जो पार्टी पहले ऐसी प्रक्रियाओं की साक्षी रही, वह आज इसे संदिग्ध क्यों बता रही है। कांग्रेस आज निष्पक्षता की दुहाई देती है, लेकिन चुनाव आयोग के साथ उसका अपना इतिहास सवालों से भरा है। 1989 तक चुनाव आयोग एकल सदस्यीय हुआ करता था। राजीव गांधी सरकार ने आम चुनाव की घोषणा से महज एक महीने पहले उसे तीन सदस्यीय बना दिया। आज ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस के शासन में पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन से लेकर आगे तक आयोग के कई शीर्ष अधिकारियों के राजनीतिक सफर पर भी नज़र डालिए। टी.एन. शेषन बाद में कांग्रेस के टिकट पर गांधीनगर में लालकृष्ण आडवाणी के खिलाफ चुनाव लड़े। एम.एस. गिल सेवानिवृत्ति के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय मंत्री बने।

नवीन चावला की नियुक्ति और कार्यकाल को लेकर विवाद रहा, और आपातकाल की ज्यादतियों की जांच करने वाले शाह आयोग ने उनके क्रियाकलापों पर आपत्ति भी जताई थी। एसआईआर का उद्देश्य स्पष्ट है। मृत, स्थानांतरित और दोहरे नाम हटें, अपात्र या गैर-



नागरिक सूची में न रहें, और हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो। लेकिन कांग्रेस सबसे बड़ा झूठ फैला रही है कि 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काट दिए गए। जबकि यह संख्या अंतिम सूची से हटाए गए नामों की नहीं, बल्कि मसौदा सूची बनाते समय अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरी प्रविष्टि (एएसडीडी) की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं की है। इनमें लगभग 2.8 करोड़ मृत, लगभग 3 करोड़ अनुपस्थित या खोजे न जा सके, लगभग 6.3 करोड़ स्थायी रूप से अन्यत्र बसे और लगभग 1 करोड़ एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाता हैं। यानी इस आंकड़े का हर हिस्सा मृतकों, पलायन कर चुके लोगों और दोहरी प्रविष्टियों का है। जिस सूची में 2.8 करोड़ दिवंगत लोग मतदाता बने हुए थे, उसे वैसे ही चलने देना चुनाव की शुचिता के साथ न्याय कैसे होता? और जिनके नाम एक से अधिक जगह थे, उन्हें दोबारा वोट डालने का मौका देना किसके हित में होता? कांग्रेस ने 2014 के बाद से हार के कारण खोजने की जगह आरोपों की राजनीति चुनाव-दर-चुनाव प्रदर्शन में गिरावट का ईमानदार आत्मविश्लेषण करने के बजाय बहाने खोजे। कभी ईवीएम पर सवाल उठाए, कभी 'वोट चोरी' का आक्षेप लगाया। लेकिन अपने किसी भी आरोप को वह न कानून की अदालत में प्रमाणित कर सकी, न जनता की अदालत में। जनता ने बार-बार अपने मत से इन आरोपों को खारिज किया है। राहुल गांधी भलीभांति समझते हैं कि संगठन की कमज़ोरी, नेतृत्व को लेकर असमंजस और जमीनी कार्यकर्ताओं से दूरी जैसे असली कारणों पर बात करने के बजाय संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना सरल रास्ता है। लेकिन इसकी कीमत लोकतंत्र चुकाता है। जब हर हार के बाद चुनावी प्रक्रिया पर अविश्वास पैदा किया जाता है, तो नुकसान किसी एक दल का नहीं, पूरी व्यवस्था की साख का होता है। राहुल गांधी जिस प्रकार नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका की भांति रेजिम चेंज यानी सत्ता परिवर्तन की बातों को हवा दे रहे हैं और विदेशी समर्थन के सहारे भारत की चुनावी प्रक्रिया को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, वह उनकी राजनीतिक छटपटाहट को दर्शाता है। जनता का विश्वास और जनाधार खो चुकी कांग्रेस अब चुनाव आयोग से लेकर न्यायपालिका व अन्य संवैधानिक संस्थाओं तक, हर संस्था की विश्वसनीयता पर संदेह खड़ा कर रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता परिवर्तन का रास्ता जनता का जनादेश है, न कि युवाओं को उकसाकर देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल पैदा करना। आपातकाल थोपकर लोकतंत्र का गला घोंटने और 1984 के सिख विरोधी दंगों में हुई भयावह हिंसा के दौर में कांग्रेस की भूमिका का इतिहास देश भूला नहीं है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार सबको है, और किसी भी प्रक्रिया की खामियां उजागर करना विपक्ष का दायित्व भी है। लेकिन शिकायत और दुष्प्रचार में फर्क होता है। शिकायत के लिए कानूनी रास्ते खुले हैं, और जहां कमी हो वहां सुधार की गुंजाइश भी, लेकिन बिना प्रमाण के संवैधानिक संस्था को बदनाम करना जनादेश का अपमान है। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची का रखरखाव उसके निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा किया जाता है, जो एक वैधानिक प्राधिकरण है। चुनाव आयोग का कहना कि मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए मसौदा तैयार करने के चरण के दौरान आयोग के सदस्यों द्वारा उठाए गए परिचालन संबंधी प्रश्न या सुझाव मानक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं। कांग्रेस को चाहिए कि वह आत्ममंथन करे, जनता के बीच लौटे और मुद्दों की राजनीति करे। संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता।

(लेखक छत्तीसगढ़ राज्य के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



राष्ट्रीय एकता व अखंडता के सुदृढ़ स्तंभ सरदार पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर कृषक परिवार में हुआ था। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने स्वाध्याय के माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त की। 1910 में वे मिडिल टेबल लंदन में अध्ययन करने के लिए गए। उच्च सम्मान के साथ वहां पर दो वर्ष तक रहकर परीक्षा उत्तीर्ण की। 1913 में पुनः भारत लौटे। अहमदाबाद में रहकर वकालत के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े। अपनी योग्यता तथा दृढ़ परिश्रम के बल पर आपराधिक कानून के अग्रणी बैरिस्टर बनकर उभरे। 1917 से 1924 तक पटेल जी अहमदाबाद नगर पालिका के आयुक्त रहे तथा 1924 से 1928 तक नगर पालिका अहमदाबाद के अध्यक्ष भी रहे। सन 1928 में बारडोली सत्याग्रह में वल्लभ पटेल ने जमींदारों और किसानों के आंदोलन का दृढ़तापूर्वक नेतृत्व किया, जिससे उनकी ख्याति पूरे भारत में राष्ट्रवादी नेता के रूप में होने लगी। अंग्रेज सरकार ने किसानों के लगान में 22% की वृद्धि की थी, जिसके विरोध में पटेल के नेतृत्व में यह बारडोली का किसान आंदोलन विराट रूप लेकर उभरा। अंग्रेज सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए परंतु लौह पुरुष पटेल के आगे अंग्रेज सरकार को झुकना पड़ा। इस सत्याग्रह आंदोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को किसानों का 'सरदार' की उपाधि दी, जो हमेशा के लिए उनके नाम के साथ जुड़ गई। बारडोली के आंदोलन के सफल नेतृत्व तथा सरदार की उपलब्धि ने पटेल जी को गांधी के बाद भारत का दूसरा प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता बना दिया। अंग्रेज सरदार पटेल को अपने सबसे खतरनाक शत्रु के रूप में मानते थे। पटेल को स्वावलंबन, दृढ़ परिश्रम, आत्म संयम जैसे गुण बचपन से ही परिवार की विरासत में मिले थे। अपनी कार्यशैली तथा फौलादी व्यक्तित्व के कारण सरदार पटेल भारतीय जनमानस की पहली पसंद थे। सरदार पटेल का नाम तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रांतीय समितियों के माध्यम से भेजा गया परंतु महात्मा गांधी ने जवाहरलाल नेहरू के प्रति अपना स्नेह होने के कारण सरदार पटेल को पीछे रखकर नेहरू को अध्यक्ष बनाया। सरदार पटेल



निष्काम, निस्वार्थ भाव से भारत वर्ष की स्वतंत्रता को समर्पित थे। उन्होंने सदैव गांधी के द्वारा चलाए गए सभी आंदोलन में अपना योगदान दिया। सरदार पटेल एक प्रतिष्ठित वकील, दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। दृढ़ इच्छा शक्ति, साहस, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा ठोस व्यक्तित्व उनके विशेष गुण थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि के बल पर इन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की। वल्लभ जी ऐसे मुकदमे लड़ते थे जिनमें निर्दोष को फंसाया गया हो तथा जिसे अपने अकाट्य तर्कों से काटा जा सके। महात्मा गांधी भी सरदार पटेल के फौलादी व्यक्तित्व से प्रभावित थे इसलिए उन्होंने वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष की उपाधि प्रदान की थी। इतिहासकारों ने पटेल को बिस्मार्क ऑफ इंडिया का नाम दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वल्लभ जी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री जैसे पदों पर सुशोभित रहे। सन 1947 में भारत तो आजाद हो गया था परंतु सबसे बड़ी समस्या जो अंग्रेज चालाकी से छोड़ गए थे, वह थी बिखरी हुई 562 रियासतें। इन सभी रियासतों को भारतीय गणराज्य में विलय करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। वल्लभ भाई पटेल ने इस कार्य को अपने हाथों में लिया और अपने सचिव बीपी मेनन के साथ मिलकर राजवाड़ों की रियासतों का अंतिम समाधान करने का निश्चय किया। अपनी सूझबूझ और विवेक के द्वारा राजवाड़ों को पेंशन तथा अन्य लाभ देकर इन्होंने हटा दिया परंतु प्रतिरोध करने वाली रियासतों में मुख्य रूप से जूनागढ़, कश्मीर तथा हैदराबाद यह तीन प्रमुख थे। जूनागढ़ में जनमत संग्रह करवा कर इन्होंने भारत में शामिल करवाया। कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह स्वतंत्र रूप से अलग रहना चाहते थे परंतु पाकिस्तानी कव्वाली सुना ने अचानक आक्रमण कर देने पर सरदार पटेल ने सेना भेजकर उनकी सहायता की और फिर कश्मीर को भारत में मिला दिया गया। हैदराबाद के निजाम में वल्लभ जी का प्रतिरोध किया तथा अंत में वहां पर भी सेना भेज कर हैदराबाद रियासत को भारत वर्ष में मिला लिया गया। विश्व के इतिहास में एक व्यक्ति भी ऐसा नहीं हुआ, जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। सरदार पटेल मनसा, वाचा, कर्मणा पूर्ण रूप से भारतवर्ष को समर्पित थे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं



संकलित

दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

सटाका



आज की पाती

धुएं वाली दिवाली से बचें

कभी दिवाली मिट्टी के दीयों की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास व रिश्तों के अपनत्व के साथ मनाई जाती थी। आज भी यह परिदृश्य कहीं-कहीं देखा जा सकता है। लेकिन अब समय बदल चुका है और लोग दिवाली के दिन खूब पटाखे जलाते हैं। इससे चारों ओर प्रदूषण फैल जाता है। महानगर में तो सांस लेना भी कठिन हो जाता है। कुछ हद तक पटाखे जलाने की छूट है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि थोक में ही पटाखे जला दिए जाएं। हमें दिवाली इस तरह मनानी चाहिए कि बूढ़े और बीमार लोगों को कोई तकलीफ न हो।

- निहाल, रोहतक

करंट अफेयर

किम ने दिया ड्रोन तकनीक के तेजी से विस्तार का निर्देश



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश की ड्रोन तकनीक का तेजी से विस्तार करने का आह्वान किया है, साथ ही विभिन्न हथियारों के परीक्षणों का जायजा भी लिया। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच भारी सैन्य किलेबंदी वाली सीमा पर तनाव है। उन्नत ड्रोन तकनीक हासिल करना किम की प्राथमिकताओं में शामिल है और वह अब उत्तर कोरिया की पारंपरिक सैन्य क्षमता के साथ-साथ परमाणु हथियारों की ताकत भी बढ़ाना चाहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में सहयोग के लिए भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना और युद्धक्षेत्र के अनुभवों से ड्रोन युद्ध की महत्वपूर्ण जानकारी और विशेषज्ञता हासिल हुई होगी। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के मुताबिक, किम ने बृहस्पतिवार को विभिन्न प्रकार के हमलावर और अन्य ड्रोन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में मानवरहित विमानन तकनीक के क्षेत्र में हालिया उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए किम ने ड्रोन तकनीक में 'पूर्ण श्रेष्ठता' हासिल करने की जरूरत पर जोर दिया।

ऑफ बीट

डॉक्टर से पहले चैटजीपीटी से पूछते हैं सेहत संबंधी सवाल



स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए चैटजीपीटी या अन्य बड़े भाषा मॉडल अथवा चैटबॉट का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह चलन लगातार बढ़ रहा है। भले ही आप एआई चैटबॉट का इस्तेमाल न करते हों, लेकिन गूगल पर कुछ खोजने पर भी अक्सर आपको एआई की ओर से तैयार किया गया सारांश दिखाई देता है। ऐसे में सवाल उठता है कि इसका मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं पर क्या असर पड़ रहा है? और इस प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित तथा प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है? लोग स्वास्थ्य संबंधी सवालों के लिए एआई चैटबॉट का इस्तेमाल क्यों करते हैं। ब्रिटेन में हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि कुछ लोग अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए चैटबॉट से स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछते हैं, लेकिन एक-तिहाई से अधिक लोग यह तय करने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं कि उन्हें डॉक्टर के पास जाने की जरूरत है या नहीं। करीब आधे लोगों ने चैटबॉट को सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं की तुलना में अधिक सुविधाजनक पाया। चैटबॉट का इस्तेमाल करने वाले आधे से अधिक लोगों का मानना था कि इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा है।

ट्रेंड

उद्देश्यपूर्ण नवाचार



बनासकांठा स्थित 'भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर' पशुपालन के क्षेत्र में मौजूद अपार संभावनाओं को दर्शाता है। यह वास्तव में एक उद्देश्यपूर्ण नवाचार है, जो हमारे किसानों के लिए अधिक समृद्धि सुनिश्चित करता है! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सांस्कृतिक विरासत



राष्ट्रीय राजधानी में स्थित गोवा सदन, गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विशिष्ट पहचान का एक सुंदर प्रतीक है। यह इमारत दिल्ली और गोवा के बीच गहरे संबंधों, प्रशासनिक समन्वय और आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत करेगी। -रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का हिस्सा



चुनाव में हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन हार के बाद अराजकता फैलाना और संवैधानिक संस्थाओं को दोष देना दुर्भाग्यपूर्ण है। यही कारण है कि आज देश की जनता ने राहुल गांधी और कांग्रेस को नकार दिया है, और भविष्य में भी जनता ही उनसे जवाब मांगेगी।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

सिन्हा का निधन दुःखद



वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद आर. के. सिन्हा का निधन अत्यंत दुःखद है। वे भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक, संगठन की विचारधारा और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहे। दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, भाजपा

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

उत्तर प्रदेश में एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया चुनाव आयोग को निर्देश

याचिकाकर्ता उन मामलों का ब्योरा चुनाव आयोग को दें, जिनमें कथित गड़बड़ियों की शिकायतों का अब तक निपटारा नहीं किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा करने और इनके जरिए वोटरों के नाम हटाने की कोशिश के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ ने आयोग से शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई करने और उसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे उन मामलों का ब्योरा चुनाव आयोग को दें, जिनमें कथित गड़बड़ियों की शिकायतों का अब तक निपटारा नहीं हुआ है।

सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगी कार्रवाई रिपोर्ट



बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा करने और इनके जरिए वोटरों के नाम हटाने की कोशिश के आरोप लगाए गए

एक विधानसभा क्षेत्र में जमा हुए थे 32 फॉर्म 7

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के एक विधानसभा क्षेत्र में एक खास समुदाय के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए 32 फॉर्म-7 जमा किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि कुछ फॉर्म पर बूथ लेवल ऑफिसर के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं।याचिकाकर्ताओं ने चुनाव आयोग के हलफनामे में दी गई जानकारी पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि आयोग की ओर से दी गई जानकारी में कई अंतर हैं।

आयोग ने भी गलत पाया

चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू ने स्वीकार किया कि बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा किए गए थे। उन्होंने अदालत को बताया कि आयोग के अधिकारियों ने इन फॉर्म की जांच की थी और उन्हें गलत पाया था।

तेलंगाना और कर्नाटक का भी दिया हवाला

याचिकाकर्ताओं ने तेलंगाना और कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। उनका आरोप था कि कार्रवाई नहीं होने से इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा मिला। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को लंबित शिकायतों का विवरण चुनाव आयोग को देने और आयोग को उनकी जांच कर जरूरी सुधार तथा कार्रवाई करने का निर्देश दिया।कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने को कहा।

चुनाव आयोग ने 6 राज्यों में बढ़ाई एसआईआर की डेडलाइन

देशभर में एसआईआर को लेकर जारी विवाद और इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सवालों की बौछार के बाद अब



चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने एसआईआर के तहत फॉर्म भरने और अंतिम मतदाता सूची जारी करने की तारीख बढ़ा दी है। आयोग ने दिल्ली में जारी प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाने के साथ-साथ 5 राज्यों, नगालैंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और हरियाणा में दावे और आपत्तियां दर्ज करने की खिड़की भी फिर से खोल दी है। राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर इन राज्यों के लिए अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख 30 नवंबर और दिल्ली के लिए 22 दिसंबर तय की है।

केरल की समयसीमा बढ़ाने से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने केरल में एसआईआर की जांच प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम लंबित हैं, वे अपनी शिकायत चुनाव आयोग के सामने रख सकते हैं।

खबर संक्षेप

बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेष आज आएंगे अरुणाचल

तवांग। भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेष पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में 3 सप्ताह तक



चलने वाली प्रदर्शनी के लिए लाए जाएंगे। प्रदर्शनी की शुरुआत शनिवार को तवांग से होगी। ये अवशेष दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में हैं। शनिवार को प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद ये रविवार तक प्रसिद्ध तवांग स्मारक में रखे जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा नहीं कियाः उइके

इंफाल। मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने राज्य में हिंसा को लेकर बड़ा बयान दिया था।



उन्होंने कहा कि लोग प्रधानमंत्री को पसंद करते हैं पर हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा करने नहीं पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को लेकर कहा था कि ऐसे कड़े फैसले नहीं लिए जिनसे स्थिति में कोई सकारात्मक बदलाव हो।

सोमनाथ के पास नॉन-वेज की बिक्री पर फिर बैन

सोमनाथ। गुजरात हाईकोर्ट ने सोमनाथ मंदिर के आसपास नॉन-वेज खाने की बिक्री पर राज्य



सरकार की ओर से लगाई गई पाबंदियों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने रोक लगाने की राज्य की मांग खारिज कर दी है, फिर फैसला पलटा। सरकार ने मंदिर के 500 मीटर के दायरे में मांसाहारी भोजन की बिक्री पर बैन का बचाव किया था।

दिलजीत कॉन्सर्टः दिल्ली में सिंगर की धूम

नई दिल्ली। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ 'ऑरा इंडिया टूर' को लेकर चर्चा में हैं। शुक्रवार को



'ऑरा इंडिया टूर 2026' का शो जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुआ, जिसमें हजारों फैंस शामिल हुए। भारी बारिश और कड़ी सुरक्षा के बीच सिंगर ने शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया।

प्रधानमंत्री ने गुजरात के बनासकांठा से 14000 हजार करोड़ की सौगात दी

आपके आलू का कोई सोना नहीं बना सकता किसानों को आधुनिक खेती से मिल रहा लाभ



एजेंसी ▶▶ बनासकांठा

'बनास डेयरी' जैसा सहकारी ब्रांड देश के कई हिस्सों में आगे बढ़ रहा

पीएम मोदी का राहुल गांधी पर तंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के 2 दिन के दौरे पर पहुंचे। पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से राज्य को 14000 हजार करोड़ की सौगात दी। विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और विपक्ष पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आलू से सोना बनाने वाले बयान पर चुटकी ली। प्रधानमंत्री ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि आज बनासकांठा के आलू दुनिया भर में मशहूर हैं। और कोई भी बनासकांठा के किसी व्यक्ति के पास आकर यह दावा करने की हिम्मत नहीं करेगा कि वह आलू को सोने में बदल सकता है। यहां हमारे पास 'बनास डेयरी' जैसा एक सहकारी ब्रांड है, जो सहकारी आंदोलन को न केवल यहां, बल्कि काशी सहित देश के में भी आगे बढ़ा रहा है।



परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री मोदी

विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया

12 क्लस्टरों से बागवानी को मिलेगा बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने फल और सब्जियां उगाने वाले किसानों के लिए क्लस्टर विकास कार्यक्रम का भी जिक्र किया। टमाटर, आलू, मिर्च, अंगूर, केला, प्याज, संतरा, अनार और कोको जैसी फसलों के लिए 12 क्लस्टरों को मंजूरी दी गई है। इस योजना का मकसद किसानों को खेती के आधुनिक तरीके अपनाने और उत्पादन बढ़ाने में मदद करना है। किसान नए बाग लगा सकेंगे और पुराने बागों को भी दोबारा बेहतर बना सकेंगे।

बनासकांठा और साबरकांठा के आलू किसानों को मिलेगा लाभ

मोदी ने बताया कि उत्तर गुजरात के लिए दो क्लस्टर मंजूर किए गए हैं। इनका सीधा फायदा बनासकांठा और साबरकांठा के आलू किसानों को मिलने की उम्मीद है। इससे किसानों को उत्पादन के साथ-साथ खेती से जुड़े दूसरे कामों में भी मदद मिलेगी।

पशुपालन को वैज्ञानिक बनाने के प्रयास

पीएम मोदी ने कहा कि पशुपालन हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है और इसमें महिलाओं की बड़ी भागीदारी है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत देशी नस्लों के वैज्ञानिक प्रजनन और संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। बनासकांठा का रिसर्च सेंटर इस मिशन को और मजबूती देगा। आईवीएफ जैसी आधुनिक तकनीक भी इसमें मदद कर रही है। पशुओं के मुफ्त टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 150 करोड़ टीके लगाए जा चुके हैं। इससे 8 करोड़ से अधिक किसानों के पशुओं को मुफ्त टीके लगे है और इससे उनका खर्च का बोझ भी कम हुआ है।

बनास डेयरी के सहकारी मॉडल की तारीफ

प्रधानमंत्री ने बनास डेयरी की तारीफ करते हुए कहा कि उसने सहकारी आंदोलन को गुजरात से बाहर भी आगे बढ़ाया है। काशी सहित देश के दूसरे हिस्सों को भी इसके अनुभव और सेवाओं का लाभ मिल रहा है। किसानों और पशुपालकों को लाभ है रहा है।

बनासकांठा में रोड शो में उमड़ा जन-सैलाब



शुरुआत में बनासकांठा में एक रोडशो के साथ करने वाले मोदी ने किसानों की एक सभा में कहा कि जब देश खाड़ी क्षेत्र में अनिश्चितताओं और तनाव का सामना कर रहा था, तब उनके विरोधियों ने अफवाहें फैलाईं। उन्होंने खाद की बढ़ती कीमतों पर बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया के एक बैग की कीमत 3,000 रुपए है, जबकि भारतीय किसानों को यह उस कीमत के दसवें हिस्से से भी कम, यानी 300 रुपए प्रति बैग से भी कम दाम पर मिल जाता है। मोदी ने बताया कि डाई-अमोनियम फॉस्फेट की अंतरराष्ट्रीय कीमत 5,000 रुपए प्रति बैग है, लेकिन भारतीय किसानों को यह 1,350 रुपए में ही मिल रही है।

विधानसभा चुनाव से पहले शाह बोले

अगर भाजपा यूपी में सत्ता में लौटी तो यूसीसी लागू करेंगे



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर बड़ा बयान दिया है। शाह ने भाजपा कार्यसमिति की बैठक में लखनऊ में कहा कि कई प्रदेशों में यूसीसी लागू हो चुका है, अगर पार्टी अगले साल विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापस आती है तो वह उत्तर प्रदेश में यूसीसी लागू करेगी। शाह ने लखनऊ में दिन भर चली यूपी भाजपा स्टेट एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग में पार्टी नेताओं से कहा कि इस बार, जब सरकार सत्ता में आएगी, तो उत्तर प्रदेश में यूसीसी लागू किया जाएगा। कई राज्यों में यह पहले ही लागू हो चुका है। अगर आप उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाते हैं, तो हम इसे लागू करेंगे। इस बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के पूरे मंत्रिमंडल, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों तथा पार्टी की क्षेत्रीय और जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। गृह मंत्री शाह इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं।

मोदी चौथी बार भी पीएम बनेंगे

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने ऐलान कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद चौथी बार भी देश के पीएम बनेंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा की नवगठित प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक में शाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में लखनऊ से देश को एक तरह से संदेश दिया है कि नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं और आगे भी सरकार का नेतृत्व उनके ही पास होगा। पीएम मोदी के बाद भाजपा से प्रधानंत्री कौन को लेकर अटकलों के मद्देनजर अमित शाह का यह बयान काफी अहम और इच्छुक लोगों की जिज्ञासा शांत करने वाला दो टूक मैसेज है।

यह विनाश बनाम विकास और जातिवाद बनाम राष्ट्रवाद की लड़ाईः पंकज चौधरी

इससे पहले उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आगामी चुनावी मुकाबले को विनाश बनाम विकास और जातिवाद बनाम राष्ट्रवाद के बीच एक निर्णायक लड़ाई बताया। चौधरी ने पार्टी के सहयोगियों से रक्षात्मक रुख न अपनाने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें विपक्ष के आरोपों का जवाब तथ्यों और ठोस प्रमाणों के साथ देना चाहिए। चुनावों की तैयारी के मद्देनजर रणनीति और आगे की रूपरेखा तैयार करने के लिए यह पूरे दिन चलने वाला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

500 करोड़ के ऑडियो क्लिप पर राजनीति

सच्चाई दबाने में जुटीं भाजपा शिवसेना, सही जांच होः जरांगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने 500 करोड़



रसे जुड़े कथित ऑडियो क्लिप को लेकर राज्य की सियासत में हलचल तेज कर दी है। उन्होंने भाजपा और शिवसेना पर इस मामले की सच्चाई दबाने का आरोप लगाया। जरांगे का दावा है कि ऑडियो क्लिप पूरी तरह असली है और इसे फर्जी साबित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की जांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों या किसी जज की निगरानी में कराई जाए। जालना जिले के अंकुशनगर में जरांगे ने कहा कि कुछ लोग इस ऑडियो को फर्जी बताकर मामले को दबाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सच्चाई सामने आने से कुछ नेताओं को परेशानी हो रही है। रिकॉर्डिंग को झूठा साबित करने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने दावा किया कि सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे साजिश रच रहे हैं।

राष्ट्रीय एआई चैलेंज लॉन्च

आयुर्वेद ने 2 संस्थानों के साथ किया समझौता, आईपीआर शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने आयुर्वेद के क्षेत्र में तकनीक



आधारित समाधान विकसित करने को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय एआई चैलेंज लॉन्च किया है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान, नवाचार और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये घोषणाएं इनक्यूबेशन सेंटर के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर की गईं। आयुर्वेद के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार सुविधा की शुरुआत भी की गई। उद्यमिता और डिजाइन थिंकिंग पर कार्यशाला आयोजित हुई। 'आयुषटेक इनोवेटः नेशनल ओपन आयुर्वेद एआई चैलेंज' का आयोजन आईआईटी बॉम्बे के टेकफेस्ट ने आयुष मंत्रालय और संस्थान के सहयोग से किया है। आईआईटी बॉम्बे के ओपन-सोर्स आयुर्वेद लार्ज लैंग्वेज मॉडल 'आयुपराम' का इस्तेमाल का उद्देश्य आयुर्वेद को प्रोत्साहित करना है।

सिंहस्थ कुंभ का आज से आगाज



नासिक-त्र्यंबकेश्वर में ध्वजारोहण से होगी शुरुआत

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक-त्र्यंबकेश्वर में होने वाले 'सिंहस्थ कुंभ मेला' के लिए एक एकीकृत आधिकारिक वेब पोर्टल तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं और आने वाले लोगों को उनकी कुंभ यात्रा की योजना बनाने और मार्गदर्शन के लिए एक विश्वसनीय और एकल स्रोत जानकारी देना है। नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण' इस वेबसाइट को विकसित कर रहा है। इसका शुरुआती (स्टैटिक) संस्करण शनिवार को ध्वजारोहण समारोह के दौरान जारी किया जाएगा।

भाजपा सांसद संबित पात्रा का कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला

विपक्षी दलों की एकता पर कसा तंज

रैली में आने वाले लोगों को कहां रोका जा रहा सबूत दें, सिर्फ भ्रम ही फैला रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और विपक्षी दल 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। पार्टी ने राहुल गांधी के इस आरोप पर सबूत मांगे कि सरकार बाहर से आने वाले लोगों को रोक रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित किया करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के बीच एकता की कमी और संगठनात्मक क्षमता का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।



उन्होंने विपक्षी गठबंधन को परिवारवादी दलों का समूह बताते हुए सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी दलों के बीच संभावित टकराव की बात कही। उन्होंने सपा द्वारा एमएलसी चुनाव में 5 सीटें जीतने का जश्न मनाने और 6 सीटों पर धांधली का आरोप लगाने के बीच विरोधाभास पर भी सवाल उठाए।

आरोप लगाना आदत

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी का आरोप है कि केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के बाहर से आने वाले लोगों को रोक रहे हैं और सरकार उन्हें रामलीला मैदान तक पहुंचने नहीं दे रही है। वे बताएं कि कौन-सा व्यक्ति बाहर से आ रहा है और उसे किस मोड़, किस सड़क या किस नुक्कड़ पर रोका गया है। आज के दौर में लोग मोबाइल फोन से हर घटना की रिकॉर्डिंग कर लेते हैं। मीडिया के साथ-साथ आम लोग भी ऐसी घटनाओं को रिकॉर्ड करते हैं। आरोप लगाना उनकी आदत है।

'अर्नब' का असरः ओडिशा में सरकार ने बचाव अभियान तेज किया

गंजाम-गजपति में हवाई मार्ग से पहुंचाएंगे भोजन

एजेंसी ▶▶ गंजाम

ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को राहत और बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। सरकार बाढ़ प्रभावित गंजाम और गजपति जिलों में हवाई मार्ग से भोजन के पैकेट गिराने की तैयारी कर रही है। चक्रवात 'अर्नब' के दौरान लगातार हुई बारिश के कारण आई बाढ़ में हजारों लोग 24 घंटे से अधिक समय से फंसे हुए हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, जिनके पास जल संसाधन विभाग का प्रभार भी है, ने गंजाम और गजपति जिलों में हुई अप्रत्याशित भारी बारिश पर चिंता जताई। आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि गंजाम में बाढ़ से लगभग 50,000 लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

बाढ़ में हजारों लोग 24 घंटे से अधिक समय से फंसे



बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा- इतनी बारिश ने किया हलाकान

गंजाम में बाढ़ से लगभग 50,000 लोग बुरी तरह प्रभावित

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि प्रशासन को उम्मीद थी कि इस आपदा का सबसे ज्यादा असर मलकानगिरी में हो सकता है। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि गंजाम जिले में इतनी भारी बारिश होगी और भीषण बाढ़ आ जाएगी।

आंध्र प्रदेश के सीएम नायडू ने किया हवाई सर्वेक्षण



चक्रवात के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अपने फील्ड निरीक्षण के दूसरे दिन मोगलथुरु का दौरा किया।

सर्वेक्षण कर सहायता राशि देंगेः साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विभिन्न क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वेक्षण कराने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए हैं।

नौसेना के स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर उतरा राफेल मरीन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राफेल मरीन फाइटर जेट ने आईएनएस विक्रांत पर 29 अक्टूबर को पहली ही कोशिश में सफल लैंडिंग की। यह ऐतिहासिक मौका था जब इस आधुनिक लड़ाकू विमान का पहिया विक्रांत के फ्लाइट डेक पर पड़ा। आईएनएस विक्रांत भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर है। भारतीय नौसेना इस समय राफेल-एम विमान के ट्रायल्स कर रही है। जल्द ही राफेल मरीन नौसेना में एक ऑपरेशनल जेट की तरह कमिशन हो सकता है।

अभी और परीक्षण किए जाएंगे

पहली ही कोशिश में सफलता

जल्द शामिल होगा



आईएनएस विक्रांत पर उतरता राफेल मरीन

समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी

भारतीय नौसेना के लिए यह लैंडिंग सिर्फ एक तकनीकी ट्रायल नहीं है। यह देश के समुद्री सुरक्षा चक्र को मजबूत बनाने की बड़ी शुरुआत है। विक्रांत पर राफेल की पहली लैंडिंग ने साबित कर दिया है कि नौसेना का स्वदेशी कैरियर आधुनिक जेट्स के ऑपरेशंस के लिए पूरी तरह तैयार है। यह सफल परीक्षण राफेल मरीन को नौसेना के बेड़े में शामिल करने की दिशा में पहला ठोस कदम है। इससे पहले नौसेना की एविएशन विंग लगातार जमीन और सिमुलेटर पर इसकी तैयारियां कर रही थी।

अगला चरण और चुनौतीपूर्ण

विक्रांत पर पहली लैंडिंग के बाद अब ट्रायल्स का अगला और अधिक चुनौतीपूर्ण चरण शुरू होगा। नौसेना के टेस्ट पायलट अलग-अलग मौसम और समुद्री परिस्थितियों में विमान की लैंडिंग कराएंगे। इसमें दिन के अलावा रात के समय टेकऑफ और टचडाउन के कठिन परीक्षण शामिल हैं। इसके साथ ही विमान में हथियारों की लोडिंग और हैंगर में मूवमेंट की जांच होगी। ये सभी ट्रायल्स पूरे होने के बाद ही फाइटर जेट को औपचारिक रूप से कॉम्बैट रोल के लिए क्लियर किया जाएगा।



जटिल मिशन को दिया अंजाम

आईएनएस विक्रांत पर लड़ाकू विमान को उतारने के लिए बेहद सटीक रफ्तार और संतुलन की जरूरत होती है। राफेल मरीन ने अपने पहले ही प्रयास में अरेस्टर वायर को पकड़कर सुरक्षित लैंडिंग की। पायलट और नौसेना के इंजीनियरों ने इस जटिल मिशन को पूरी सटीकता के साथ अंजाम दिया।

खबर संक्षेप

पाक के लिए जासूसी करने वाला जवान अरेस्ट

सिलीगुड़ी। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी



साझा करने के आरोप में पंजाब पुलिस, स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल ने बंगाल में अलीपुरद्वार जिले के अधीन हासीमारा से एक सेना के जवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजबीर सिंह के रूप में हुई है। वह असम का निवासी है। हासीमारा स्थित 15 जाट रेजिमेंट में कार्यरत था। पंजाब पुलिस की टीम ने उसे हासीमारा से गिरफ्तार करने के बाद सिलीगुड़ी कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसके ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी।

अटलांटा पहुंचे जयशंकर जी20 में शामिल हुए

अटलांटा। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शुक्रवार को जी20 विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में



शामिल होने के लिए अटलांटा पहुंचे। अमेरिका के अनुसार, इस बैठक में एनर्जी, सप्लाई चेन और समुद्री रास्तों को खुला रखने पर फोकस रहेगा। ये मुद्दे भारत के तेल, एलएनजी और उर्वरक आयात के लिए बेहद अहम हैं। वे इस बैठक के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे और कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। जयशंकर 1 से 4 नवंबर तक राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक के लिए एंटीगुआ और बारबुडा जाएंगे।

19वां संयुक्त आयोग सत्र आयोजित

भारत-बेल्जियम-लक्जमबर्ग आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए हुए सहमत



बैठक को संबोधित करते राजेश अग्रवाल (दाएं)

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत, बेल्जियम और लक्जमबर्ग के बीच व्यापार एवं आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 19वें भारत-बेल्जियम-लक्जमबर्ग आर्थिक संघ (बीएलईयू) संयुक्त आर्थिक आयोग (जेईसी) का लक्जमबर्ग में आयोजित किया गया। बैठक में तीनों देशों के बीच मौजूदा व्यापार और निवेश संबंधों की समीक्षा की गई और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। सत्र की सह-अध्यक्षता भारत सरकार के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल, बेल्जियम के विदेश मामलों, विदेशी व्यापार एवं विकास सहयोग से जुड़े संघीय सार्वजनिक सेवा विभाग के जियो-इकोनॉमी और आर्थिक कूटनीति महानिदेशक फिलिप वैनडेन बुल्के तथा लक्जमबर्ग के विदेश एवं यूरोपीय मामलों, रक्षा, विकास सहयोग और विदेशी व्यापार मंत्रालय के महासचिव हेनरी शूमाकर ने की। तीनों पक्षों ने एयरोस्पेस, अनुसंधान एवं नवाचार, उच्च शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं तलाशने पर भी सहमति जताई।

आर्थिक भागीदारी करेंगे मजबूत

बैठक में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, कारोबार को सुगम बनाने तथा आपसी हित के क्षेत्रों में आर्थिक भागीदारी मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा में लॉजिस्टिक्स, हवाई संपर्क, बंदरगाह, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, फिनटेक, डिजिटल बदलाव, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, जीवन विज्ञान, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा और कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्र शामिल रहे। तीनों देशों ने अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं पर विचार साझा किए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। साथ ही, कारोबार और निवेश साझेदारी को आगे बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की गई।

कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

संयुक्त आर्थिक आयोग के सत्र के बाद वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने लक्जमबर्ग स्थित कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने वित्तीय सेवाओं, उन्नत विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वाणिज्य सचिव ने लक्जमबर्ग की कंपनियों को भारत में दीर्घकालिक निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी और भारतीय कंपनियों के साथ जुड़कर वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा का बड़ा बयान

भारत-ईयू एफटीए पर हस्ताक्षर करने दिसंबर में ब्रसेल्स जाएंगे पीएम मोदी

ऐतिहासिक घोषणा पहले हो चुकी

एजेंसी ▶▶ मॉन्ट्रियल

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने गुरुवार को बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी दिसंबर में ब्रसेल्स का दौरा करेंगे। इस दौरान वे भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर करेंगे। दोनों पक्षों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। कनाडा में मॉन्ट्रियल काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कोस्टा ने कहा कि पीएम मोदी दिसंबर में इस समझौते पर हस्ताक्षर करने आएंगे। यह दौरा ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक से ठीक पहले होने की उम्मीद है, जो 17 दिसंबर से शुरू होगी।

कोस्टा दो दिवसीय ईयू-कनाडा शिखर सम्मेलन के लिए मॉन्ट्रियल में हैं। बता दें, यूरोपीय नेताओं की भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने संयुक्त रूप से भारत-ईयू एफटीए के पूरा होने की घोषणा की थी। यह भारत-ईयू आर्थिक संबंधों और प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ व्यापारिक जुड़ाव में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई। इस एफटीए के पूरा होने से भारत और यूरोपीय संघ ऐसे भरोसेमंद साझेदार बन गए हैं, जो खुले बाजार, स्थिरता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- *पीएम मोदी ब्रसेल्स में ईयू नेताओं की बैठक से ठीक पहले पहुंचेंगे*
- *भारत चौथी और ईयू दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था*
- *वस्तुओं के अलावा सेवाओं के क्षेत्र में भी सहयोग*

भारत-ईयू के बीच 11.5 लाख करोड़ का व्यापार



(बाएं से दाएं) एंटोनियो कोस्टा, पीएम मोदी, उर्सुला लेयेन

फाइल फोटो

यूरोपीय संघ भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में वस्तुओं और सेवाओं के क्षेत्र में दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। 2024-25 में ईयू के साथ भारत का वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 11.5 लाख करोड़ रुपए (136.54 अरब डॉलर) रहा। इसमें 6.4 लाख करोड़ रुपए (75.85 अरब डॉलर) का निर्यात और 5.1 लाख करोड़ रुपए (60.68 अरब डॉलर) का आयात शामिल है। 2024 में दोनों के बीच सेवाओं का व्यापार 7.2 लाख करोड़ रुपए (83.10 अरब डॉलर) तक पहुंच गया।

दो अरब लोगों का विशाल बाजार

भारत और यूरोपीय संघ ने इस साल की शुरुआत में व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी कर ली थी। इस समझौते से दो अरब से अधिक लोगों का एक बाजार तैयार होगा, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का लगभग एक-चौथाई हिस्सा होगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले हफ्ते कहा था कि यूरोपीय संघ के साथ भारत का प्रस्तावित एफटीए हस्ताक्षर होने के चार से पांच महीने के भीतर लागू हो सकता है।

जीडीपी में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी

भारत और ईयू क्रमशः चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। ये वैश्विक जीडीपी का 25 प्रतिशत हिस्सा हैं और वैश्विक व्यापार में एक-तिहाई योगदान देती हैं। इन दो बड़ी, विविध और एक-दूसरे की पूरक अर्थव्यवस्थाओं के जुड़ने से व्यापार और निवेश के अभूतपूर्व अवसर पैदा होंगे। यह केवल एक पारंपरिक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि रणनीतिक महत्व वाली व्यापक साझेदारी है। भारत ने ईयू में अपने निर्यात (व्यापार मूल्य के आधार पर) के 99 प्रतिशत से अधिक हिस्से के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच हासिल की है, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को भी मजबूती देगा। वस्तुओं के अलावा सेवाओं के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं हैं। साथ ही, इसमें एक व्यापक मोबिलिटी फ्रेमवर्क शामिल है, जो कुशल भारतीय पेशेवरों की निर्बाध आवाजाही को संभव बनाएगा।

भारत के एफटीए से वैश्विक जीडीपी के 76 प्रतिशत बाजार तक पहुंचः मंत्री गोयल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत के एफटीए के कारण देश को अब लगभग 115 ट्रिलियन डॉलर की वैश्विक अर्थव्यवस्था के 76 प्रतिशत हिस्से तक वरीयता प्राप्त बाजार पहुंच मिल रही है। उन्होंने बताया कि भारत वर्तमान में आठ अन्य द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों पर भी बातचीत कर रहा है, जिनके जुड़ने से लगभग 15 ट्रिलियन डॉलर की अतिरिक्त वैश्विक अर्थव्यवस्था तक पहुंच मिल सकती है। गोयल ने बताया कि भारत के मौजूदा व्यापार समझौतों ने देश को 70 ट्रिलियन डॉलर की वैश्विक जीडीपी वाले बाजारों तक वरीयता प्राप्त पहुंच प्रदान की है। इनमें से लगभग 10 ट्रिलियन डॉलर की पहुंच पुराने समझौतों से मिली, जबकि हाल के वर्षों में संपन्न नौ नए व्यापार समझौतों के जरिए 60 ट्रिलियन डॉलर की अतिरिक्त बाजार पहुंच प्राप्त हुई है। केंद्र और राज्य सरकार, उद्योग जगत, निवेशकों की साझी भागीदारी इस लक्ष्य को साकार कर सकती है।



एपी सिंह ने राष्ट्रपति और रक्षामंत्री से की मुलाकात





हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह शनिवार को 42 वर्षों की शानदार सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। सेवानिवृत्ति से पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पत्नी सरिता सिंह के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को एक समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी। रक्षा मंत्री ने राष्ट्र के प्रति उनके लंबे समर्पण, विशिष्ट सेवाओं और अनुकरणीय नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने भारतीय वायुसेना को मजबूत बनाने में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के योगदान को विशेष रूप से याद किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

भारत-श्रीलंका नौसेना का शक्ति प्रदर्शन

युद्धपोतों ने किया संयुक्त अभ्यास आपसी तालमेल को दी मजबूती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने श्रीलंकाई नौसेना के साथ एक महत्वपूर्ण समुद्री अभ्यास भी किया है। इस नौसैनिक अभ्यास में भारत के तीन बड़े समुद्री जहाज आईएनएस तीर, आईएनएस सुजाता और भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस सारथी शामिल हुए। दोनों नौसेनाओं ने समुद्र में समन्वित गतिविधियां कीं। इससे एक-दूसरे के साथ तालमेल बढ़ाने और मिलकर समुद्री अभियान संचालित करने की क्षमता को मजबूत करने में मदद



भारत-श्रीलंका नौसेना युद्धाभ्यास करती

मिली। अभियान में शामिल यह भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन है। 29 अक्टूबर को श्रीलंका के कोलंबो से सफल दौरा पूरा कर पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन आगे रवाना हो गया। वापसी के दौरान तीनों जहाजों ने श्रीलंका के जहाज एसएलएनएस विजयबाहु के साथ संयुक्त समुद्री अभ्यास किया।

होर्मुज में पहली बार 'चुंबक बम' से हमला

27 भारतीयों वाले टैंकर को बनाया निशाना सभी सुरक्षित, जहाज ने फिर शुरू की यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में गुरुवार को 27 भारतीय नाविकों को लेकर जा रहे पनामा के झंडे वाले तेल टैंकर एमटी लुईस1 पर लिंपेट माइंस (चुंबक बम) से हमला किया गया। धमाके के बाद जहाज के इंजन रूम में आग लग गई और टैंकर कुछ समय के लिए काम करना बंद कर गया। हालांकि, सभी 27 भारतीय क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसकी पुष्टि की है। यह घटना ओमान के खासाब शहर से करीब 25 समुद्री मील यानी



सर्बानंद सोनोवाल

लगभग 46 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हुई। होर्मुज में चुंबक विस्फोट के इस्तेमाल से किया गया यह पहला सफल हमला है। हमले में एक छोटी नाव टैंकर के पास पहुंची और उसके बाहरी हिस्से पर दो लिंपेट माइंस चिपकाकर वहां से निकल गई। इसके बाद जहाज में आग लग गई। क्रू मेंबर्स ने आग पर काबू पा लिया।

एक दिन पहले भी हुआ था हमला

सोनोवाल ने बताया कि 29 अक्टूबर को लाइबेरिया के झंडे वाले बड़े तेल टैंकर एमटी एमटी अर्जनाह पर भी प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया था। इस जहाज पर दो भारतीय नागरिक सवार थे। इस तरह दोनों जहाजों पर कुल 29 भारतीय नागरिक मौजूद थे और सभी सुरक्षित हैं। सोनोवाल ने कहा कि सरकार हालात पर लगातार नजर रख रही है। जहाजों का प्रबंधन करने वाली कंपनियों के साथ संपर्क बनाए रखा जा रहा है, ताकि भारतीय नाविकों की सुरक्षा और उनके हालात का ध्यान रखा जा सके।

दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज 'बाइनेंस' पर साइबर हमला

उत्तर कोरियाई हैकर्स ने 20 मिनट में 60 हजार करोड़ रुपए किए गायब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज 'बाइनेंस' पर अब तक का सबसे बड़ा साइबर हमला हुआ है, जिसमें करीब 60000 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम चोरी हो गई है। अमेरिका की ब्लॉकचेन इन्वेस्टिगेशन फर्म टीआरएम लैब्स के मुताबिक यह इतिहास में वर्चुअल करेंसी की अब तक की सबसे बड़ी चोरी है। हमलावरों ने बेहद चालाकी से बाइनेंस के वॉलेट्स से करीब 6.36 अरब डॉलर की रकम मह 20 मिनट के भीतर 10 अलग-अलग ब्लॉकचेन पर ट्रांसफर कर ली। टीआरएम लैब्स ने कहा है कि उनके पास पुख्ता डिजिटल सबूत हैं, जिनके आधार पर वे पूरे भरोसे के साथ कह सकते हैं कि इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया का 'ट्रेडरट्रेटर' नाम का हैकिंग ग्रुप है। ब्लॉकचेन कंपनी चेनैलिसिस के सह-संस्थापक जोनाथन लेविन ने भी यही आशंका जताई है।

बाइनेंस ने 3 अरब डॉलर के प्रभावित फंड्स को फ्रीज कर दिया | नुकसान की भरपाई के लिए 6.34 अरब डॉलर फंड रिजर्व में रखा

कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने जांच शुरू की



बाईनेंस ने फौरन एक्शन लेते हुए अपने ब्लॉकचेन पार्टनर्स के साथ मिलकर करीब 3 अरब डॉलर के प्रभावित फंड्स को फ्रीज कर दिया है। बाइनेंस ने भरोसा दिलाया है कि वे यूजर्स के डूबे हुए पैसे को वापस लाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों और इंडस्ट्री के दिग्गजों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कंपनी ने इस नुकसान की भरपाई के लिए 6.34 अरब डॉलर के फंड का रिजर्व अलग रख लिया है, जिसमें से 5 अरब डॉलर वही टोकन हैं जो इस हमले में प्रभावित हुए थे।

यूजर्स का फंड पूरी तरह सुरक्षित

बाइनेंस के अधिकारियों के मुताबिक, यूजर्स का फंड पूरी तरह से सुरक्षित है। घबराहट से बचाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए प्लेटफॉर्म ने फिलहाल सभी तरह के विड्रॉल और डिपॉजिट पर अस्थायी रोक लगा दी है। कंपनी ने साफ किया है कि वे अपनी तय योजना के मुताबिक काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि महज 45 घंटों के भीतर विड्रॉल सर्विस दोबारा शुरू कर दी जाएगी।

बायबिट क्रिप्टो एक्सचेंज पर भी किया था हमला

हैकर ग्रुप 'ट्रेडरट्रेटर', उत्तर कोरिया के खतरनाक 'लाजरस ग्रुप' का ही हिस्सा माना जाता है। इससे पहले हाल ही में फरवरी 2025 में बायबिट क्रिप्टो एक्सचेंज पर हुए 1.5 अरब डॉलर के बड़े हमले के लिए भी एफबीआई ने इसी ट्रेडरट्रेटर ग्रुप को जिम्मेदार ठहराया था।

क्रिप्टो बाजार में हड़कंप धड़ाम हुए दाम

इस खबर के आते ही पूरी क्रिप्टो मार्केट में भूचाल आ गया। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन करीब 4% लुढ़ककर 77465 डॉलर पर आ गई।

सेना को मिलेगी सटीक लोकेशन

इसरो ने लॉन्च किया एनवीएस-03 सैटेलाइट मजबूत होगा भारत का अपना नेविगेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार रात एनवीएस-03 नेविगेशन सैटेलाइट का सफल प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से रात 11:51 बजे जीएसएलवी-एफ18 रॉकेट के जरिए उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजा गया। यह प्रक्षेपण भारत के स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम 'नाविक' को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे देश में लोकेशन और रास्ते की जानकारी देने वाली सेवाएं बेहतर होंगी और अमेरिकी जीपीएस पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। एनवीएस-03 नई पीढ़ी के नाविक उपग्रह समूह का तीसरा उपग्रह है। इसे पृथ्वी से 170 किलोमीटर की न्यूनतम और 37,023 किलोमीटर की अधिकतम दूरी वाली अंडाकार कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इस उपग्रह में स्वदेशी परमाणु घड़ी लगाई गई है, जो सटीक समय और लोकेशन निर्धारित करने में मदद करेगी। इसमें एल-1 बैंड का सिग्नल भी जोड़ा गया है।



मोबाइल आधारित सेवाओं में कारगर

नाविक प्रणाली मजबूत होने से भारतीय सेना को सटीक लोकेशन और नेविगेशन संबंधी जानकारी मिल सकेगी। युद्ध जैसी परिस्थितियों में विदेशी नेविगेशन प्रणालियों पर निर्भरता कम करना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। इसके अलावा सड़क परिवहन, समुद्री जहाजों की दिशा तय करने और मोबाइल आधारित लोकेशन सेवाओं में भी इस उपग्रह की भूमिका होगी।

तिथियों के घटने बढ़ने से बदला पर्वों का क्रम

इस बार छह दिन मनेगा दीपोत्सव, 8 नवंबर को दीपावली पर लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त शाम 5:54 बजे से होगा शुरू

6 नवंबर को धनतेरस से होगी शुरुआत, 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा और 11 नवंबर को भाई दूज पूर्व मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस बार दीपोत्सव छह दिनों तक मनाया जाएगा। तिथियों के घटने-बढ़ने के कारण पर्वों के क्रम में बदलाव हुआ है। 6 नवंबर को धनतेरस के साथ दीपोत्सव की शुरुआत होगी। 7 नवंबर को रूप चतुर्दशी और 8 नवंबर को दीपावली मनाई जाएगी। वहीं, 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा और 11 नवंबर को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। खास बात यह है कि दीपावली पर अमावस्या, प्रदोष काल और स्थिर लग्न का शुभ संयोग बन रहा है।



फोइल फोटो।

दीपावली पर हस्त, चित्रा, स्वाति और विशाखा नक्षत्रों का संयोग

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे के अनुसार, इस बार दीपावली पर हस्त, चित्रा, स्वाति और विशाखा नक्षत्रों का संयोग रहेगा। 8 नवंबर को सुबह 11:28 बजे अमावस्या तिथि शुरू होगी, जो 9 नवंबर को दोपहर 12:31 बजे तक रहेगी। 8 नवंबर को अमावस्या के साथ प्रदोष काल और स्थिर लग्न का संयोग होने से इसी दिन दीपावली मनाना शुभ रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, लक्ष्मी पूजन के लिए शाम का समय विशेष फलदायी माना गया है।

7:50 बजे तक लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

दीपावली पर मां लक्ष्मी की आराधना के लिए इस बार प्रदोष काल और वृषभ स्थिर लग्न का संयोग बन रहा है। पं. रामजीवन दुबे के मुताबिक, 8 नवंबर को लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त शाम 5:54 से 7:50 बजे तक रहेगा। वहीं, प्रदोष काल शाम 6:02 से रात 8:34 बजे तक रहेगा। मान्यता है कि स्थिर लग्न में लक्ष्मी पूजन करने से घर में सुख-समृद्धि और धन-धान्य की वृद्धि होती है। रात्रि में विशेष पूजा और साधना करने वालों के लिए निशीथ काल का मुहूर्त रात 11:39 से 12:31 बजे तक रहेगा।

प्रतिपदा देर से शुरू होने से 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा

इस बार अमावस्या तिथि 9 नवंबर को दोपहर 12:31 बजे तक रहेगी। इसके बाद शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा शुरू होगी। प्रतिपदा तिथि दोपहर में शुरू होने के कारण उदया तिथि के अनुसार 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा की जाएगी। इसके अगले दिन 11 नवंबर को भाई दूज के साथ चित्रगुप्त पूजन होगा।

दीपोत्सव के प्रमुख पर्व और तिथियां

- **6 नवंबर : धनतेरस :** त्रयोदशी तिथि सुबह 10:30 बजे शुरू होगी।
- **7 नवंबर : रूप चतुर्दशी :** चतुर्दशी तिथि सुबह 10:38 बजे शुरू होकर 8 नवंबर को सुबह 11:28 बजे तक रहेगी।
- **8 नवंबर : दीपावली :** अमावस्या तिथि सुबह 11:28 बजे शुरू होगी। इसी दिन दीपावली और लक्ष्मी पूजन होगा।
- **9 नवंबर : रामा-श्यामा :** अमावस्या दोपहर 12:31 बजे तक रहेगी। इसके बाद प्रतिपदा शुरू होगी।
- **10 नवंबर : गोवर्धन पूजा :** उदया तिथि के अनुसार गोवर्धन पूजा होगी। प्रतिपदा तिथि दोपहर 2 बजे तक रहेगी।
- **11 नवंबर : भाई दूज:** द्वितीया तिथि दोपहर 3:53 बजे तक रहेगी। इसी दिन भाई दूज और चित्रगुप्त पूजन होगा।

एक लाख इक्विटी शेयरों को जारी करने का निर्णय, अब तेज गति से होंगे निर्णय

ग्वालियर-चंबल अंचल को भी शीघ्र मिलेगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की सौगात

ग्वालियर-चंबल यात्री परिवहन सेवा लिमिटेड कंपनीके संचालक मंडल की पहली बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना के तहत ग्वालियर-चंबल अंचल में नागरिकों को सुगम, सुरक्षित, व्यवस्थित एवं विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ग्वालियर-चंबल यात्री परिवहन सेवा लिमिटेड के संचालक मंडल की पहली बैठक में एक लाख इक्विटी शेयरों के माध्यम से 10 लाख रुपए की अंशपूंजी के शेयर प्रमाणपत्र जारी करने और कंपनी के कार्यकारी निदेशक के रूप में अभिषेक चौधरी, आयुक्त नगर निगम ग्वालियर को नियुक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

मंत्रालय में शुक्रवार को कंपनी के अध्यक्ष एवं सचिव, परिवहन विभाग मनीष सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में संचालक मण्डल के सभी सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में कलेक्टर ग्वालियर रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी, ग्वालियर औद्योगिक विकास निगम की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। राज्य शासन ने 1 अप्रैल 2025 को कैबिनेट की ओर से लिए गए निर्णय के अनुक्रम में इस कंपनी के गठन और प्रशासनिक संरचना, वित्तीय प्रबंधन एवं संचालन संबंधी महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की थी।



फाइल फोटो।

कार्यकारी निदेशक को मिले अधिकार

बैठक में लिए गए निर्णयों से कंपनी का संस्थागत, प्रशासनिक एवं वित्तीय ढांचा सुदृढ़ होगा तथा ग्वालियर-चंबल अंचल में नागरिकों को सुगम, सुरक्षित, व्यवस्थित एवं विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में आगामी कार्यवाही को गति मिलेगी। अब कंपनी के कार्यकारी निदेशक को आवश्यक अनुबंधों, समझौतों एवं अन्य दस्तावेजों के निष्पादन तथा बैंकिंग एवं प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए अधिकृत किया गया। इससे कंपनी की निर्णय प्रक्रिया सहित आगामी संचालन संबंधी गतिविधियों को गति मिलेगी।

बेहतर प्रशासनिक समन्वय के लिए निदेशक नामित

बैठक में संचालक मण्डल ने कार्यकारी निदेशक के अलावा ग्वालियर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा भिण्ड, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर एवं अशोकनगर जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों सहित नौ नामित निदेशकों की नियुक्ति को भी स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से कंपनी के संचालन में विभिन्न जिलों एवं संबंधित विभागों की सहभागिता सुनिश्चित होगी तथा क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर प्रशासनिक समन्वय भी बन सकेगा।

स्मार्ट सिटी-जीडीए या कमिश्नरी भवन में खुलेगा कार्यालय

बैठक में कंपनी के सुचारू एवं प्रभावी संचालन के लिए कार्यालयीन अधोसंरचना के विकास एवं स्थापना पर विस्तृत चर्चा की गई। लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता वाले मुख्य कार्यालय तथा कंट्रोल कमांड सेंटर की स्थापना के लिए चार संभावित स्थलों- स्मार्ट सिटी कार्यालय का द्वितीय तल, जीडीए शताब्दीपुरम, जीडीए माधव प्लाजा एवं संभागायुक्त कार्यालय- पर विचार-विमर्श किया गया। संचालक मंडल की ओर से इन स्थलों की उपलब्धता, उपयुक्तता, आधारभूत सुविधाओं एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए चारों विकल्पों में से एक उपयुक्त स्थल का चयन कर कंपनी के मुख्य कार्यालय एवं कंट्रोल कमांड सेंटर की स्थापना करने का निर्णय लिया गया।

10 लाख रुपए की अंशपूंजी के साथ वित्तीय मजबूती

कंपनी के वित्तीय प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता खोलने एवं एक लाख इक्विटी शेयरों के माध्यम से 10 लाख रुपए की अंशपूंजी के शेयर प्रमाणपत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कंपनी के शेयर हस्तांतरण को भी स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही कंपनी के मेमोरेंडम एवं आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन को अंगीकृत करते हुए वित्तीय वर्ष एवं पंजीकृत कार्यालय सहित आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाओं को अनुमोदित किया गया।

अनेक वित्तीय प्रशासनिक फैसले होंगे पारदर्शी

बैठक में कंपनी के वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता एवं वैधानिक अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के माध्यम से प्रथम लेखापरीक्षक की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करने, जीएसटी एवं अन्य आवश्यक पंजीयन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कंपनी के कार्यकारी निदेशक को आवश्यक अनुबंधों, समझौतों एवं अन्य दस्तावेजों के निष्पादन तथा बैंकिंग एवं प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए अधिकृत किया गया।



जमीन को प्रतिबंधित क्षेत्र से हटाने की मांग

तालाब किनारे की जमीन से प्रतिबंध हटाने किसानों ने घेरी हुजूर तहसील

सैकड़ों किसानों ने किया तहसील के बाहर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नए मास्टर प्लॉन में बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया की जमीनों पर निर्माण की रोक का विरोध तेज हो गया है। फंदा के 66 गांवों के किसानों ने मास्टर प्लॉन के दावे-आपत्ति पेश की थीं, जिसके बाद शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के सैकड़ों किसानों ने हुजूर तहसील का घेराव कर दिया, जिससे दो घंटे तक तहसील में हंगामा चलता रहा। किसानों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्माण से प्रतिबंध हटाने की मांग रखी है।

शुक्रवार को भारतीय किसान संघ ने दोनों मुद्दों पर आरपार की लड़ाई का रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे हैं। संघ के हुजूर तहसील अध्यक्ष अखिलेश मीणा ने मास्टर प्लॉन के प्रस्तावित भोजताल प्रभाव क्षेत्र-2 की ग्रामवार और खसरा-वार समीक्षा कर संशोधन करने की मांग की गई है।

पोर्टल में एरर से अटका भुगतान

संघ ने आरोप लगाया कि अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, बेमौसम बारिश और सूखे से फसलें बर्बाद होने के बावजूद अनेक किसानों को बीमा राशि नहीं मिली। सीसीई, बीमा पोर्टल पर नाम, खसरा और रकबे की कमियों और सर्वे संबंधी समस्याओं को सुधारा जाए। जगदीशपुर की तर्ज पर हुजूर तहसील के पात्र किसानों को भी सिंगल क्लिक से भुगतान किया जाए।

रामगंजमंडी-भोपाल रेल लाइन

13 किमी ट्रैक का दो नवंबर को सीआरएस करेंगे निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रामगंजमंडी-भोपाल नई रेल लाइन परियोजना के तहत सोनकच्छ से नरसिंहगढ़ के बीच नवनिर्मित 13 किलोमीटर लंबे रेलखंड पर यात्री ट्रेन चलाने की दिशा में रेलवे ने तैयारी तेज कर दी है।

- सुरक्षा से जुड़े सभी इंतजामों की होगी जांच

इसके लिए 2 और 3 नवंबर को रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) इस रेलखंड का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण और जरूरी अनुमतियां मिलने के बाद इस मार्ग पर यात्री ट्रेनों के संचालन का रास्ता साफ हो सकेगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सीआरएस सबसे पहले नरसिंहगढ़ स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान निर्माण से जुड़े दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच की जाएगी। इसके बाद नरसिंहगढ़ से सोनकच्छ तक करीब 13 किमी रेलखंड का मोटर ट्रॉली से निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान रेल पटरियों, पुल-पुलियों, समपार फाटकों, स्टेशन की व्यवस्थाओं, बिजली और सिग्नल प्रणाली सहित सुरक्षा से जुड़े सभी इंतजामों की जांच होगी। निरीक्षण पूरा होने के बाद सोनकच्छ से नरसिंहगढ़ के बीच विशेष ट्रेन से स्पीड ट्रायल भी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भोपाल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी सहित मंडल और निर्माण संगठन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। सीआरएस की जांच और आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद इस रेलखंड पर यात्री ट्रेनों के संचालन की अगली प्रक्रिया शुरू होगी।

कदाचरण की स्वीकारोक्ति पर कार्रवाई

पन्ना के कार्यपालन यंत्री सीबी अहिरवार निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जल संसाधन संभाग के पन्ना में पदस्थ कार्यपालन यंत्री सीबी अहिरवार के सोशल मीडिया में प्रसारित वक्तव्य में कदाचरण की स्वीकारोक्ति को गंभीरता से लेते हुए राज्य शासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एक वीडियो में वे कहते हुए सुने जा रहे हैं कि कोई स्वेच्छा से कुछ देता है तो वे मना नहीं करते। उनका रिश्वत का कोई रेट नहीं है। दरअसल अहिरवार से पूछा गया था कि आपके एई व सब इंजीनियर के रेट फिक्स हैं। आपका कितना क्या है। राज्य शासन ने उक्त कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3(1) का उल्लंघन एवं शासकीय सेवक के आचरण के प्रतिकूल मानते हुए यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल निर्धारित किया गया है।



हमीदिया अस्पताल में दुर्लभ एब्डॉमिनल प्रेग्नेंसी का सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में डॉक्टरों ने दुर्लभ और जटिल सेकंडरी एब्डॉमिनल प्रेग्नेंसी का सफल ऑपरेशन कर 2.4 किलोग्राम वजन के स्वस्थ बच्चे का जन्म कराया। इस जटिल मामले में गर्भाशय के बाहर गर्भ विकसित हो रहा था। ऐसी स्थिति में मां और बच्चे दोनों की जान को गंभीर खतरा रहता है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी के जरिए सुरक्षित प्रसव कराया। ऑपरेशन के बाद मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं।

उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है। यह जटिल ऑपरेशन गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. कविता सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा वाधवानी और एनेस्थीसिया विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनल अवासे के मार्गदर्शन में किया गया। सर्जरी में सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. पल्लवी सिंह और डॉ. नंदिनी सिंह की प्रमुख भूमिका रही। वहीं एनेस्थीसिया टीम में डॉ. संदीप राठौर और एसआर डॉ. शेरिन शामिल रहे।

गर्भाशय के बाहर विकसित हो रहा था गर्भ डॉक्टरों ने सर्जरी कर बचाई मां-बच्चे की जान



हमीदिया अस्पताल में सर्जरी के बाद मां-बच्चे के साथ डॉक्टर।

जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों ने भी किया सहयोग

ऑपरेशन के दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग और एनेस्थीसिया विभाग के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों ने भी सहयोग किया। डॉ. पल्लवी सिंह के मुताबिक इस तरह की प्रेग्नेंसी बेहद दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण होती है। इसमें गर्भाशय के बाहर विकसित हो रहे गर्भ के कारण सर्जरी के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ती है। समय पर निर्णय, विशेषज्ञता और दोनों विभागों के बीच बेहतर समन्वय से इस जटिल ऑपरेशन को सफल बनाया जा सका।

10 लेन सड़क निर्माण स्थल पर बंद पड़ी मशीनें, किनारों पर पेड़ों का मलबा और अधूरी सफाई बनी परेशानी, राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं

एक दिन की बारिश में थमी कॉरिडोर की रफ्तार, पेड़ों की कटाई के बाद पड़ा मलबा बना मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में आशाराम तिराहे से रत्नागिरी तिराहे तक बन रहे 16.439 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर की निर्माण गति पर एक दिन की बारिश का असर साफ दिखाई दे रहा है। निर्माण स्थल पर कई मशीनें बंद पड़ी हैं तो सड़क किनारे पेड़ों की कटाई के बाद बची लकड़ियां, अधकटे पेड़ और जड़ें अब तक नहीं हटाई गई हैं।

सड़क किनारे फैला मलबा और अव्यवस्थित निर्माण कार्य राहगीरों के लिए परेशानी बन रहा है। वाहन चालकों को भी रास्ते से निकलने में दिक्कत हो रही है। सवाल यह है कि एक दिन की बारिश के बाद जब निर्माण कार्य की रफ्तार थम गई तो आने वाले दिनों में काम समय पर कैसे पूरा होगा।



सड़क किनारे मलबा, सफाई का इंतजार

कॉरिडोर के निर्माण स्थल पर कई जगह पेड़ों की कटाई के बाद लकड़ियां पड़ी हुई हैं। कुछ स्थानों पर पेड़ों के अधकटे हिस्से और जड़ें भी नहीं हटाई गई हैं। इससे सड़क किनारे अव्यवस्था बनी हुई है। पैदल चलने वालों को रास्ता तलाशना पड़ रहा है, वहीं वाहन चालकों को भी सावधानी से निकलना पड़ रहा है।

7,871 पेड़ों की कटाई की मिली अनुमति

यह तकनीकी रूप से 10 लेन का कॉरिडोर है। इसमें छह लेन की मुख्य सड़क और दोनों तरफ दो-दो लेन की सर्विस रोड बनाई जा रही है। निर्माण कार्य 11 अगस्त 2025 को शुरू हुआ था। परियोजना के लिए 7,871 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई थी। हालांकि, अब तक वास्तव में कितने पेड़ काटे जा चुके हैं, इसका आंकड़ा स्पष्ट नहीं है। ऐसे में कटाई के बाद बचे मलबे का निस्तारण भी निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर देवांश लुवाल ने बताया कि कुछ मशीनें नहीं चल पा रही थीं, लेकिन अब स्थिति सामान्य है। परियोजना को निर्धारित समय में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।





भोपाल के अयोध्या बायपास पर प्रस्तावित 10 लेन सड़क निर्माण कार्य कुछ इस तरह चल रहा है।

कई मशीनें खड़ी, काम की रफ्तार धीमी

निर्माण स्थल पर कई मशीनें बंद पड़ी दिखाई दे रही हैं। बारिश के बाद कामकाज प्रभावित होने से परियोजना की गति धीमी नजर आ रही है। इतने बड़े निर्माण कार्य में मशीनों और संसाधनों का उपयोग लगातार होना जरूरी है, लेकिन मौके पर काम की सुस्त स्थिति एजेंसी की तैयारी पर सवाल खड़े कर रही है।

'रन मेडिक्स रन 2026' कल

भोपाल। राजधानी के चिकित्सकों में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए 'रन मेडिक्स रन 2026' का आयोजन रविवार एक नवंबर को टीटी नगर स्टेडियम में किया जा रहा है। आयोजक डॉ संजीव गुलाटी, डॉ पुनीत टंडन और मीडिया प्रभारी डॉ इंद्र कुमार चुघ ने बताया कि कार्यक्रम में खेल मंत्री विश्वास सारंग, विधायक भगवान दास सबनानी शामिल होंगे। 'रन मेडिक्स रन 2026' में शहर के 400 से अधिक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ चिकित्सक भाग लेंगे। कार्यक्रम में भोपाल के विभिन्न चिकित्सा व्यावसायिक संगठन, जीएमसी एलुमनी एसोसिएशन भी शामिल होगा। इस पहल की शुरूआत वर्ष 2025 में डॉ. संजीव गुलाटी और डॉ. पुनीत टंडन ने की थी, जिसमें लगभग 300 चिकित्सकों ने भाग लिया था।

डिंडोरी में कृषि क्षेत्र में नवाचार और विकास की नई संभावनाएं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज जिले में कृषि के क्षेत्र में नवाचार और विकास को लेकर जो सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है, वह अद्भुत और उत्साहजनक है। डिंडोरी जिला उनके लिए विशेष महत्व रखता है। यह उनका प्रिय जिला है और पूर्व में वे यहां के प्रभारी भी रह चुके हैं। डिंडोरी ने अपने सुयोग्य जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में प्रदेश में अपनी अलग पहचान स्थापित की है।

कोदो, कुटकी और धान की खरीदी के निर्णय से किसानों को मिलेगा प्रोत्साहन

डिंडोरी जिले को हाल ही में आयुर्वेद महाविद्यालय की दी गई सौगात



सीएम डॉ. यादव आज इंदौर एयरपोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिंडोरी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव किसानों को कृषि के क्षेत्र में नई संभावनाओं, आधुनिक तकनीकों और नवाचारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। डिंडोरी जैसे जनजातीय बहुल जिले में कृषि के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण और उनकी आर्थिक समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी दिशा में कोदो, कुटकी के साथ धान की खरीदी का निर्णय लिया गया है। इससे क्षेत्र के किसानों को उनकी उपज का उचित लाभ मिलेगा और परंपरागत कृषि उत्पादों को भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के माध्यम से कृषि और पशुपालन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस वर्ष प्रत्येक विकासखंड में गौमाता प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक के वृंदावन ग्राम में उत्कृष्ट गौपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

खबर संक्षेप

सौरभ वर्मा को हुजूर, दंडोतिया को बनाया गोविंदपुरा तहसीलदार

भोपाल। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने एक दिन पहले कोलार एसडीएम प्रकाशचंद पांडे को हटाने के बाद चार तहसीलदारों को इधर से उधर किया है। जिसके तहत गोविंदपुरा तहसीलदार सौरभ वर्मा को हुजूर और टीटी नगर तहसीलदार करुणा दंडोतिया को गोविंदपुरा की जिम्मेदारी सौंपी है। इधर भू अभिलेख का काम देखने वाली निधि तिवारी को टीटी नगर भेजा गया है। जबकि हुजूर में पदस्थ तहसीलदार अतुल शर्मा को भू संसाधन विभाग में शिफ्ट किया है।

पिस्टल तानने वाले सख्श पर प्रकरण दर्ज

भोपाल। टीटी नगर पुलिस ने हंटर बाइक पर सवार युवक की बाइक को टक्कर मारने और विरोध करने पर पिस्टल तानने वाले अज्ञात सख्श के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। उक्त मामले में बाइक सवार द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई थी, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कार सवार सरेराह पिस्टल तानकर गाली-गलौज करता नजर आया था। सार्वजनिक स्थल पर पिस्टल निकालकर धमकाने की घटना के बाद पुलिस हरकत में आई थी।

केवडिया में आज परेड डीजीपी होंगे शामिल

भोपाल। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) पर शनिवार को गुजरात के केवडिया (एकता नगर) में भव्य 'यूनिटी डे परेड' का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह की विशेष थीम 'नक्सल मुक्त भारत' रखी गई है। समारोह में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा शामिल होंगे। आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मुख्य परेड आयोजित होगी। इस आयोजन में मप्र की हॉक फोर्स पलिस बैंड शामिल होंगे।

बरखेड़ा-औबेदुल्लागंज के बीच 6 दिन बंद रहेगा रेलवे फाटक

भोपाल। बरखेड़ा-औबेदुल्लागंज रेलखंड पर रेलवे ट्रैक के नवीनीकरण कार्य के चलते समपार फाटक क्रमांक 238सी को 2 नवंबर की शाम 6 बजे तक बंद रखा जाएगा। यह फाटक 28 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से सड़क यातायात के लिए बंद है। ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे के अनुसार, रेलखंड की अप लाइन पर पीक्यूआरएस मशीन से ट्रैक नवीनीकरण का काम किया जा रहा है।

स्वदेशी मेले में स्थानीय उद्यमियों को अपने उत्पादों व कार्यों को प्रदर्शित करने का मिला अवसर

स्वदेशी अपनाकर ही 2047 तक होगा आत्मनिर्भर विकसित भारत का लक्ष्य पूरा: उपमुख्यमंत्री शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रस्तुति देती कलाकार।

वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग आवश्यक है। देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जब हम विदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हैं तो उससे दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, जबकि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। यह बात मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेश शुक्ल ने स्वदेशी मेले में कही।

स्वदेशी जागरण मंच और स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय परिसर, भोपाल में 4 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में स्वदेशी उत्पादों के साथ स्थानीय उद्यमियों, महिला उद्यमियों और युवाओं को अपने उत्पादों एवं कार्यों को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है।



स्वदेशी मेले में मंच पर उपस्थित डिप्टी सीएम शुक्ल व पदाधिकारी।

स्वदेशी मेला सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जुड़ाव का मंच: सविता

भाजपा की पूर्व विधायक सविता दीवान ने कहा कि स्वदेशी मेले में ऐसा वातावरण दिखाई दे रहा है, मानो पूरा भारत यहां एकत्र हो गया हो। भारत मेलों का देश रहा है और मेले हमेशा से सामाजिकता तथा लोगों को जोड़ने का माध्यम रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी कोई नया विचार नहीं है। आजादी के आंदोलन के समय महात्मा गांधी ने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और उनके दहन के माध्यम से स्वदेशी का संदेश दिया था। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



मंच पर उपस्थित अतिथि।

मानसिक गुलामी से मुक्त होकर स्वावलंबन की ओर बढ़ना होगा: हेमंत सेठिया

मध्य भारत प्रांत के प्रांत कार्यवाहक हेमंत सेठिया ने कहा कि भारत को विश्व गुरु और आत्मनिर्भर बनाने में इस तरह के मेलों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत को उस स्थिति तक पहुंचाने के लिए प्रयास करने होंगे, जहां कभी देश की विश्व अर्थव्यवस्था में 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हुआ करती थी।



ऊपर पहुंचना बड़ी बात नहीं है, बल्कि वहां बने रहना अधिक महत्वपूर्ण

उपमुख्यमंत्री राजेश शुक्ल ने कहा कि 2047 तक आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वदेशी के विचार को समझना और अपनाना होगा। ऊपर पहुंचना बड़ी बात नहीं है, बल्कि वहां बने रहना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने रासायनिक खाद का उदाहरण देते हुए कहा कि आज डीएपी और यूरिया लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान कतार में रहते हैं, जबकि इनके अत्यधिक उपयोग से जमीन की उर्वरक क्षमता प्रभावित होती है। इनके आयात पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी खर्च होती है।

स्वदेशी केवल वस्तु नहीं, बल्कि जीवन का भाव है: डॉ. निवेदिता

बाल अधिकार संकर्षण आयोग मध्य प्रदेश की अध्यक्ष निवेदिता शर्मा ने कहा कि स्वदेशी केवल कोई उत्पाद या वस्तु नहीं है, बल्कि यह एक भाव है, जो प्रत्येक व्यक्ति के भीतर होना चाहिए। चाहे वह स्वभाषा हो, स्वभोजन हो या स्वदेशी सामान, हर क्षेत्र में इस भावना को अपनाने की आवश्यकता है।

उद्यमी मातृशक्ति और युवाओं को समर्पित है मेला : रमन तिवारी



मेले की प्रस्तावना रखते हुए सह संयोजक रमन तिवारी ने कहा कि यह मेला उद्यमी मातृशक्ति और युवाओं को समर्पित है। स्वदेशी मेले में निवेदिता चतुर्वेदी, सविता दीवान,, सतपाल पलिया, राधेश्याम धाकड़, सतीश विश्वकर्मा,, दीपक वर्मा, सुधीर ढाते, अमृता राजे और सीमा भारद्वाज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



सम्मान करतीं सीमा भारद्वाज।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिए निर्देश

रोजगार सहायकों को भी यात्रा भत्ता, 6 महीने में बनेगी नीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मध्यप्रदेश की ग्राम पंचायतों में कार्यरत करीब 23 हजार ग्राम रोजगार सहायकों को तबादले के मामले में हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सरकार यदि रोजगार सहायकों का स्थानांतरण करती है तो उन्हें नियमानुसार अनिवार्य यात्रा भत्ता, यात्रा भत्ता और अन्य अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने राज्य रोजगार गारंटी परिषद के आयुक्त को छह माह के भीतर इस संबंध में सुव्यवस्थित नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मामले में सिंगरौली निवासी अमित कुमार मिश्रा, शहडोल के शिवाकांत मिश्रा और राजेश कुमार, सागर के रानू राजपूत तथा टीकमगढ़ के अभिषेक पटेरिया ने 18 जुलाई 2025 को संयुक्त याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता गोपेश यश तिवारी ने पक्ष रखा। कोर्ट ने 14 अक्टूबर को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे अब सुनाया गया है।

18 हजार मानदेय में 100 किमी दूर जाना मुश्किल

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि ग्राम रोजगार सहायकों को करीब 18 हजार रुपए मासिक मानदेय मिलता है। ऐसे में यदि किसी कर्मचारी को उसके मूल कार्यस्थल से 100 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया जाता है तो यात्रा और आवास का अतिरिक्त खर्च उठाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने तबादलों पर रोक लगाने की मांग भी की थी। हालांकि, कोर्ट ने स्थानांतरण पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग स्वीकार नहीं की। यानी शासन प्रशासनिक जरूरत के अनुसार रोजगार सहायकों का तबादला कर सकेगा, लेकिन उन्हें नियमानुसार आर्थिक सुविधाएं देनी होंगी।

एचआरए और स्थानांतरण खर्च का भी प्रावधान

हाईकोर्ट ने नीति में अनिवार्य यात्रा भत्ता, यात्रा भत्ता, घरेलू भत्ता, आवास किराया भत्ता (एचआरए) और स्थानांतरण संबंधी खर्च की भरपाई के प्रावधान शामिल करने के निर्देश दिए हैं। राज्य रोजगार गारंटी परिषद के आयुक्त को छह महीने में नीति तैयार करनी होगी। इससे प्रदेश के करीब 23 हजार रोजगार सहायकों की स्थानांतरण संबंधी सेवा शर्तों को स्पष्ट आधार मिल सकेगा।

मद्रास हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत

सीएम से मंदिर की मर्यादा, पुजारी सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

मंदिर कोई पर्यटन स्थल नहीं है, उसकी पवित्रता सर्वोपरि है। मद्रास हाईकोर्ट के इस ऐतिहासिक निर्णय का अखिल भारतीय पुजारी महासंघ हृदय से स्वागत करता है। माननीय कोर्ट ने यह भी कहा कि रीति, रिवाज, परंपरा एवं पवित्रता को न मानने वाले गैर हिंदुओं को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जावे।

अ. भा. पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी और सचिव रूपेश मेहता ने निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री से भी मध्यप्रदेश में मंदिरों की मर्यादा, परम्परा व पुजारी सुरक्षा अधिनियम (एक्ट) लागू करने की मांग की है। साथ ही मंदिरों की सनातन परंपरा का पालन न करने लोगो पर प्रतिबंध लगाया जाए,चाहे वह गैर-हिन्दू हो या सनातनी हिन्दू ही क्यों न हो। क्योंकि सनातन धर्म के लिए गैर हिन्दुओं से ज्यादा मंदिरों की परंपरा, मर्यादा को भंग करने वाले घातक है।

मध्यप्रदेश में भी कई मंदिर ऐसे हैं जहां मंदिर गर्भगृह की मर्यादा परंपरा,पवित्रता को भंग किया जाता है और सरकार के नियमों का पालन भी नहीं किया जाता हैं। साधु, संत व साध्वियां मंदिर के नियमों का पालन नहीं करते, कुर्ता नुमा वस्त्र व सर पर फैटा बांधकर प्रवेश कर गर्भगृह की मर्यादा भंग करते है और उनके सेवादारों व पुजारियों के द्वारा रोके जाने पर उनके साथ अभद्रता की जाती है।

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने किया पौधरोपण

यूको बैंक के साथ अजजा कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति, सुरक्षा उपायों पर समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



यूको बैंक के अंचल कार्यालय में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण नीति और अन्य विभिन्न सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन पर अध्यक्ष, राष्ट्रीय अजजा आयोग अंतर सिंह आर्य की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई । इस अवसर पर आयोग के वरिष्ठ सदस्य राकेश कुमार दुबे, सलाहकार राजीव सक्सेना निजी सचिव, राम नारायण शर्मा अध्यक्ष के निजी सहायक, गोवर्धन मुंडे वरिष्ठ अन्वेषक, अंकित कुमार सेन अनुसंधान अधिकारी, अमृत प्रजापति सलाहकार उपस्थित थे। बैठक यूको बैंक के अमर सिंह राठौड़, उप महाप्रबंधक, लोकेश कुमार, अंचल प्रमुख, सुमन, उप अंचल प्रमुख की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में यूको बैंक के भोपाल अंचल के साथ ग्वालियर एवं इंदौर अंचल के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। अध्यक्ष आर्य ने बैंक परिसर में पौधारोपण किया। यूको बैंक अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों को अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया।

भोपाल में तापमान में एक दिन में हुई 6.8 डिग्री की गिरावट

अर्नब तूफान ने दिन में गिराया 6 डिग्री पारा आज उत्तर और पूर्वी इलाकों में होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अर्नब चक्रवाती तूफान ने प्रदेश भर में रात के साथ दिन का पारा भी गिरा दिया है, जिससे प्रदेश में बादलों का डेरा जमा हुआ है। शुक्रवार को पूर्वी क्षेत्र के छतरपुर, खजुराहो, राजगढ़ और सीधी जिलों में बारिश भी दर्ज की गई। दिनभर बादलों की मौजूदगी से दिन के तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जबकि रात का पारा सामान्य से दो से तीन डिग्री अधिक रहा। इसके अलावा नौगांव में 2.0 मिलीमीटर, सतना, शिवपुरी, टीकमगढ़, उमरिया में 1.0 मिलीमीटर, दतिया में 0.8 मिलीमीटर सागर में 0.7 मिलीमीटर, जबलपुर, मलाजखंड और रीवा में 0.4 मिलीमीटर पानी गिरा।

मौसम विज्ञानी वहीद खान ने बताया कि तूफान अर्नब कमजोर होकर लो प्रेशर में बदल गया है, जो वर्तमान में उत्तरी छत्तीसगढ़ पर स्थिर है। इसके साथ ही एक ट्रफ लाइन उत्तर-पश्चिम यूपी की ओर और दूसरी पूर्वी अरब सागर से महाराष्ट्र तक जा रही है। इन तीन सिस्टम के असर से शनिवार को उत्तर व पूर्वी प्रदेश में हल्की बारिश होने की उम्मीद जताई गई है, हालांकि रविवार से मौसम साफ होने लगेगा।

पूर्वी जिलों में गिरा पानी, कल से साफ होगा आसमान, पारा गिरने से पड़ेगी गुलाबी सर्दी



शाम 6 बजे के करीब भोपाल का गोविंदपुरा क्षेत्र का दृश्य।

उत्तर की ठंडी हवाएं घोलेंगी ठंडक

राजधानी में इस बार नवंबर माह में उमस पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। मानसून के साथ आने वाली नम हवाएं अब उत्तरी ठंडी हवाओं में बदल जाएंगी। जिससे रात के तापमान में गिरावट आएगी और सुबह गुलाबी ठंडक महसूस होगी। इस बार नवंबर में शहर का औसत अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

चार बड़े शहरों का तापमान

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
भोपाल	24.8	20.0
इंदौर	26.6	19.8
ग्वालियर	22.6	20.5
जबलपुर	23.9	19.4

(डिग्री सेल्सियस में)

जिला स्तरीय कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथि नामित, ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष तोमर होंगे शामिल

पूरे प्रदेश में कल मनेगा स्थापना दिवस, भोपाल में मुख्य समारोह के सीएम होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवंबर को राज्य के मुख्य समारोह और जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि नामित किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में लाल परेड मैदान पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। इसी तरह प्रदेश के बाकी सभी जिलों के लिए अतिथियों के नामों की घोषणा की गई है। जीएडी ने जिला स्तरीय कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि नामित किए हैं।

डिप्टी सीएम देवड़ा जबलपुर में तो शुक्ल रीवा में होंगे शामिल

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के अनुसार मप्र स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रमों में ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और जबलपुर में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा रीवा में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैतूल में विधायक हेमंत खण्डेलवाल, खण्डवा में मंत्री विजय शाह, इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नरसिंहपुर में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, देवास में मंत्री तुलसीराम सिलावट, सीहोर में मंत्री करण सिंह वर्मा, मंडला में मंत्री संपतिया उइके, मुरैना में मंत्री एदल सिंह कंषाना और झाबुआ में मंत्री निर्मला भूरिया मुख्य अतिथि होंगे।



राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में शुक्रवार से राज्योत्सव की तैयारियां शुरू हो गईं।

सागर में राजपूत तो खरगोन में सारंग होंगे मुख्य अतिथि

सागर में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, खरगोन में मंत्री विश्वास सारंग, शिवपुरी में मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, अलीराजपुर में मंत्री नागर सिंह चौहान, भिंड में मंत्री राकेश शुक्ला, शाजापुर में मंत्री इंदर सिंह परमार, नर्मदापुरम में राज्यमंत्री कृष्णा गौर, दमोह में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी, अनूपपुर में राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, उज्जैन में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, कटनी में राज्यमंत्री लखन पटेल, राजगढ़ में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, रायसेन में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सतना में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, छतरपुर में राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, सिंगरौली में राज्यमंत्री राधा सिंह मुख्य अतिथि होंगे।

हरदा में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके मुख्य अतिथि होंगे

हरदा में केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, शहडोल में लोकसभा सांसद हिमाद्री सिंह, बुरहानपुर में लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, बालाघाट में लोकसभा सांसद भारती पारधी, आगर मालवा में लोकसभा सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, बड़वानी में लोकसभा सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल, सीधी में लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, मऊगंज में लोकसभा सांसद जनार्दन मिश्रा, छिंदवाड़ा में लोकसभा सांसद बंटी विवेक साहू, सिवनी में लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, श्योपुर में लोकसभा सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, मंदसौर में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, नीमच में लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, रतलाम में लोकसभा सांसद अनिता चौहान, पांढुर्णा में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, पन्ना में विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, धार में विधायक नीना वर्मा, उमरिया में विधायक सुश्री मीना सिंह मांडवे, टीकमगढ़ में विधायक हरिशंकर खटीक, डिंडोरी में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, निवाड़ी में विधायक अनिल जैन, मैहर में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, गुना में विधायक पन्नालाल शाक्य, दतिया में विधायक प्रदीप अग्रवाल, अशोक नगर में विधायक जंगन्नाथ सिंह रघुवंशी और विदिशा में विधायक मुकेश टंडन शामिल होंगे।

मोनाली ठाकुर के सुरों से सजेगी उद्घाटन संध्या, मामे खान करेंगे राज्योत्सव का समापन



20 से अधिक लोक एवं जनजातीय नृत्यों के साथ गूंजेगा वाद्य संगीत, कृषि नवाचारों और उन्नत तकनीकों का भी होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक नवंबर मप्र स्थापना दिवस समारोह में संगीत, लोक संस्कृति और कृषि नवाचारों का अनूठा संगम लाल परेड ग्राउंड में देखने को मिलेगा। उद्घाटन संध्या में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरेंगी। वह 'संवार लूं' और 'मोह मोह के धागे' जैसे लोकप्रिय गीतों से



संगीत प्रेमियों को सुरों की सौगात देंगी। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत कृषि केंद्रित संगोष्ठी भी आयोजित होगी, जिसमें जैविक एवं प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण, उद्यानिकी, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन जैसे विषयों पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे।

इसके साथ ही कृषि यंत्रों, सिंचाई तकनीकों, जैविक उत्पादों और विभिन्न विभागों के नवाचारों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। एफपीओ, स्वयं सहायता समूहों और अन्य संस्थाओं के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय होगा। उपरोक्त जानकारी शुक्रवार को लाल परेड ग्राउंड में आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने दी।

लोकनृत्यों और मामे खान की गायिकी से सजेगी समापन संध्या

उन्होंने बताया कि राज्योत्सव के दूसरे दिन 2 नवंबर को करमा-सैला, भगोरिया, बधाई, मटकी, काठी सहित विभिन्न राज्यों के घूमर, भांगड़ा, पंथी और लेझिम जैसे 20 से अधिक लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियां होंगी। इसके बाद 'अनुगूंज- ब्रीदिंग फिएस्टा' में वाद्य संगीत की स्वर लहरियां गूंजेंगी। वहीं, 3 नवंबर को जैसलमेर के लोक गायक मामे खान और उनका दल राजस्थानी लोकधुनों से समां बांधेंगे। उनकी ऊजार्वान प्रस्तुति के साथ तीन दिवसीय राज्योत्सव का सांस्कृतिक समापन होगा।







खबर संक्षेप

दुष्यंत संग्रहालय में शारदीय काव्य संध्या का आयोजन आज

भोपाल । दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के राज सभागार में शारदीय काव्य संध्या का आयोजन आज 31 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे किया जा रहा है, गोष्ठी की अध्यक्षता मोहन संगोरिया करेंगे मुख्य अतिथि हेमंत देवलेकर विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीकांत जवाने होंगे। कार्यक्रम के संयोजन संचालन घनश्याम मैथिल अमृत करेंगे आयोजन में नगर के आमंत्रित रचनाकार अपनी कविताओं का पाठ करेंगे।

भोपाल के प्रतिभागियों ने जीते अभिनव वाचक एवं पत्रलेखन में पुरस्कार

भोपाल। मप्र मराठी अकादमी, इंदौर द्वारा ज्येष्ठ साहित्यकार कल्पना शुद्ध वैशाख की स्मृति में 27 सितंबर को आयोजित अखिल भारतीय अभिनव वाचक एवं पत्रलेखन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 48 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। भोपाल केंद्र से वैदेही कुलकर्णी ने वर्ग-1 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, वर्ग-2 में स्मिता जोशी प्रथम, गोपाल कृष्ण वाटवे द्वितीय तथा नीलिमा कोतवालीवाले और श्रीकांत अटेरकर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। प्रदीप खळे को प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चुना गया। सभी विजेताओं का इंदौर में आयोजित समारोह में सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी भोपाल केंद्र के प्रमुख अरुण दंडवते ने दी।

फिल्ममेकिंग के नए उपकरणों से सजेगा भोपाल फोटो फेयर

भोपाल। फोटोग्राफी और कंटेंट क्रिएशन के शौकीनों के लिए 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को मानस भवन में भोपाल फोटो फेयर 2026 होगा। शोभा फोटो स्टूडियो के इस दो दिनी फेयर में 25 से अधिक कंपनियां कैमरा, लेंस, लाइटिंग, माइक्रोफोन, ड्रोन प्रदर्शित करेंगी। आगंतुकों को आधुनिक तकनीक से रूबरू होने के साथ ऑफर्स पर उपकरण खरीदने का अवसर भी मिलेगा। आयोजनकर्ता धीरज पाहुजा ने फोटोग्राफर्स, फिल्ममेकर्स और कंटेंट क्रिएटर्स से शामिल होने की अपील की है।



राजधानी के अध्ययन भवन में आयोजन

'संगीत समरसता' में भोपाल सहित रीवा, छिंदवाड़ा और इंदौर के युवा कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत से सजाई संध्या

हनुमान चालीसा के भावों को किया भरतनाट्यम की मुद्राओं में साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब भरतनाट्यम की मुद्राओं में हनुमान भक्ति के भाव साकार हुए तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कहीं कृष्ण वंदना के जरिए मुरलीधर की छवि मंच पर जीवंत हुई तो कहीं लक्ष्मी स्तुति ने शास्त्रीय नृत्य की मनोहारी छटा बिखेरी। नृत्य की भावपूर्ण अभिव्यक्ति और तबले की लयकारी के साथ भारतीय शास्त्रीय कला के विविध रंग अध्ययन भवन में आयोजित 'संगीत समरसता' समारोह में देखने को मिले। समारोह की शुरूआत लावण्या पाटणकर की भरतनाट्यम शैली में हनुमान चालीसा की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुई।



खरवा ताल पर दी लक्ष्मी स्तुति प्रस्तुति

गुरु श्यामल कड़बे के मार्गदर्शन में उन्होंने नृत्य की मुद्राओं और भावों के माध्यम से हनुमान भक्ति को खूबसूरती से अभिव्यक्त किया। इसके बाद आर्या सिंह और प्राची पंडित ने खरवा ताल पर आधारित लक्ष्मी स्तुति प्रस्तुत की। संगीत संयोजन शिव राव और निर्देशन प्रीति तिवारी ने किया। अनिका रघुवंशी, इशाना और अनुष्का अंगिहोत्री ने कृष्ण वंदना, जबकि सिया शर्मा ने गणेश वंदना से वातावरण भक्तिरस से सराबोर किया। गुरु दीपा राज की शिष्या मान्शवी ने भी भरतनाट्यम की शास्त्रीय प्रस्तुति दी।

भोपाल, छिंदवाड़ा, रीवा इंदौर के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

चक्रधर कल्चरल सेंटर की निदेशक प्रीति तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में भोपाल सहित रीवा, छिंदवाड़ा और इंदौर के युवा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों की सराहना हासिल की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि प्रियंका जोशी उपस्थित रहीं।



गायन और तबला वादन ने बांधा समां



नृत्य प्रस्तुतियों के साथ शास्त्रीय संगीत की स्वर और ताल साधना भी देखने को मिली। रीवा के सहस्त्र शुक्ला ने गुरु सौरभ पाण्डेय के मार्गदर्शन में शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया। वहीं सौर्या सोनी ने तबले पर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों को प्रभावित किया। गुरु संदीप राठौर और गुरु संजय राठौर के शिष्यों ने भी तबला वादन में अपनी लयकारी और साधना का परिचय दिया।

रिश्तों का छलावा, प्रकृति की चेतावनी तकनीकी मायाजाल को दर्शाता नाटक



पीडब्ल्यूएस ऑडिटोरियम में शेक्सपियर के विश्वप्रसिद्ध नाटक 'किंग लियर', 'पंचतत्व महाभूतम' और माइम का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अहंकार में डूबा एक राजा अपनों के प्रेम को पहचानने में चूक जाता है, प्रकृति के पांच तत्व मानव को उसके अस्तित्व का महत्व समझाते हैं और तकनीक की दौड़ में आगे बढ़ता मनुष्य अपनी ही संवेदनाओं से दूर होता जाता है। रिश्तों, प्रकृति और आधुनिक सभ्यता के इन्हीं तीन पहलुओं को केंद्र में रखकर दी आर्ट रिवोल्यूशन की ओर से तीन अनूठी नाट्य प्रस्तुतियों का मंचन पीडब्ल्यूएस ऑडिटोरियम में किया गया। विलियम शेक्सपियर के विश्वप्रसिद्ध नाटक 'किंग लियर', 'पंचतत्व महाभूतम' और माइम शैली पर आधारित 'मानव विकास की गाथा' ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। तीनों प्रस्तुतियों का लेखन एवं निर्देशन आशीर्वाद झा ने किया।



चापलूसी के बीच सच्चे प्रेम को पहचानने में चूका राजा



किंग लियर : शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक में एक वृद्ध राजा अपनी तीन बेटियों से उनके प्रेम का प्रमाण शब्दों में मांगता है। दो बेटियां चापलूसी से उसका विश्वास जीत लेती हैं, जबकि छोटी बेटी कॉर्डेलिया सच्चे प्रेम को दिखावे में व्यक्त करने से इनकार कर देती है। बाद में वही बेटियां उसे असहाय छोड़ देती हैं और राजा को अपनी भूल का एहसास होता है।

पांच तत्वों ने मंच पर सुनाई प्रकृति के संघर्ष की कहानी

पंचतत्व महाभूतम की कहानी सृष्टि की उत्पत्ति और मानव के विकास से शुरू होकर प्रकृति के दोहन तक पहुंचती है। जिन पांच तत्वों ने मानव जीवन को आकार दिया, उन्हीं के अंधाधुंध शोषण से प्रकृति का संतुलन बिगड़ने लगता है।



आदिमानव से एआई तक का सफर

माइम के रूप में बिना संवाद और किसी प्रॉप्स के प्रस्तुत इस नाटक में बच्चों ने केवल शारीरिक गतिविधियों, भाव-भंगिमाओं और सामूहिक संरचनाओं से मानव की विकास यात्रा को जीवंत किया।

प्रतिभा पाल ने किया मप्र पर्यटन निगम के एमडी का पदभार ग्रहण



भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की नवागत प्रबंध संचालक प्रतिभा पाल ने शुक्रवार को पर्यटन भवन, निगम मुख्यालय पहुंचकर प्रबंध संचालक का पदभार ग्रहण किया। प्रतिभा पाल वर्ष 2012 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी हैं। उन्हें मध्यप्रदेश शासन में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है।

आपराधिक कानूनों और फॉरेंसिक की बारीकियों से रूबरू हुए विद्यार्थी

अपराध स्थल से अदालत तकः वैज्ञानिक साक्ष्य ही होंगे न्याय की मजबूत कड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अपराध की गुत्थी सुलझाने से लेकर अदालत में दोष साबित करने तक फोरेंसिक साक्ष्यों की अहम भूमिका होती है। इसी प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ विकसित करने रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि (आरएनटीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने शारदा ऑडिटोरियम में 'अपराध स्थल से अदालत तक' विषय पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया। इसमें आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के जिला अभियोजन अधिकारी अभिषेक बुंदेला, मप्र विधानसभा विशेष न्यायालय के विशेष अभियोजन अधिकारी आशीष दुबे और मेडिको-लीगल संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. डीएस बड़कुर ने विद्यार्थियों को फोरेंसिक जांच, आपराधिक अनुसंधान और अभियोजन की प्रक्रियाओं की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बीएनएस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस और बीएसए के व्यावहारिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि वैज्ञानिक जांच और साक्ष्यों का सही संकलन न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर कानूनों की व्यावहारिक चुनौतियों को समझा।



आईईएचई में बोले यंग थिंकर्स के आशुतोष

राष्ट्र की असली ताकत उसकी ज्ञान परंपरा, बौद्धिक नेतृत्व में



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल आर्थिक समृद्धि से नहीं, बल्कि उसकी ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और स्वतंत्र चिंतन से बनती है। युवाओं को रोजगार के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी बौद्धिक भूमिका भी समझनी चाहिए।

इसी विचार के साथ उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) के प्लेसमेंट एवं स्किल डेवलपमेंट सेल द्वारा 'सभ्यताओं के संघर्ष में भारत-बौद्धिक नेतृत्व की आवश्यकता' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

यंग थिंकर्स फोरम के निदेशक एवं मुख्य वक्ता आशुतोष सिंह ठाकुर ने भारतीय ज्ञान परंपरा, स्वामी विवेकानंद के विचारों और शिक्षा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को तार्किक दृष्टिकोण, स्वतंत्र चिंतन और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की।

वीएसपीएल इन्क्यूबेशन सेंटर में नेटवर्किंग कार्यक्रम में उद्यमिता और बिजनेस ग्रोथ पर हुई चर्चा

फोकस्ड बिजनेस एरिया पर काम करने से स्टार्टअप्स को मिलेगी नई पहचान, नए अवसरों की होगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वीएसपीएल इन्क्यूबेशन सेंटर और भारत ब्रांड कम्युनिटी की ओर से नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें फैशन, फूड एंड बेवरेज, स्वास्थ्य और होम सहित पांच प्रमुख बिजनेस क्षेत्रों में नए अवसरों और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई।

भारत ब्रांड कम्युनिटी के तुषार वडेरा ने अपने कॉन्सेप्ट की जानकारी देते हुए बताया कि किसी एक बिजनेस क्षेत्र पर फोकस करने से नए अवसरों की पहचान और मजबूत बिजनेस मॉडल तैयार करने में मदद मिलती है। वहीं, सेंटर की मेंटर रिया शाह ने स्टार्टअप्स को सही मार्गदर्शन और बाजार की जरूरतों के अनुरूप बिजनेस विकसित करने की सलाह दी।





एआई के उपयोग, गो-टू-मार्केट रणनीति पर हुई चर्चा

वीएसपीएल के फाउंडर प्रदीप करम्बलेकर ने कहा कि स्टार्टअप्स की सफलता के लिए केवल नए आइडिया पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि किसी विशेष क्षेत्र की जरूरतों को समझकर उत्पाद और सेवाएं विकसित करना जरूरी है। उन्होंने एआई के उपयोग, गो-टू-मार्केट रणनीति और मजबूत नेटवर्किंग को भी बिजनेस ग्रोथ के लिए महत्वपूर्ण बताया।



साइबर सुरक्षा जागरुकता का आयोजन

साइबर ठगी से बचने सतर्कता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डिजिटल लेन-देन के बढ़ते दौर में अनजान लिंक पर क्लिक करने से लेकर मोबाइल ऐप को अनावश्यक अनुमति देने तक छोटी-सी लापरवाही भी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। आंचलिक विज्ञान केन्द्र में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत 'साइबर स्मार्ट भारत : आज सुरक्षित, कल सशक्त' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। चर्चा में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेन्द्र चौहान, एसबीआई बैंकिंग लोकपाल सहायक महाप्रबंधक बेबी मंडल, मैनिट की डॉ. श्वेता भंडारी और एनएलआईयू के डॉ. ओम मिश्रा ने नागरिकों के कानूनी अधिकारों पर जानकारी दी।

'गोल्डन आवर्स' होते हैं बेहद महत्वपूर्ण

विशेषज्ञों ने कहा कि साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर शुरुआती समय यानी 'गोल्डन आवर्स' बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे मामलों में बिना देरी किए बैंक, पुलिस और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करनी चाहिए।

खबर संक्षेप

ऑडिटोरियम निर्माण कार्य का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

औबेदुल्लागंज। नगर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव एवं



नगर पालिका सीएमओ किरण रहंगडाले ने औचक निरीक्षण किया।



इस दौरान अधिकारियों ने ऑडिटोरियम में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और मौके पर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा होना चाहिए तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। एसडीएम ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ही गुणवत्ता और निर्धारित मापदंडों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों के निरीक्षण के बाद अब ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य कब तक पूरा होता है, इस पर नगरवासियों की नजर रहेगी।

अध्यक्ष इसरानी का मनाया जन्मदिन

संतनगर। थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी का जन्मदिन सेवा संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक,व्यापारिक संगठन के लोगों ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक रामेश्वर शर्मा, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय सहित राम बंसल, विनय दादलानी, योगेश वासवानी वरिष्ठनेता सुशील वासवानी, राजेश हिंगोरानी, मनीष बागवानी, माधु चांदवानी, राजकुमार वाधवानी, अशोक मारण, चंदू भैया व हीरो हिन्दू शामिल है।

निःशुल्क पुराने वस्त्रों का वितरण शिविर आज

औबेदुल्लागंज। दीपावली पर्व पर खुशियां बांटने और जरूरतमंद लोगों के जीवन में मुस्कान लाने के उद्देश्य से औबेदुल्लागंज में पुराने कपड़ों का निःशुल्क वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर 31 अक्टूबर से 7 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का आयोजन जीपी बिल्डिंग मटेरियल सप्लाइयर, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास में किया जाएगा। शिविर संबंधी जानकारी एवं संपर्क 7049923643, 7049923644, 8982710217 कर जरूरतमंद व्यक्ति आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क कपड़े प्राप्त कर सकेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि दीपावली की खुशियां आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी सम्मान के साथ मना सकें।

शुभांक

कल्याणः	3827		
दिनः	779	34	149
रातः	347	46	240
तारा:			
दिनः	689	35	230
रातः	258	54	680

परवलिया सड़क की घटना, लुटेरे ने युवती के भाई के सिर पर मारा डंडा पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

चलती बाइक पर युवती से मोबाइल झपटा, भाई ने मंगेतर के साथ मिलकर पकड़ा तो की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित थाना क्षेत्र स्थित गांव शाहपुर जोड़ पर बाइक पर बैठकर जा रही युवती से बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल झपट लिया।

युवती ने अपनी सहेली के मोबाइल से कॉल कर भाई और मंगेतर को घटना की जानकारी दी। युवती का आगे सड़क पर इंतजार कर रहे भाई और मंगेतर ने बाइक सवार लुटेरे को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह रुका नहीं। उसका पीछा कर गरेठिया जोड़ के पास उसे रोक लिया गया। आरोपी से मोबाइल मांगा गया तो उसने मारपीट कर दी। घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया

पुलिस के अनुसार नीलम अहिरवार (22) गांव मुगालिया हाट में रहती हैं और गांधी नगर के आईटी पार्क में एक ऑफिस में नौकरी करती है। वह प्रतिदिन अपनी सहेली के साथ आईटी पार्क आती-जाती है। गुरुवार शाम भी ऑफिस से छूटने के बाद नीलम अपनी सहेली और उसके चाचा के साथ बाइक से गांव जाने के लिए निकली। गांव के जोड़ पर नीलम के आने का भाई और मंगेतर इंतजार कर रहे थे। भोपाल ब्यावारा हाइवे पर शाहपुर जोड़ पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे बाइक सवार ने नीलम के हाथ से मोबाइल झपट लिया। नीलम ने अपनी सहेली के मोबाइल से कॉल कर भाई और मंगेतर को घटना की जानकारी दी। उसने मोबाइल झपटने वाले की बाइक का नंबर और हुलिया बताया। भाई अमन अहिरवार और मंगेतर ने हुलिया और बाइक नंबर के आधार पर आरोपी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने बाइक की रफ्तार और बढ़ा ली। अमन ने बाइक से आरोपी का पीछा किया और गरेठिया जोड़ पर आरोपी को रोक लिया। उससे मोबाइल मांगा तो वह गालीगलौज करने लगा। इसी बीच आरोपी ने अपने दो भाइयों को कॉल कर बुला लिया। वह गरेठिया जोड़ पर पहुंचे और अमन और उसके साथ पहुंचे बहन के मंगेतर से मारपीट करने लगे। विवाद की सूचना पुलिस को मिल गई थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया गया।

सिर और शरीर में आई थी अंदरुनी चोट

बाइक डिवाइडर पर चढ़ी, गुमठी को टक्कर मारी, पेड़ से टकराई...मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित गोल चौराहा पर बाइकर्स की तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराकर दूसरी ओर सड़क पर बनी गुमठी से जा टकराई। रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक रुकी नहीं और पेड़ में जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार को अंदरूनी चोट आई थी। उसका साथी उसे निजी अस्पताल ले गया, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार कासिब अहमद (36) बीडीए कॉलोनी, कोहेफिजा में रहता था और दुबई की आईटी कंपनी में जॉब करता था। करीब एक सप्ताह पहले ही वह दुबई से भोपाल पहुंचा था। कासिब को बाइक का शौक था। भोपाल लौटने के बाद वह अपनी एवेंजर बाइक से प्रतिदिन सुबह निकलता था। उसके साथ उसका साथी भी जाता था। रविवार सुबह वह बाइक से अकेला निकला, जबकि उसका दोस्त दानिश कार में था।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित गांव सरवर जोड़ के पास गुरुवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अजय राठौर (27) गांव इमलीखेड़ा, बिल्किसगंज में रहता था। वह नीलबड़ में पीठे पर काम की तलाश में आता था और शाम को बाइक से घर लौटता था। गुरुवार को भी वह प्रतिदिन की तरह काम करने आया था। इसके बाद रात करीब साढ़े दस बजे घर जाने के लिए बाइक से निकला था। इसी दौरान सरवर जोड़ के आगे उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि बाइक सामने क्षतिग्रस्त हुई है। फोरलेन सड़क पर कट पाइंट नहीं होने के कारण सामने से किसी वाहन के आने की संभावना नहीं है। अनुमान है कि उसे किसी वाहन ने या तो पीछे से टक्कर मारी है या फिर वह खुद ही बाइक से गिरा है।

पर्व मनाने के बाद पति घर से निकला, देर रात लौटा तो पत्नी लगा चुकी थी फांसी

खजूरी सड़क में करवाचौथ के दिन पति पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा बोंदर में करवाचौथ की रात महिला ने फांसी लगा ली। दरअसल, उसने पति के साथ करवाचौथ मनाई थी। बाद में पति घर से निकल गया। वह देर रात करीब ढाई बजे घर पहुंचा था। घर पहुंचने पर उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा। पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देख वह घर से साड़ी लेकर गया था। इसके बाद गांव के पास जंगल में पेड़ पर फांसी लगा ली। पुलिस ने दोनों मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शिवानी अहिरवार (24) ग्राम बरखेड़ा बोंदर, खजूरी सड़क में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति सूरज (27) प्राइवेट काम करता है। शिवानी और सूरज की पांच साल पहले शादी हुई थी। दोनों की संतान नहीं है। गुरुवार को शिवानी ने करवाचौथ का व्रत रखा था। रात में उसने परिवार के साथ पूजा की। इस दौरान पति घर पर था और उसने पूजा का व्रत खुलवाया। रात करीब 11 बजे सूरज यह कहकर निकल गया कि दोस्त के पास जा रहा हूं। शिवानी ने उसे नहीं जाने का कहा था, लेकिन सूरज नहीं माना और वह चला गया।

पत्नी को फंदे पर देख घर से ले गया साड़ी पेड़ पर लगाई फांसी



आसपास बने मकान में रहता हैं परिवार

शिवानी और सूरज के घर के पास माता-पिता दादी और भाई रहते हैं। रात करीब ढाई बजे सूरज घर लौटा था। उसने शिवानी को दरवाजा खोलने आवाज दी, लेकिन शिवानी ने घर का दरवाजा नहीं खोला। बार बार आवाज देने के कारण परिजन भी बाहर निकल आए। उन्होंने भी शिवानी को आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अनहोनी की आशंका होने पर परिजन ने दरवाजा तोड़ा। इस दौरान अंदर शिवानी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देख सूरज कुछ ही देर बाद कमरे से साड़ी लेकर निकल गया। परिजन ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुका। वह गांव के पास लगे जंगल में पहुंचा और पेड़ पर फांसी लगा ली।

चरित्र संदेह का अनुमान

परिजन से प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि शिवानी सूरज पर संदेह करती थी। सूरज करवाचौथ की रात भी घर से रोकने के बाद चला गया। शिवानी को संदेह था कि सूरज किसी महिला के पास गया है। इससे नाराज होकर उसने यह कदम उठाया है।

नींद में पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला छह दिन बाद मौत, पति गंभीर

कोलार थाना क्षेत्र स्थित अब्बास नगर में छह दिन पहले 23 अक्टूबर शुक्रवार पति ने गहरी नींद में रही पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया था। करीब चेहरे और सिर पर उसने तीन वार किए थे। बाद में ब्लेड से खुद का भी गला रेत लिया। दोनों को गंभीर अवस्था में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां छह दिन बाद पत्नी ने इलाज के बाद दम तोड़ दिया। गले की कटने से पति की हालत भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी पति पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। अब हत्या की धाराएं बढ़ाई जा रही है। पुलिस के अनुसार अब्बास नगर निवासी 38 साल की किरण कनाचिया पति रमेश कनाचिया, घरों में काम करने जाती थी। गत 23 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े छह बजे बच्चों की नींद खुली तो उन्होंने मां को कमरे में खून से लतपथ पड़े देखा था। बाहर के कमरे में रमेश खून से लतपथ पड़ा था। बच्चों ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। पड़ोसी दंपती को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान 29 अक्टूबर की शाम इलाज के दौरान किरण की मौत हो गई।

पत्नी का पीछा करता था पति

किरण के परिजन ने बताया कि रमेश बेरोजगार था और शराब पीने के लिए पत्नी से पैसों की मांग करता था। वह पत्नी के चरित्र पर भी संदेह करता था और कई बार काम करने गई पत्नी का पीछा करता था। पुलिस की पड़ताल में यह बात सामने आई कि रमेश ने नींद में सो रही पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। बाद में खुद का गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी पति रमेश पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था।

विधायक पटवा व शर्मा ने चौहान की स्व. माताजी को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



शुक्रवार को विधायक सुरेंद्र पटवा के साथ जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पूज्य माताजी काशी बाई के निधन उपरांत शुक्रवार ग्राम जैत, जिला सीहोर पहुंचकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए एवं माताजी के चरणों में पुष्प अर्पित किए और शिवराज से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। तामोट में भी दुख व्यक्त किया



गया। तामोट से उनका गहरा संबंध था। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान रामपाल सिंह धीरेंद्र परसाई अरविंद जैन में नेन सिंह चौहान संजीव चौहान बाबूलाल चौहान रामकिशोर चौहान उत्तम नागर एवं राजेश चौहान ने श्रद्धांजलि अर्पित कर दुख व्यक्त किया।

दिनेश महासचिव, सुरेश सचिव व नरेंद्र कोषाध्यक्ष बने

व्यापारियों के हक के लिए व्यापारी महासंघ की कार्यकारिणी घोषित






हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर में व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी ने पदाधिकारियों एवं जिसमें दिनेश वाधवानी को महासचिव, सुरेश जसवानी सचिव, नरेन्द्र लालवानी कोषाध्यक्ष, नरेश तोलानी, नारायणदास तोलानी तथा अनमोल अग्रवाल उपाध्यक्ष होंगे। प्रकाश दादलानी सह सचिव, अमित राजानी सह कोषाध्यक्ष, किशन पमनानी आडीटर तथा दिलीप हिरोनी को विधि सलाहकार बनाया गया है।

81 कारोबारियों की कार्यकारिणी

81 कारोबारियों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है, जिसमें सुशील वासवानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, वासुदेव वाधवानी, राम बंसल रैनवाल, अशोक मारन, रमेश जनयानी, रामचंद मूलचंदानी, जवाहर मूलचंदानी बाबू भाई, मूलचंद वीधानी, सुरेश संभानी, किशन अछ्छानी, पुरूषोतम गिदवानी, नरेश केवलानी, विष्णु बंसल, संतोष रायचंदानी, मनोहर वीधानी, नंदलाल पंजवानी, आसनदास वाधवानी, त्रिलोक दीपानी, औम दरियानी, नरेश चोटरानी, रामकुमार पारदासानी, नरेश केवलरामानी, नारायणदास लालवानी, किशन आसूदानी खग्गू, बूलचंद सदारंगानी व मनीष गोपलानी शामिल हैं। अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी का कहना है कि व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ने के लिए इसमें सभी व्यापारियों का समय समय पर सहयोग लिया जाएगा।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को आजीवन कारावास

भोपाल। 12 वर्षीय नाबालिग सौतेली पुत्री के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सौतेले पिता को पास्को एक्ट की विशेष न्यायाधीश ने बीएनएस की धारा-65(1) ,पॉक्सो एक्ट की धारा-5(एल) / 6 तथा 5(एम) / 6 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 400 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उक्त प्रकरण में शासन द्वारा की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार पटेल एवं लक्ष्मी कसाव द्वारा अभियोजन की ओर से पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी द्वारा 26 जुलाई 2024 को अपनी माता के साथ पुलिस थाना बिलखिरिया भोपाल में रिपोर्ट लिखाई थी कि पिता की मृत्यु के बाद मां ने आरोपी से विवाह कर लिया था। उसकी मां उसे आरोपी के पास छोड़कर डॉक्टर को दिखाने गई थी, इसी का फायदा उठाकर उसके सौतेले पिता ने उसके साथ गलत काम किया। घटना के आधार पर पुलिस थाना बिलखिरिया भोपाल ने अभियुक्त सौतेले पिता के विरूद्ध के अपराध पंजीबद्ध किया था।

पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि की कामना की

भोजपुर नारी शक्ति प्रभातफेरी मंडल ने मनाया करवा चौथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल अध्यक्ष आरती यादव ने महिलाओं के साथ मिलकर करवा चौथ शिव मंदिर अर्जुन नगर में धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर कमलेश साहू, धनु, रेनू चौरसिया, उषा पदम चौहान, मोना बच्चन लोधी, कमल लोधी, राजकुमारी लोधी, ललिता लोधी, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर,



मालती प्रजापति, सावित्री बाई, रोशनी यादव, कविता यादव, विमल भगवती साहू ने कामना करते हुए पति की लंबी आयु की कामना की।

नपा उपाध्यक्ष नमिता ने मनाया करवा चौथ

देर रात नपा उपाध्यक्ष नमिता वागीश अग्रवाल ने प्रेम, करवा चौथ पर्व उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की और पति की दीर्घायु एवं सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी के जीवन में प्रेम, सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहे।



ऑनलाइन ठगी के मामले में राहत

साइबर फ्रॉड की आरोपी युवती को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फरियादी से अल्ट्राटेक सीमेंट विक्रय करने के नाम पर फरियादी से ऑनलाइन 2 लाख 74 हजार 961 रुपए की ठगी के मामले की आरोपी अनीता पाण्डेय निवासी गोरखपुर उत्तर प्रदेश की जमानत याचिका को अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने मंजूर कर उसे 25000 रुपए की जमानत और इतनी ही राशि के निजी मुचलके पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

आरोपी युवती की ओर से एडवोकेट खालिद हफीज, अनवर खान, संतोष साहू और कुलदीप मेवाड़ा ने पैरवी करते हुए उसे मामले में झूठा फंसाया जाना बताते हुए जमानत अर्जी मंजूर कर युवती को जेल से रिहा किए जाने की मांग की थी। अपर लोक अभियोजक ने मामले की गंभीरता, आरोपी युवती के बैंक खाते में ठगी के 2,74,961 रुपए जमा किया जाने व निकाले जाने के आधार पर जमानत अर्जी निरस्त किए जाने की मांग की थी।

भुगतान करने के बाद भी सीमेंट नहीं भेजी

फरियादी रंजीत सिंह कालरा ने थाना साइबर क्राइम में शिकायत की थी कि अल्ट्राटेक सीमेंट खरीदने के लिए गूगल से अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के फोन नंबर लेकर फोन करने पर आरोपी अभिषेक ने सीमेंट के अप्रूवल के लिए पैन कार्ड, जीएसटीआईएन व चेक की कॉपी मांगी। फरियादी ने वाट्सएप पर दस्तावेज भेज दिए। फरियादी द्वारा 2,74,961 रुपए का भुगतान करने के बाद भी उसे सीमेंट नहीं भेजी गई। थाना साइबर, हाईटेक अपराध ने आरोपी युवती समेत अभिषेक और चंदन गुप्ता तीनों निवासी गोरखपुर उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 11 अक्टूबर को आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी युवती तभी से भोपाल सेंट्रल जेल में बंद थी।

संत नगर में कांग्रेसियों ने की नारेबाजी

कांग्रेसियों ने हरदीप सिंह का पुतला दहन कर किया विरोध-प्रदर्शन



कांग्रेसियों ने पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भोपाल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हरदीप पुरी का पुतला जलाया गया। इसी तारतम्य में संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ में भी हरदीप पुरी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया है। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष अशोक मारन, सोनू तोमर, घनश्याम लालवानी, विष्णु मारन, जगदीश सावले, सुरेश सिंगरौली, राजकुमार धानुक, राजेश लोहड़, प्रकाश विधानी, अशोक गोकलानी, सुरेश वासवानी, ओमप्रकाश नामदेव, राजू बंसल व नरेन्द्र केवलानी मौजूद थे।

दोनों दिन कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे

कई धार्मिक आयोजन के साथ संत कंवरराम महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

अमर शहीद संत कंवरराम साहिब का 79वां वार्षिक महोत्सव साधु वासवानी स्कूल में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। मनवानी परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के दोनों दिन और रात्रि में कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम आयोजक मोहन मनवानी ने बताया कि आयोजन में उल्हासनगर की मोहनलाल एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कल शनिवार को भी कई धार्मिक आयोजन संपन्न होगें। संत कंवरराम साहिब की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।



संत कंवरराम महोत्सव

फर्जी रजिस्ट्री मामले को लेकर तीसरे दिन भी धरना जारी

भाजपा नेता वचन लोधी ने ओवरब्रिज पर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

फर्जी रजिस्ट्री मामले को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता वचन लोधी और उनके साथी तीसरे दिन शुक्रवार को भी धरने पर बैठे रहे। धरने के दौरान ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वास्थ्य योजना के तहत एक अनोखा संदेश देते हुए वचन लोधी और उनके साथियों ने औबेदुल्लागंज के रेलवे ओवरब्रिज पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता का संदेश देते हुए उन्होंने ओवरब्रिज पर की सफाई की।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है। इस सफाई अभियान में अनेक लोग मौजूद रहे और सभी ने स्वच्छता का संकल्प लिया। फर्जी रजिस्ट्री के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। अर्जुन नगर वार्ड 10 की 80 महिलाओं ने धरना दिया।

अर्जुन नगर की महिलाओं ने भी धरना प्रदर्शन किया



शासकीय जमीन घोटाले को हम उजागर करके रहेंगे: आरती

भाजपा नेत्री एल्डरमैन आरती यादव ने कहा कि औबेदुल्लागंज में शासकीय जमीन घोटाले को हम उजागर करके रहेंगे और बच्चन लोधी के साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पवित्र कौर सामाजिक कार्यकर्ता कमल नरेश मालवीय सुनील बाल्मीकि बंटी जोशी दिनेश दांडगे कमलेश लोधी भाजपा नेता बब्ने सिंह परमार धरने पर बैठे। लोधी ने कहा कि जब तक भूमि घोटाले में अपराधी उजागर नहीं होते, तब तक मैं अनिश्चितकालीन धरने पर बैठा रहूंगा।



फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी से चूके जोकोविच



स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट : जर्मन खिलाड़ी स्ट्रफ से हारे नोवाक

एजेंसी ▶▶| बासेल

नोवाक जोकोविच ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में हारने के कारण स्विट्जरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर के करियर के 103 खिताब की बराबरी करने का मौका गंवा दिया। जोकोविच के पास फेडरर के गृहनगर बासेल में यह उपलब्धि हासिल करने का मौका था लेकिन वह विश्व में 47वें नंबर के जर्मन खिलाड़ी जान-लेनार्ड स्ट्रफ से 6-7 (4), 7-5, 7-6 (5) से हार गए।

रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन जोकोविच ने इस महीने बीजिंग में अपना 102वां टूर खिताब जीता था। एटीपी टूर में सर्वाधिक 109 खिताब जीतने का रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम पर है। उनके बाद फेडरर और जोकोविच का नंबर आता है।

शेल्टन नहीं जीत पाएंगे आठवां खिताब

शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन भी अपना आठवां करियर खिताब नहीं जीत पाएंगे। उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले विश्व में 222वीं रैंकिंग के स्विस खिलाड़ी जेरोम किम से 6-3, 6-7 (4), 7-6 (1) से हार का सामना करना पड़ा। किम का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा, जिन्होंने डेनियल अल्टमायर को 7-5, 6-4 से हराया। इससे पहले दूसरी वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को एक कड़े मुकाबले में 4-6, 6-3, 7-6 (5) से पराजित किया। क्वार्टरफाइनल में फिल्स का सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी छठी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने डेनिस शापोवालोव पर 6-4, 6-3 से आसान जीत दर्ज की।



नंबर वन ताज पर ज़्वेरेव का कब्जा

एजेंसी ▶▶| वियना

पिछले कुछ समय से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अलेक्जेंडर ज़्वेरेव आखिरकार सोमवार को दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। सोमवार को जब नई टेनिस रैंकिंग जारी होगी तो 29 वर्षीय ज्वेरेव नंबर एक पर काबिज होंगे। उन्होंने एर्स्टे बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपने लिए नंबर एक रैंकिंग सुनिश्चित की। उन्होंने टैलन ग्रीक्सपोर को 6-4, 7-5 से हराया।

शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत : ज्वेरेव

इस साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन जीतने वाले ज्वेरेव ने कहा, 'दुनिया के शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत है। यह किसी टूर्नामेंट या खिताब को जीतने से अलग है, लेकिन यह जानकर बहुत खास अहसास होता है कि जब नई रैंकिंग जारी होगी तो आपका नाम नंबर एक पर लिखा होगा।'

सिनर की लेंगे जगह

इस टूर्नामेंट में आगे के परिणाम कुछ भी रहें ज्वेरेव यानिक सिनर की जगह रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएंगे ज्वेरेव नंबर एक पर पहुंचने वाले 30वें पुरुष खिलाड़ी और 1974 में 30 वर्षीय जॉन न्यूकोम्ब के बाद शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। एटीपी रैंकिंग की शुरुआत इससे एक साल पहले ही हुई थी।

चौथे टी20 में न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रन से हराया

न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा स्कोर

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक और तेज गेंदबाज जैकब डफी की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चौथे मुकाबले में शुक्रवार को भारत को 87 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम शुरुआती तीन मुकाबले जीतकर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में हार का अंतर 1-3 कर दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को 7 विकेट पर 259 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इसके जवाब में भारतीय टीम अतिरिक्त उछाल वाली पिच पर 9 विकेट पर 172 रन ही बना सकी।

फिलिप्स का तूफानी शतक और डफी की घातक गेंदबाजी



फिलिप्स ने बनाए 49 गेंदों में 107 रन

फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए केवल 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजी की कलई खोल दी। टिम सीफर्ट और डेरिल मिचेल को तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद फिलिप्स और फिन एलन ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर पारी को संभाला। फिलिप्स और ब्रेसवेल ने पारी का रुख बदल दिया। फिलिप्स ने प्रिंस यादव के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में एक छक्का और तीन चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी को भी निशाने पर लिया।

ब्रेसवेल ने 18 गेंदों में किया अर्धशतक पूरा

ब्रेसवेल भी दूसरे छोर से भारतीय गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के एक ओवर में लगातार तीन चौके और एक छक्का जड़ा। ब्रेसवेल ने महज 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत की ओर से मयंक यादव सबसे प्रभावशाली गेंदबाज रहे। उन्होंने 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को परेशान किया।

शांत रहा ईशान और सैमसन का बल्ला

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत की दरकार थी, लेकिन तेज गेंदबाज डफी ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन (चार) और ईशान किशन (शून्य) को आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत ने पहले ओवर के बाद दो विकेट पर महज चार रन बनाए थे। इस शुरुआती झटके से टीम अंत तक नहीं उबर सकी। भारत की ओर से तीसरे विकेट के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (22) और अभिषेक शर्मा (27) के बीच 46 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही। यह भारतीय बल्लेबाजी की नाकामी को बयां करने के लिए काफी थी। आमतौर पर आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले अभिषेक इस बार लय में नहीं दिखे। वह मैथ्यू फिशर की गेंद पर कवर में मिचेल सैंटनर को कैच थमा बैठे। अय्यर ने एडम मिल्ने की गेंद पर जगह बनाकर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन 143 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद उनके बल्ले को छकाती हुई सीधे स्टंप पर जा लगी। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिए।

अन्वय द्रविड़-आर्यवीर सहवाग अंडर 19 भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ियों राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेटे अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग को अंडर-19 एशिया कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारतीय टीम में शामिल किया गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पुरुष अंडर-19 एशिया कप का आयोजन वनडे प्रारुप में 5 से 14 नवंबर तक ओमान की राजधानी मस्कट में किया जाएगा। कर्नाटक के अन्वय और दिल्ली के आर्यवीर ने हाल ही में संपन्न वीनू मांकड़ ट्रॉफी में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। 17 साल के अन्वय ने इस महीने की शुरुआत में अंडर-19 प्रतियोगिता में गुजरात के खिलाफ महज 100 गेंदों पर 151 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। उनकी इस पारी की बदौलत कर्नाटक ने 300 से अधिक रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। उन्नीस वर्षीय आर्यवीर सहवाग ने भी वीनू मांकड़ ट्रॉफी में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विजयनगरम में चंडीगढ़ के खिलाफ 143 गेंदों पर 173 रन की तूफानी पारी खेली थी।



लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी

लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है तो वहीं यशवर्धन सिंह चौहान उपकप्तान होंगे। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ रखा गया है। ग्रुप-बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

हांगकांग सिक्सेस : पाक से हारी टीम इंडिया

कोवलून। भारत को हांगकांग इंटरनेशनल सिक्सेस के मैच में पाकिस्तान ने 4 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर भारत 6 ओवर में 5 विकेट पर 88 रन ही बना सका। शशांक सिंह ने 11 गेंद में 40 रन बनाए।

वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं मनीषा

एजेंसी ▶▶| अस्ताना

मनीषा भानवाला ने विश्व चैंपियनशिप के महिला 59 किग्रा वर्ग के फाइनल में अमेरिका की अबीगैल नेट्टे को 8-6 से हराकर भारतीय कुश्ती में महिला विश्व चैंपियन का इंतजार खत्म कर दिया।



वह मुकाबले में एक समय छह अंक से पिछड़ रही थीं, लेकिन शानदार वापसी करते हुए उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम कर इतिहास रच दिया। मनीषा विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई हैं। उन्नतीस वर्षीय मनीषा की इस जीत के साथ भारतीय कुश्ती का विश्व चैंपियन बनने का लंबा इंतजार खत्म हो गया। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय महिला टीम के लिए भी विश्व चैंपियनशिप के इस संस्करण को ऐतिहासिक बना दिया। पहली बार एक ही विश्व चैंपियनशिप में भारत की तीन महिला पहलवानों ने स्वर्ण पदक के मुकाबलों में जगह बनाई। नीलम सिरोही (50 किग्रा) और काजल धोचक (76 किग्रा) को गुरुवार को अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। हालांकि, मनीषा ने स्वर्ण पदक जीतकर यह सुनिश्चित किया कि भारतीय टीम इस प्रतियोगिता से बिना किसी स्वर्ण के नहीं लौटेगी।

सीरीज पर कब्जा जमाने आज उतरेगी भारत 'ए' टीम

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी से भारत ए को मजबूती मिली है और वह शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट में न्यूजीलैंड ए को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय खिलाड़ियों को चार दिवसीय मैच से तैयार होने में मदद मिलेगी।

शानदार फार्म में पडिक्कल

पडिक्कल निस्संदेह अब तक भारत ए के लिए सबसे सकारात्मक पहलू रहे हैं, जिन्होंने पहले मैच में शतक बनाकर टीम को वापसी दिलाई थी। भारत ए की टीम पहली पारी में 39.3 ओवर में केवल 113 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद बाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज पडिक्कल ने शानदार 199 रन बनाकर टीम को दूसरी पारी में 516 रन तक पहुंचाने में मदद की और न्यूजीलैंड ए के सामने 313 रन का लक्ष्य रखा। उन्होंने अपनी स्पिन गेंदबाजी से दो विकेट भी लिए।



पैन पैसिफिक ओपन

गर्दन की चोट के कारण हटीं एलेना रिबाकिना



एजेंसी ▶▶| टोकियो

दुनिया की नंबर 1 एलेना रिबाकिना का पैन पैसिफिक ओपन में अभियान शुक्रवार को समय से पहले समाप्त हो गया। कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी ने गर्दन की चोट के कारण डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस वजह से कनाडा की लेयला फर्नांडीज सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रिबाकिना ने गर्दन में सूजन और दर्द को नाम वापस लेने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि इस समस्या ने उनके बेस्ट परफॉर्म करने की क्षमता पर असर डाला था। रिबाकिना ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे अपने अगले मैच से हटना पड़ा है। बदकिस्मती से, मेरी गर्दन में सूजन और दर्द हो रहा है, जिससे मैं अपना बेस्ट नहीं दे पा रही हूं।

कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी

Phone No. 07692-350003 e-mail: fdpennp.sni@mp.gov.in, url: ww.penchtiger.org

क्रमांक / स्टोर 5210 — खंड - 1 — सिवनी, दिनांक 27/10/26

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन
ई- निविदा आमंत्रण सूचना संख्या E-13

पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में म.प्र भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

S.no.	Tyre Size	Vehicle Name	Tubless and with tube	Estimated Quantity
1.	255/60R18/108H	Scorpio N	Tubeless	10 Nos
2.	235/65R17	Scorpio	Tubeless	10 Nos
3.	215/75/R15	Bolero Neo	Tubeless	10 Nos
4.	235/75/R15	Bolero Camper	With Tube	45 Nos
5.	Front Tyres: 9.5 x 24 Rear Tyres: 16.9 x 28-12PR143A6	Mahindra Tractor	With Tube	02 Nos 02 Nos
6	235/70 R16	Tata Xenon	With Tube	10 Nos
7	195-R-15-LT	Zypsy	With Tube	05 Nos
8	7.00-R-15-LT	Force	With Tube	10 Nos
9	245/75 R16	Mahindra Thar	With Tube	05 Nos
10	155 R 13 LT	Mahindra Maximo	With Tube	05 Nos
11	Front 10.00/20, Rear 10.00/20	Truck	With Tube	35 Nos
12	7.50 16 16 PR	Mini Bus	With Tube	07 Nos
13	Front Tyres: 8.00 x 16 Rear Tyres: 12.4 x 28	Sonalika Tractor	With Tube	02 Nos 02 Nos
14	Front Tyres: 8.3-20 Center Tyres: 14.9-28	Sonalika Tractor	With Tube	02 Nos 02 Nos
15	Front Tyres: 2.75-18, Rear Tyres: 3.00-18	Super Splendor	With Tube	30 Nos
16	Front Tyres: 80/100-18, Rear Tyres: 100/80-18	Honda SP Shine	With Tube	24 Nos
17	Front Tyres: 2.75-17, Rear Tyres: 3.00-17	Bajaj Discover	With Tube	10 Nos

Note:- The quantity of the above materials is estimated and may be increased or decreased as required.
नोटः- कार्य की मात्रा अनुमानित है जो आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है तथा ई निविदा में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि कोई हो तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगी, विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकेगी।

Publishing of Tender Date & Time	29/10/2026 TIME 10.00 AM
Bid Submission Start Date & time	30/10/26 TIME 10.00 AM
Bid Submission closing Date & time	10/11/26 TIME 05.00 PM
Bid Opening Date & time	12/11/26 TIME 12.00 PM

उप संजालक
पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी (म.प्र.)

G-20786/26 — " स्वच्छता ही सेवा "

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल, प्लाट
P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव,
हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot
P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

{ कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में }

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1721 — दिनांकः 21/10/2026

// संदर्भ //

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (43) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

S.no	Work Item	CIN	Hindi Name
1	AC6070005	U74999MP2022PTC060638	ग्रोसर्ट क्वालिटी प्राइवेट लिमिटेड
2	AC5295141	U51909MP2020PTC051929	एल्गोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड
3	AC6056552	U43900MP2025PTC075020	भ्रामकृत रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड
4	AC6085603	U80100MP2023PTC064819	जयकीर्ति सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड
5	AC6059983	U45309MP2021PTC058804	आरआरएच इन्फ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड
6	AC6050961	U55101MP2025PTC076660	एसपीएनटी होटल्स एंड रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड
7	AC6053791	U10710MP2024PTC071009	अशातीत इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
8	AC6056144	U74999MP2016PTC041746	रणजीत सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
9	AC6054679	U32109MP2021OPC056088	आरडीओ एंटरप्राइजेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
10	AC6056313	U10612MP2025PTC078628	अक्षत पैरबॉयलिंग इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
11	AC6010440	U74900MP2023PTC068683	बीबीसी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड
12	AC6018451	U38300MP2026OPC082473	लिथियोसाइकिल टेक्नोलॉजीज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
13	AC6018396	U13100MP1999PTC013890	बिमला माइनिंग्स प्राइवेट लिमिटेड
14	AC5989384	U78100MP2024PTC069488	यूनाइटेड टैलेंट कनेक्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
15	AC6018063	U47912MP2023PTC065822	गजारे ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड
16	AC6053063	U14290MP2023PTC064453	प्रणु माइन्स एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड
17	AC5836557	U55209MP2017PTC043339	डिवाइन पैराडाइज प्राइवेट लिमिटेड
18	AC5853144	U15140MP2022PTC061773	सेंसनेचुरल प्राइवेट लिमिटेड
19	AC5842938	U04520MP2005PTC017558	शुभम मंगलम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
20	AC6067996	U47211MP2024PTC070542	अर्थलीएसेंस एडिबल्स प्राइवेट लिमिटेड
21	AC5830958	U80903MP2020PTC050628	जीसेंट्रिक अकादमी प्राइवेट लिमिटेड
22	AC5795855	U51900MP2015PTC034242	कुवम एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड
23	AC5798822	U74999MP2017PTC044175	शत्रुंजय रिटेल्स प्राइवेट लिमिटेड
24	AC5749779	U46411MP2023PTC066725	गजकर्णक ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड
25	AC5614306	U72200MP2023PTC064320	जेएमआर पेमेंट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
26	AC5670093	U01100MP2010PTC024985	हेक्स एग्रो प्राइवेट लिमिटेड
27	AC6081350	U01403MP2014PTC033476	वक्रतुण्ड पिंगाक्षं एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड
28	AC6065055	U74900MP2014OPC033058	कम्यूनिस मार्केटिंग एंड प्रमोशंस प्राइवेट लिमिटेड (ओपीसी)
29	AC6084677	U70200MP2023PTC065186	बोधिसूत्र कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
30	AC6051187	U45201MP2010PTC024244	स्काई कॉलोनाइजर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
31	AC6055355	U80901MP2022OPC059122	हरिहर अकादमी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
32	AC6046128	U45200MP2013PTC029912	हनी इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
33	AC6039354	U72900MP2016PTC040668	एजिलिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड
34	AC5858218	U35200MP2025PTC076222	राय रिन्यूएबल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
35	AC5582884	U10801MP2023PTC068437	हाकेनक्रॉइज एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड
36	AC5957656	U74140MP2014PTC032966	सत्यम शिवम सुंदरम ह्यूमन रिसोर्स प्रोवाइडर्स प्राइवेट लिमिटेड
37	AC5960018	U85300MP2022PTC059507	इम्पैक्टस्टर प्राइवेट लिमिटेड
38	AC5883757	U41001MP2025PTC074685	ओलीग्रीन बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड
39	AC5957408	U74999MP2017PTC042849	नैना हाइजीन एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड
40	AC5714306	U17299MP2021PTC057822	पूजादेव टेक्सटाइल मिल्स प्राइवेट लिमिटेड
41	AC5677726	U72900MP2021PTC058828	सोशियोजेन एनालिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड
42	AC5586857	U15400MP2022PTC060010	श्रीगिरिराज एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड
43	AC5952115	U46695MP2024PTC073541	टेक्सटाइल एक्सिस प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे है या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है. पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0740/2627



इशिका चौधरी-जय मीणा को मप्र खेल रत्न, खुशी दभाड़े स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द ईयर

हरिभूमि के सीनियर खेल पत्रकार प्रवीण सक्सेना समेत 35 खेल प्रतिभाएं 31वें एनएसटी-एचएमजी स्पोर्ट्स अवॉर्ड से सम्माानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

31वें नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स एचएमजी स्पोर्टस अवार्ड 2026 से शुक्रवार को हरिभूमि के सीनियर खेल पत्रकार समेत देश प्रदेश की कुल 35 खेल हस्तियों को अलग-अलग खेल विधाओं में सम्मानित किया गया। यह खेल समारोह जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी (जेएलयू) के नए सभागृह में आयोजित किया गया.।

समारोह के मुख्य अतिथि जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर एवं एचएमजी स्पोर्ट्स के ऑनर अभिषेक मोहन गुप्ता और पद्मश्री पेरा तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया थे। इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जेपी यादव, अंतरराष्ट्रीय स्नूकर खिलाड़ी कमल चावला, मप्र क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बृजेश तोमर, द्रोणाचार्य अवार्ड महासिंह राव, जेअलयू के उप कुलपति डॉ विवेक खरे, मुमताज खान (चेयरमैन, वेस्ट जोन एथलेटिक्स फेडरेशन) मंच पर मौजूद थे।

इन्हें किया गया इन श्रेणियों में सम्मानित

लाइफटाइम अवॉर्ड

महासिंह राव (द्रोणाचार्य अवार्डी कुश्ती)

श्रेष्ठ कोच अवार्ड

वंदना उइके (हॉकी,), इंद्रजीत सिकदर (शूटिंग), संदीप सिंह (एथलेटिक्स), संजय थवाइत (कराते), गणेश राम सागर (ताइक्वांडो), गीतिका पंत (जूडो)

स्पेशल खेल अवार्ड

प्रमोद दीक्षित (टेनिस), महावीर सिंह आर्य (क्रिकेट), सुश्री चौधरी एवं स्व. सुप्रियो चौधरी (तैराकी), माखन सिंह राजपूत (दिव्यांग क्रिकेटर), तोषराम कनोजे (किक बॉक्सिंग, कराते, वूशु)

खेल प्रमोटर्स अवार्ड

प्रवीन कुमार सोनी (क्रिकेट प्रशासक/कमेंटेटर), डॉ. हर्षवर्धन दवे (फिजिकल एजुकेशन), प्रशांत सिंह रघुवंशी (कयाकिंग कैनोइंग), प्रकाश यादव (बॉडी बिल्डिंग व पॉवरलिटिंग), बीरेंद्र कुमार सिंह (खेल अधिकारी)

खेल संस्थान अवार्ड

अरविंदो स्कूल

क्लब अवार्ड

एमटीएफसी (हॉकी क्लब)

इन खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से कुश्ती कोच महासिंह राव को सम्मानित करते अतिथि।

- **मध्य प्रदेश खेल रत्न :** इशिका चौधरी (हॉकी), जय मीणा (सॉफ्ट टेनिस)
- **स्पोर्ट्स वुमन ऑफ़ द ईयर अवार्ड:** खुशी दाभाड़े (तलवारबाजी)
- **श्रेष्ठ खिलाड़ी अवार्ड:** जतिन भाटी-शूटिंग, राहिला फिरदौस-क्रिकेट, शुभम गुप्ता-रोलर स्केटिंग, प्रेरणा लोखंडे-थ्रो बाल, अनुष्का भगत- राष्ट्रीय तैराकी (बिलासपुर)
- **श्रेष्ठ प्रतिभा अवार्ड :** दुर्विषा पवार (ट्रॉयथलान), दिविना धुपर (टेनिस), युगप्रताप सिंह (शूटिंग), वरिधि दुबे (बॉक्सिंग), उजेर खान (स्नूकर-बिलियड्र्स), शोभा सरयाम (राष्ट्रीय थ्रोबॉल)

बाल भारती निशातपुरा में 'बीबीपीएस हूप फेस्ट 3 ऑन 3 बास्केटबॉल कप' का शुभारंभ



भोपाल। बाल भारती पब्लिक स्कूल (बीबीपीएस), निशातपुरा में शुक्रवार को दो दिवसीय अंतर-विद्यालयीन प्रतियोगिता 'बीबीपीएस हूप फेस्ट 3 ऑन 3 इंटरस्कूल बास्केटबॉल कप' का शुभारंभ हुआ। इस दो दिनी प्रतियोगिता में भोपाल, सीहोर और संदलपुर के प्रतिष्ठित विद्यालयों की कुल 46 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुजफ्फर सिंह (चेयरमैन, तकनीकी समिति, मप्र स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन एवं वरिष्ठ कोच) ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह एवं मधुलता सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। आयोजन को सफल बनाने में खेल शिक्षक नवीन प्रसाद, सहयोगी टीम, शिक्षकों एवं सभी कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। प्रतियोगिता के पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार ड्रिब्लिंग, तेज गति और सटीक शूटिंग का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। टूर्नामेंट का समापन 31 अक्टूबर को सेमीफाइनल, फाइनल मुकाबलों एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

सेंट थॉमस कप फुटबॉल एवं बास्केटबॉल टूर्नामेंट–2026

बास्केटबॉल में सेंट थॉमस तो फुटबॉल में एसपीएस व जवाहर स्कूल ने जीती ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सेंट थॉमस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अयोध्या नगर में आयोजित सेंट थॉमस कप फुटबॉल एवं बास्केटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले 30 अक्टूबर को खेले गए। बास्केटबॉल अंडर-19 बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला सेंट थॉमस स्कूल और सेंट मोंटफोर्ट स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें सेंट थॉमस स्कूल ने 42-21 से शानदार जीत दर्ज की। वहीं, फुटबॉल बालक वर्ग अंडर-12 का फाइनल सेंट थॉमस स्कूल और एस.पी.एस. साकेत नगर के बीच खेला गया। दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में एस.पी.एस. साकेत नगर ने 5-4 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

फुटबॉल बालक वर्ग अंडर-19 का फाइनल मुकाबला सेंट थॉमस स्कूल और जवाहरलाल नेहरू स्कूल के बीच खेला गया। यह मुकाबला भी 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। पेनल्टी शूटआउट में जवाहरलाल नेहरू स्कूल ने 4-3 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रेवरेंड फादर डैंस राज उपस्थित रहे। उन्होंने बास्केटबॉल प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी सेंट थॉमस स्कूल तथा उपविजेता ट्रॉफी सेंट मोंटफोर्ट स्कूल को प्रदान की ।

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रणीत तो आदित्य सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर



फुटबॉल बालक वर्ग अंडर-12 में विजेता ट्रॉफी एस.पी.एस. साकेत नगर तथा उपविजेता ट्रॉफी सेंट थॉमस स्कूल को प्रदान की गई।

इस वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार एस.पी.एस. साकेत नगर के प्रणीत तथा सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार सेंट थॉमस स्कूल के आदित्य थाप्पा को दिया गया। फुटबॉल बालक वर्ग अंडर-19 में विजेता ट्रॉफी जवाहरलाल नेहरू स्कूल तथा उपविजेता ट्रॉफी सेंट थॉमस स्कूल को प्रदान की गई। इस वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जवाहरलाल नेहरू स्कूल के अब्बास तथा सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार सेंट थॉमस स्कूल के भावेश को प्रदान किया गया।

बास्केटबॉल में सेंट थॉमस की श्रीया, सर्वश्रेष्ठ शूटर का खिताब

बास्केटबॉल टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब सेंट थॉमस स्कूल की श्रीया को तथा सर्वश्रेष्ठ शूटर का खिताब सेंट मोंटफोर्ट स्कूल की रितिका को प्रदान किया गया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930